जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11 खेल



**प्रज्ञानंद ने कार्लसन को हराया, फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में संयुक्त बढ़त बनाई**

Page 09 देश



**ऑल इंडिया अन्ना द्रविड मुनेत्र कषगम, हम करेंगे नेतृत्व और मैं बनूंगा मुख्यमंत्री : पलानीस्वामी**

कृष्ण पक्ष, अश्विनी, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 18 जुलाई 2025 • वर्ष 27 • अंक 217 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 99,330 | ₹ 1,14,000 |



## आज का इतिहास

**2005 :** भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू। बुश ने भारत-संयुक्त राज्य नागरिक परमाणु समझौते की घोषणा की, जो कि उनके दो देशों के बीच असैन्य परमाणु सहयोग पर एकतरफा संधि थी।

**2012 :** भारत के पहले सुपर स्टार राजेश खन्ना का निधन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### नेशनल गेम्स 2027 के लिए बिहार के खिलाड़ी होंगे तैयार

**पटना (नि.सं.)** । नेशनल गेम्स 2027 के लिए बिहार ने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है। बिहार के खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा मेडल जीत सके इसके लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (बीएसएसए) ने बिहार के भी खेल संघों से अपने-अपने खेलों में राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पहले जिला स्तर पर प्रतियोगिता कराने को कहा है। ताकि नेशनल गेम्स से एक महीना पहले उन खिलाड़ियों को स्पेशल कैंप में ट्रेनिंग दी जा सके। इस निर्णय के अन्तर्गत 24 ऐसे खेल हैं, जो एशियन गेम्स कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलंपिक में मान्य हैं। इसमें एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, वालीबॉल, बास्केटबॉल, चेस, साइक्लिंग, तलवारबाजी, फुटबॉल, कबड्डी, रग्बी, सेपक टाकरा, शूटिंग, कुश्ती, लॉन बॉल, पारा एथलेटिक्स, जूडो, योग, बॉक्सिंग, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन, मॉडर्न पेंटाथलॉन और टेबल टेनिस में खिलाड़ियों के सिलेक्शन ट्रायल के बाद ट्रेनिंग दी जाएगी।

फ्री बिजली की स्कीम बिहार तक पहुंची, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ऐलान

# बिहार में 125 यूनिट मिलेगी फ्री बिजली

• एक अगस्त 2025 से मिलेगा फायदा

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार के लोगों को 125 यूनिट बिजली मुफ्त में मिलेगी। साथ ही अगले तीन वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा का भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक्स पर इसका ऐलान किया।

सीएम ने बताया कि हम लोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि एक अगस्त, 2025 से, यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल एक करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।

कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी, बाकी के लिए भी सरकार उचित सहयोग करेगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली का 125 यूनिट तक कोई खर्च नहीं लगेगा, साथ ही साथ राज्य में अगले तीन वर्षों में एक अनुमान के अनुसार 10 हजार मेगावाट तक सौर ऊर्जा उपलब्ध हो जाएगी।

### क्या एक यूनिट ज्यादा होते ही देना होगा पूरा बिल?

सरकार ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि 126 यूनिट इस्तेमाल करने पर पूरा बिल देना होगा या सिर्फ एक्स्ट्रा यूनिट का ही पैसा देना पड़ेगा। लेकिन माना जा रहा है कि 125 यूनिट तक बिजली फ्री रहेगी और उसके बाद की यूनिट पर सामान्य दर से बिल लगेगा।



» बिहार सरकार की कैबिनेट की बैठक आज होगी। यह बैठक शाम 5 बजे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। एक सप्ताह के अंदर यह दूसरी कैबिनेट मीटिंग होगी। बैठक के बाद शाम 6 बजे प्रेस ब्रीफिंग भी की जाएगी, जिसमें लिए गए फैसलों की जानकारी दी जाएगी। बताया जा रहा है कि आज की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा होगी और कई बड़े फैसलों को मंजूरी दी जा सकती है। सरकार के इस निर्णय से बीएलओ और सुपरवाइजरों को राहत मिलेगी। वहीं, रोजगार पर लिए गए फैसले को आगामी विधानसभा चुनावों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। अब कल की बैठक में सरकार और कौन-कौन से फैसले लेती है, इस पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी।

### गरीब और मिडिल क्लास के लिए स्वर्णिम दिन : सम्राट चौधरी

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने नई बिजली सब्सिडी योजना पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की घोषणा पर खुशी जाहिर करते हुए इसे गरीब और मिडिल क्लास के लिए एक 'स्वर्णिम दिन' करार दिया है।

इस योजना का लाभ 1 करोड़ 82 लाख ग्राहको को मिलेगा, जिनमें से 1 करोड़ 67 लाख ऐसे ग्राहक हैं जो हर महीने 125 यूनिट से कम बिजली की खपत करते हैं। ऐसे लोगों को अब 100% बिजली अनुदान मिलेगा यानी उन्हें बिजली बिल नहीं देना होगा। आगे उन्होंने कहा कि 125 यूनिट मुफ्त



बिजली योजना से सबसे ज्यादा लाभ गरीब, मजदूर, किसान और लोअर मिडिल क्लास परिवारों को मिलेगा। यह उनके लिए एक ऐतिहासिक और स्वर्णिम दिन है। सम्राट चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार अगले तीन वर्षों में 10,000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य लेकर चल रही है। इसके तहत जो भी उपभोक्ता सोलर एनर्जी सिस्टम लगवाएंगे, उन्हें सरकार सब्सिडी देगी। यह योजना केंद्र सरकार की 'पीएम सूर्य घर योजना' के तहत चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी सिस्टम एक बार लगाने के बाद अगले 25 वर्षों तक लोगों को मुफ्त बिजली मिलेगी। इससे न केवल बिजली बचत होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव पर भी निशाना साधा। कहा कि तेजस्वी को तो अभी तक गठबंधन का घोषणा पत्र भी नहीं पता। वह तो केवल हल्दी घोंट रहे हैं।

पटना के पारस अस्पताल में अपराधियों का तांडव

# अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या

• जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को दोपहर में पांच अपराधी एक गाड़ी से अस्पताल पहुंचे। वे सीधे अस्पताल के कमरे तक पहुंचे और चंदन मिश्रा को गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।




**निज संवाददाता | पटना**

पटना के पारस अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की गुरुवार को फिल्मी स्टाइल में हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें 5 अपराधी दिखाई दे रहे हैं। 4 लोगों ने टोपी लगा रखी है। एक बिना टोपी का है।

किसी ने भी अपना चेहरा नहीं ढंका है। देखने में सभी की उम्र 35 से 40 के बीच लग रही है। चंदन मिश्रा के वॉर्ड में घुसने से पहले पांचों ने कमर से पिस्टल निकाल ली। पिस्टल की नॉट चढ़ाई। इसके बाद आराम से दरवाजा खोलकर वॉर्ड में दाखिल हो गए। 30 सेकेंड बाद सभी अपराधी गैंगस्टर को गोली मारकर एक-एक कर बाहर निकले। सभी ने अपनी कमर में पिस्टल खोंसी और भाग निकले। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही शास्त्री नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

### 15 दिनों की पैरोल पर आया था बाहर

चंदन मिश्रा 15 दिनों के लिए पैरोल पर बाहर आया था। 18 जुलाई को उसकी पैरोल खत्म हो रही थी। उसे पटना के बेऊर जेल लौटना था। इस बीच तबीयत खराब होने के बाद वह पटना के पारस अस्पताल में अपना इलाज कर रहा था। चंदन हॉस्पिटल के बेड नंबर 209 पर लेटा था। जिस वक्त गोली मारी गई, वो सो रहा था। बुधवार को ही डिस्चार्ज होने वाला था। लेकिन किसी कारण से नहीं हो पाया। चंदन मिश्रा को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। पिछले 12 सालों से वह जेल में बंद था। वो बक्सर जेल से भागलपुर और भागलपुर से फिर पटना के बेऊर जेल में सजा काट रहा था।

### आईजीने कहा-गैंगवार का मामला प्रतीत होता है

आईजी जितेंद्र राणा ने बताया, चंदन मिश्रा बेहद दुर्दांत अपराधी था और उसके खिलाफ दर्जनों संगीन मामले, विशेष रूप से हत्याएं दर्ज थीं। चंदन गैंग नाम से उसका एक आपराधिक गिरोह सक्रिय था। संभावना है कि उसकी हत्या उसी गैंगवार का नतीजा हो।

### गैंगस्टर चंदन के शूटर की हुई पहचान

चंदन मिश्रा की हत्या हुई है। इस मामले में शूटर का खुलासा हो गया है।



» चंदन मिश्रा बक्सर का रहने वाला था। वो बड़ा गैंगस्टर था। पुलिस के अनुसार उसके ऊपर 10 से ज्यादा हत्या के आरोप हैं। लूट और अपहरण कर फिरौती, धमकाकर उगाही करना उसका क्राइम पैटर्न था। वो कई शहरों में ऐलान कर मर्डर कर चुका था। बक्सर के ही प्रसिद्ध चूना व्यवसायी को उसने दिनदहाड़े ऐलान कर के मारा था। रंगदारी ना देने पर ऐलान किया था 'कल मारेंगे'। उसके बाद व्यवसायी की हत्या कर दी गई थी। इस मर्डर में उसका दोस्त शेरू भी शामिल था। बाद में कुछ पैसों और अन्य मामलों को लेकर दोनों में विवाद हो गया। दोनों अलग-अलग हो गए थे। बाद में शेरू ने अपना गैंग बना लिया था। आरा तनिष्क लूट कांड में शेरू गैंग का नाम आया था। फिलहाल पुलिस का ये मानना है कि शेरू गैंग ने ही चंदन मिश्रा की हत्या को अंजाम दिया है।

# कंटेनर ने चार लोग को रौंदा, नाबालिग समेत तीन की मौत



**निज संवाददाता | कोडरमा (झारखंड)**

रांची-पटना मुख्य मार्ग पर गुरुवार शाम कोडरमा घाटी के नौवां माइल स्थित बंदरचुआं मोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में नाबालिग समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा उस वक्त हुआ, जब चार लोग ताराघाटी की ओर जा रहे थे। दो लोग बाइक पर सवार थे, जबकि दो अन्य पैदल चल रहे थे। इसी दौरान एक बेकाबू कंटेनर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार कंटेनर ने पहले बाइक सवारों को टक्कर मारी और फिर पास ही पैदल चल रहे दो अन्य लोगों को भी रौंद डाला। इस दुर्घटना में 13 वर्षीय अमित कुमार (मेघातरी, कोडरमा) और 18 वर्षीय मोहित कुमार (काली मंडा, कोडरमा) की मौके पर ही मौत हो गई।

## डूबने से तीन बच्चों की हुई मौत

**निज संवाददाता | खगड़िया**

बिहार के खगड़िया जिले में गुरुवार को दो अलग-अलग हादसों में तीन मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। पहली घटना बेलदौर थाना क्षेत्र के पीनगरा गांव की है, जहां स्कूल से लौटते वक्त नहाने के दौरान तालाब में डूबकर दो बच्चों की जान चली गई। वहीं दूसरी घटना भरतखंड थाना क्षेत्र में हुई, जहां एक बच्ची खेलते-खेलते पानी से भरे गड्ढे में गिर गई और उसकी भी मौत हो गई। दोनों घटनाओं ने इलाके में कोहराम मचा दिया है। पीनगरा गांव के रहने वाले ऋषव कुमार और राजकुमार, जो स्थानीय सरकारी स्कूल में पढ़ते थे, स्कूल से लौटते वक्त तालाब के किनारे रुके। गर्मी से राहत पाने के लिए दोनों नहाने तालाब में उतर गए, लेकिन गहराई का अंदाजा नहीं होने के कारण डूब गए। देर शाम तक जब दोनों घर नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। अगली सुबह गांव के ही तालाब में दोनों के शव तैरते मिले। बच्चों के शव देख गांव में चीख-पुकार मच गई। वहीं भरतखंड थाना क्षेत्र की एक बच्ची की जान पानी से भरे गहरे गड्ढे ने ले ली।

# आज पीएम बिहार को 7200 करोड़ की देंगे सौगात



**पटना (नि.सं.)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मोतिहारी के गांधी मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे बिहार को 7217 करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इसमें 4 नई अमृत भारत ट्रेनों की शुरुआत और रेल लाइनों के दोहरी करण का शिलान्यास एवं लोकार्पण शामिल है। कायर्क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों उपमुख्यमंत्री एवं एनडीए के बड़े नेता मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद बिहार में यह उनकी 53वीं यात्रा और बीते डेढ़ महीने में तीसरी जनसभा है। 30 मई को वह रोहतास के बिक्रमगंज और 20 जून को सीवान के जसौली आये थे। पीएम मोदी सुबह करीब 11 बजे मोतिहारी पहुंचेंगे। कायर्क्रम के दौरान वे बापूधाम मोतिहारी से आनंद विहार समेत चार अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इन ट्रेनों में राजेंद्र नगर टर्मिनल-नई दिल्ली, मालदा टाउन-भागलपुर- ल ख न ऊ और दरभंगा-लखनऊ ट्रेन भी शामिल हैं। बापूधाम मोतिहारी से अमृत भारत ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलेगी। पीएम पटना के पाटलिपुत्र में वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव के लिए आधारभूत संरचना के विकास का शिलान्यास करेंगे।

## बिहार पुलिस में चालक सिपाही के 4361 पदों पर निकली भर्ती

**पटना (नि.सं.)**। बिहार पुलिस में नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राज्य में चालक सिपाही के 4361 पदों पर भर्ती निकाली गई है। इनमें से 1439 पद महिलाओं के लिए रिजर्व रखे गए हैं। इसकी जानकारी आज केंद्रीय चयन परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर के दी है। उन्होंने बताया कि इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 21 जुलाई 2025 से शुरू होगी। इच्छुक अभ्यर्थी बिहार पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि आवेदन करने से पहले वो विज्ञापन को अच्छी तरह से पढ़ लें और अपनी योग्यता, उम्र सीमा, डॉयक्यूमेंट्स और नियमों को भलीभांति समझ लें। वैकेंसी की जानकारी देते केंद्रीय चयन परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार। चालक सिपाही भर्ती में ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य होगा।

लिखित परीक्षा और फिजिकल परीक्षा के आधार पर चयन किया जाएगा। राज्य सरकार की इस भर्ती से पुलिस बल को और मजबूती मिलेगी, वहीं युवाओं को रोजगार का सुनहरा अवसर मिलेगा। आवेदन से जुड़ी विस्तृत जानकारी और आधिकारिक नोटिफिकेशन आज ही बिहार पुलिस की वेबसाइट पर जारी कर दी जाएगी।

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
पशुपालन निदेशालय

पशुधन द्वारा जीवन में गुणात्मक सुधार

# लम्पी त्वचा रोग

(Lumpy Skin Disease)



गोवंशीय पशुओं का लम्पी त्वचा रोग के विरुद्ध घर–घर जाकर निःशुल्क टीकाकरण अभियान

दिनांकः 15 जुलाई, 2025 से टीकाकरण प्रारम्भ

PR No.- 008893 (Animal)D. 2025-26

पशुओं में लम्पी त्वचा रोग से बचाव हेतु गौ–जाति के पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक गाँव/शहर में निजी टीकाकर्मियों द्वारा घर–घर जाकर किया जा रहा है।

कार्यक्रम का भरपूर लाभ उठायें, अपने गाय को लम्पी त्वचा रोग से बचायें

किसी भी पशु का टीकाकरण नहीं होने अथवा टीकाकरण के दौरान राशि की मांग करने की शिकायत पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के दूरभाष संख्या 0612–2230942 पर की जा सकती है। कार्यक्रम की विशेष जानकारी पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना के दूरभाष संख्या 0612–2226049 से प्राप्त की जा सकती है।

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## जेवर साफ करने के बहाने 7 लाख के गहने ले भागे

**टिकारी।** टिकारी जेवर साफ करने की बात कह उचक्के महिला से सात लाख रुपये की जेवर ठग फरार हो गया। घटना मंगलवार को पंचानपुर थाना क्षेत्र के शहवाजपुर ग्राम में घटित हुई। पीड़ित अजीत सिंह ने बताया कि मंगलवार की दोपहर उनकी पत्नी घर पर अकेली थी। इसी दौरान जेवर व बर्तन साफ करने की बात कह दो युवक घर पर आये। पत्नी रिंकी सिंह युवकों की बात में आकर चांदी के जेवर साफ करने को दिये जिसे युवकों ने साफ कर दिया। युवकों की सफाई देख रिंकी सोने के महंगे जेवर भी युवकों को साफ करने दे दिया जिसके बाद युवक ने गर्म पानी लाने की बात कहा। रिंकी पानी गर्म करने गई इसी दौरान मौके का फायदा उठा उचक्के सभी जेवर लेकर फरार हो गये। रिंकी जब गर्म पानी लेकर आई तब तक युवक गायब हो चुके थे। हो हल्ला मचाने के बाद भी उचक्कों का कोई सुराग नही मिला। मामले की शिकायत पंचानपुर थाना की पुलिस को दी गई। घटना के बाद घर के सदस्य सदमें में है। वहीं मामले को लेकर पंचानपुर प्रभारी थानाध्यक्ष परमाकर उपाध्याय ने बताया कि शिकायत मिली है पुलिस उचक्कों की पहचान के लिए जांच कर रही है। जानकारी हो कि विगत कुछ दिन पूर्व ऐसा ही वाकया अनुमंडल अस्पताल के समीप एक घर में भी घटित हुई थी।

## महिला से चेन स्नैचिंग, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**मानपुर।** मानपुर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिद्धार्थपुरी कॉलोनी में एक बार फिर अपराधियों ने कानून-व्यवस्था को चुनौती दे डाली है। दिनदहाड़े एक महिला से चैन स्नैचिंग की घटना सामने आई है, जो पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। घटना मंगलवार अपराह्न लगभग 3:30 बजे की है। सतेन्द्र नारायण सिंह की पत्नी पीड़ित मंजू देवी किसी निजी काम से बाजार जा रही थीं। इसी दौरान लाल पैथोलैब के सामने, ग्रे रंग की अपाचे बाइक पर सवार दो युवक तेजी से पीछे से आए और झपट्टा मारकर उनकी सोने की चेन छीन ली। इसके बाद दोनों स्नैचर्स मुख्य सड़क होते हुए जेजे कॉलेज की ओर फरार हो गए। इस वारदात के बाद महिला ने तुरंत मुफस्सिल थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज में स्नैचर्स की पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। गौरतलब है कि कुछ सप्ताह पूर्व इसी क्षेत्र में फायरिंग की घटना भी हो चुकी है। बार-बार हो रही ऐसी घटनाएं पुलिस गश्ती व्यवस्था पर सवाल खड़ी कर रही है। सीसीटीवी में कैद संदिग्ध

## हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा समारोह का होगा आयोजन

**टिकारी।** क्षेत्र के नंदन बिगहा मुहल्ले में आज यानी गुरुवार से पांच दिवसीय श्री शिव परिवार एवं हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत जल यात्रा व मंडप प्रवेश से की जाएगी। आयोजन मंडली में शामिल पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि वाराणसी के यज्ञाचार्य पशुपति पांडेय के नेतृत्व में अनुष्ठान पूरी की जाएगी। अनुष्ठान के तहत विभिन्न विधि विधान के साथ प्रतिदिन संध्या में प्रवचन भी किया जाएगा। वहीं 21 जुलाई को प्राण प्रतिष्ठा कर साथ भंडारा का आयोजन किया जाएगा। मालूम हो कि टिकारी नगरपालिका के अध्यक्ष लाला पंडित प्रजापति द्वारा मंदिर का निर्माण कराया गया था।

## राजद विधायक ने किया कार्यकर्ताओं को सम्मानित

**गुरुआ।** राजद विधायक विनय कुमार यादव ने संगठन के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। जिससे कार्यकर्ताओं में काफी खुशी दिखी। विधायक ने बताया कि फिलहाल राजद के तमाम कार्यकर्ता बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य रखकर संगठन को मजबूत बनाने में जुटे हुए हैं। राजद के जिलाध्यक्ष सुभाष यादव एवं प्रधान महासचिव अजय कुमार दांगी ने बताया कि राजद में बेहतर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को हमेशा इनाम मिलता है। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता व मुखिया पति सुरेंद्र कुमार यादव, गुरारु के विधायक प्रतिनिधि दीपू यादव, प्रखंड के उप प्रमुख नागेंद्र पासवान, राजद के प्रखंड अध्यक्ष जुम्मन खान, कोलौना पंचायत के पैक्स अध्यक्ष रामाशीष यादव, मंडा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## 12 बोट के साथ एनडीआरएफ की दो टीमें तैनात की गईं

**बिहारशरीफ।** डीएम कुंदन कुमार ने एकंगरसराय प्रखंड के कोरथु में तटबंध कटाव का स्थलीय निरीक्षण किया। फल्गू नदी में जलस्तर की अप्रत्याशित वृद्धि और उदेरास्थान बराज से अब तक के अधिकतम 1,15,308 क्यूसेक जलश्राव के मद्देनजर त्वरित बाढ़ प्रबंधन उपाय किए गए हैं। आपदा प्रबंधन के तहत एनडीआरएफ की दो टीमें तैनात हैं, जो 12 बोट से सुसज्जित हैं। ब्रीचिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, वहीं धाना बिगहा, बेनवा, बेलदारी बिगहा, केशवपुर और मिर्जापुर में सिपेज और गिरियक में साइड ब्रीच को दुरुस्त किया गया है। लाल बीघा में दो बच्चों को सुरक्षित बचाया गया है। 2.43 लाख ईसी बैग उपलब्ध हैं।

## दीदी हाट बनेगा सशक्तीकरण का केंद्र, महिलाएं चलाएंगी जीविका दीदी की मार्ट

**बिहारशरीफ।** जिले में महिला सशक्तिकरण, पोषण जागरूकता और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की जा रही "दीदी हाट परियोजना" को लेकर डीएम कुंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक कर परियोजना के स्वरूप, उद्देश्यों और क्रियान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। दीदी हाट को एक पायलट मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसे दीदियों द्वारा और दीदियों के लिए संचालित किया जाएगा। इसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पौष्टिक भोजन की बिक्री के साथ-साथ अन्य उत्पादों के जरिये आजीविका के अवसर प्राप्त करेंगी। यह पहल इन्फ्यूजन और जीविका के संयुक्त सहयोग से संचालित की जा रही है। डीएम ने हाट परिसर में पावर बैकअप की व्यवस्था ब्रेडा के माध्यम से कराने, साफ-सफाई की जिम्मेदारी संबंधित विभाग को सौंपने और संरचनात्मक सुधार के लिए समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। हाट का नाम जीविका दीदी की मार्ट रखने का सुझाव भी दिया गया। आयोजित होंगे उत्सवः हाट परिसर में जीविका की आईईसी सामग्री और ब्रांडिंग की दृश्यता सुनिश्चित की जाएगी। जिसके लिए आवश्यक वित्तीय सहयोग स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदान किया जाएगा। परियोजना से जन औषधि केंद्र और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को भी जोड़ा जाएगा। साथ ही, हर तिमाही या त्योहारों पर जीविका उत्सव या गोल्डन 100 डेज ऑफ दीदी जैसे आयोजन कराए जाएंगे। डीएम ने स्थानीय कलाकारों और हस्तशिल्पियों को मंच देने की बात कहते हुए कहा कि इससे हाट की लोकप्रियता और पहुंच बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय किसानों से ताजा सब्जियों की आपूर्ति के लिए एक सप्लाई चेन विकसित की जाएगी, जिससे ''दीदी की रसोई'' को सीधे खेतों से ताजा सब्जियां उपलब्ध होंगी।महिलाओं के कौशल विकास के लिए डीएम ने 6000 से 7000 वर्ग फुट क्षेत्र में सिलाई यूनिट स्थापित करने की भी सहमति दी।

## सफल प्रतिभागी किए गए सम्मानित

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ नूरसराय के प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रखंड स्तरीय मशाल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को समारोह आयोजित कर नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आनंद शंकर और संचालन प्रखंड संसाधन केंद्र के लेखापाल मो. परवेज आलम ने किया। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि प्रखंड में कुल 17 संकुल के प्रतिभागियों ने मशाल खेल प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें प्रतिभागी, सेमीफाइनल एवं फाइनल खेल में अपनी बेहतर प्रस्तुति दी। चयनित 106 प्रतिभागियों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। अंडर 14 और 16 में हुई : लेखापाल मो. परवेज ने कहा कि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के विजेता को नगद राशि दी गई। उन्होंने बताया कि खेल प्रतियोगिता में फुटबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, साइक्लिंग, दौड़ और लंबी कूद आदि में अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया था। शिक्षक राकेश बिहारी शर्मा ने कहा कि मशाल खेल का मुख्य उद्देश्य बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के बीच छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग, खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

# बोधगया में विदेशी यूट्यूबरों के बीच मारपीट, 4 अरेस्ट

निज संवाददाता। गयाजी

गयाजी के बोधगया में घूमने आए विदेशी यूट्यूबरों के बीच बुधवार को आपसी झगड़ा देखने को मिला है। विवाद इतना बढ़ गया कि जबरदस्त मारपीट और गाली-गलौज तक बात पहुंच गई। मामले में बोधगया थाना ने कांड दर्ज कर चार यूट्यूबरों को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही पकड़े गए सभी आरोपियों को लेकर वियतनाम एम्बेसी को सूचना दी गई है। वियतनाम के क्वांग चि निवासी ले अन्ह तुआन ने बोधगया थाना में आवेदन दिया है। इसमें उन्होंने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ घूमने निकले थे। इसी दौरान बी. वैन सांग (Bvi Van Sang) अपने अन्य साथियों के साथ आकर गाली देने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से सभी ने मिलकर बुरी तरह मारपीट से कर दी। इस हमले में वो गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**चार नामजद विदेशी यूट्यूबर अरेस्टः**



घटना को लेकर बोधगया थाना कांड संख्या 515/25 दर्ज कर लिया गया है। मामले में तुरंत जांच शुरू की गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट में शामिल चार नामजद विदेशी यूट्यूबरों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि सभी लोग यूट्यूब के लिए वीडियो बनाने का काम करते हैं और इसी दौरान आपसी विवाद हुआ। ये देखते-देखते

♦ **वियतनामी नागरिक बोला- दोस्त के साथ घूमने पहुंचा था, जान से मारने की नीयत से पीटा**

हिंसक झड़प में बदल गया। गिरफ्तार यूट्यूबरों की पहचान वियतनाम निवासी Bvi Van Sang, Van Con Senh, Tran Than Hie और Van Thvan Huynh के रूप में हुई है। पुलिस सभी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना के बाद बोधगया में विदेशी पर्यटकों की गतिविधियों पर पुलिस नजर बनाए हुए है। बता दें कि बीते महीने भी विदेशी युट्यूबरों के बीच खुलेआम मारपीट की घटना दो बार हुई थी। लेकिन उस समय यह मामला थाने तक नहीं पहुंच सका था। हालांकि, मारपीट की घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था।

# माइक्रो प्लास्टिक पर्यावरण, जीव-जंतुओं व मानव स्वास्थ्य के लिए अदृश्य खतरा



निज संवाददाता। गयाजी

मगध विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के सभागार में बुधवार को एक विशेष व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता पटना विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. परिमल कुमार खान थे। इस विशेष व्याख्यान का विषय माइक्रो प्लास्टिकःएन अलार्मिंग थ्रेट टू ह्यूमन हेल्थ था। समारोह का उद्घाटन जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो दिलीप कुमार केशरी, मुख्य वक्ता प्रो. परिमल कुमार खान,प्रो एसएनपी दीन ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन कर किया। प्रो केशरी ने विषय वस्तु का परिचय देते हुए बताया कि प्लास्टिक वर्तमान में माइक्रो प्लास्टिक के रूप में जल, थल एवं आकाश के हर स्रोत में उपस्थित है, जो पर्यावरण, जीव- जंतुओं एवं मानव स्वास्थ्य के लिए अदृश्य खतरा बन चूका है। प्लास्टिक हमारे दैनिक जीवन मे इस तरह समाहित है कि हम उससे पूरी तरह मुक्त नहीं हो सकते हैं लेकिन उसके कम से कम उपयोग से अपने स्वास्थ्य एवं पर्यावरण क़ो बचा सकते हैं। मुख्य वक्ता प्रो खान ने बताया कि माइक्रो प्लास्टिक समुद्र की गहराई से लेकर एवरेस्ट पर्वत की ऊंचाई के साथ साथ मानव के सभी आंतरिक अंगों में अपनी उपस्थिति दर्ज कर चूका है, जिसके कारण मानव में हार्मोन संतुलन, रोग प्रतिरोधक छमता, प्रजनन, मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए इस अदृश्य खतरे के प्रति सबको सजग होना चाहिए।

# नालंदा जिले में सड़क टूटी, स्कूल परिसर में घुसा पानी

निज संवाददाता। नालंदा

झारखंड में लगातार हो रही बारिश के कारण नालंदा की नदियों में जलस्तर खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। बुधवार को लोकाइन नदी में दूसरी बार बाढ़ की स्थिति बनी है, जिससे व्यापक नुकसान हुआ है। महज 27 दिनों के अंतराल में दोबारा आई इस बाढ़ ने जिले की कृषि अर्थव्यवस्था को गंभीर झटका दिया है। पूरब से होकर बहने वाली जिरायन नदी के जलस्तर में भी काफी तेजी से वृद्धि हो रही है। जिसके कारण अस्थावां प्रखण्ड के सदरपुर में तटबंध टूटने से खेतों में पानी फैल गया है। पीनी ने गांव को भी अपने चपेट में ले लिया है। जबकि, बिन्द प्रखण्ड के बरहोग गांव के छा छु बिगहा का खंधा भी जिरायन नदी के पानी से डूबा है।

**लोकाइन नदी का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपरः**



हिलसा के धुरी बिगहा और एकंगरसराय के कोरथू के पास लोकाइन नदी के तटबंध टूटने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। जहानाबाद के उदेरा स्थान बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद पश्चिमी इलाके से होकर गुजरने वाली लोकाइन नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है।

**हर साल बाढ़ आता है-पार्षदः** वार्ड पार्षद विनोद ने कहा कि नदी अतिक्रमण के कारण संकीर्ण हुआ है। सफाई की जरूरत है। तब गांव में पानी नहीं आएगा। सफाई नहीं हुई तो, जान माल का क्षति होगा। हर साल बाढ़ आता है।

# सिपाही परीक्षा में नकल के लिए 7 लाख में डील

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सिपाही भर्ती परीक्षा में नकल का मामला सामने आया है। एक अभ्यर्थी को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ पकड़ा गया है। कोचिंग संचालक समेत 4 गिरफ्तार हुए है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि 7 लाख में डील हुई थी। बाहर बैठा सॉल्वर सवालों का जवाब दे रहा था। दरअसल, बुधवार को केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती की ओर से नालंदा के 23 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत आरपीएस स्कूल मकनपुर में भी परीक्षा केंद्र बनाया गया था। यहां से गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार अभ्यर्थी बेगूसराय जिला के साहेबपुर थाना क्षेत्र परौरा गांव निवासी प्रवीण झा का बेटा उत्पल कांत कुमार है। नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि इसमें एक अन्य आरोपी की भी संलिप्तता सामने आई है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुटी हुई है। पुलिस पूरे मामले की बारीकी से अनुसंधान कर रही है। यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि और कितने अभ्यर्थियों को इस प्रकार ब्लूटूथ डिवाइस मुहैया कराया गया था।




**शेखपुरा में उत्पल की विजय से हुई थी मुलाकातः** थानाध्यक्ष ने बताया है कि उत्पल कांत शेखपुरा में एचडीएफसी बैंक में काम करता था। वह शेखपुरा में ही फिजिकल की तैयारी कर रहा था। तभी उसकी दोस्ती शेखपुरा के रहने वाले विजय कुमार से हुई। उत्पल कांत सरकारी नौकरी के लिए काफी ज्यादा प्रयास कर रहा था, तभी विजय ने उसे बताया कि बिहार पुलिस में उसकी सेटिंग है। वह उसका लिखित परीक्षा पास करवा देगा। उत्पल कांत को लेकर वह बिहार शरीफ स्थित ए टू जेड केमिस्ट्री कोचिंग के डायरेक्टर मनोज कुमार से मिलने आया। कोचिंग में मनोज कुमार ने अभ्यर्थी से 7 लाख में डील की। आरपीएस स्कूल मकनपुर में कार्यरत शिक्षक प्रवीण कुमार से संपर्क किया और फिर एक अन्य सेटर के माध्यम से यह पूरा नकल करने का प्लानिंग किया।

**डिवाइस से क्वेश्चन पढ़ता था उत्पलः** उत्पल कांत ब्लूटूथ डिवाइस से क्वेश्चन पढ़ता और बाहर बैठा सॉल्वर उसे हल करता था। इस प्रकार यह नकल की प्रक्रिया पूरी की जाती। लेकिन उसके पहले ही कदाचार मुक्त परीक्षा कराने में जुटे वीक्षक ने उसे धर दबोचा। परीक्षा केंद्र पर कदाचार करते हुए वीक्षक उत्पल को पकड़ा गया। परीक्षार्थी उत्पल कांत कुमार ने बताया कि उसका दोस्त विजय कुमार जो शेखपुरा जिला के अरियरी थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद गांव का रहने वाला है। उसके लिंक से स्कूल के शिक्षक रहुई थाना क्षेत्र के भदवा गांव निवासी प्रवीण कुमार सिंह से परीक्षा केंद्र पर ब्लूटूथ डिवाइस कदाचार करने के लिए उपलब्ध कराया गया था।

**अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रहीः** नूरसराय सर्किल इंस्पेक्टर रामशंकर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थी की गिरफ्तारी के बाद विशेष टीम का गठन किया है। वीक्षक प्रवीण कुमार सिंह से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि ए टू जेड केमेस्ट्री कोचिंग सेंटर जो धनेश्वर घाट बिहार शरीफ में संचालित होता है। उसके डायरेक्टर गिरियक थाना क्षेत्र के शिकारपुर गांव निवासी मनोज कुमार जो वर्तमान में बिहार शरीफ में रहते हैं।

# गयाजी में 73 साल पुरानी पुलिया बही,15 हजार लोग प्रभावित



निज संवाददाता। गयाजी

बिहार में मानसून के एक्टिव होने के बाद मुंगेर और गयाजी में पुल बह गए। गयाजी के शेरघाटी अनुमंडल के पलकिया में सोमवार रात तेज बारिश हुई। इसने लोगों की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। गांव और शहर को जोड़ने वाली 73 साल पुरानी पुलिया पानी की तेज धार में टूट गई। इससे 15 हजार लोग प्रभावित है। 7 गांव का संपर्क टूट चुका है। लोगों का मुंगेर में पानी के तेज बहाव में डायवर्सन बह गया, जिससे तारापुर - खड़गपुर सड़क पर यातायात बाधित हो गई है। गया की शेरघाटी की पुलिया पानी के बहाव को झेल नहीं पाई। अब उसका नामोनिशान तक नहीं बचा है। केवल उसके पत्थर और ईंटों के टुकड़े नदी किनारे बिखरे पड़े हैं। पुलिया टूटने से करीब 15 हजार की आबादी फंस गई है। लोग जान जोखिम में डालकर खेत-मेढ़ से गुजरते हुए शेरघाटी तक पहुंच रहे हैं। वहीं, बच्चों का स्कूल जाना बंद हो चुका है। समोद विगहा स्कूल में 120 लोग शिफ्ट हुए है। डीएम ने बताया कि 200 लोग सामुदायिक किचन में खाना खा रहे हैं। कई परिवारों की दैनिक जरूरतों से लेकर बच्चों की पढ़ाई, किसानों की फसल बिक्री और मरीजों की आवाजाही पर संकट गहरा गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह पुलिया 1952 में शेरघाटी के पहले विधायक जगलाल महतो ने अपने फंड से बनवाई थी। यह पलकिया, शेरपुर, पतलूका, बीटी बीगहा, नवादा समेत दर्जनभर गांवों को शेरघाटी और जीटी रोड से जोड़ती थी। लोग पुल के बहने से प्रभावित है। 73 साल से यह पुल गांवों की लाइफलाइन थी। अब इसके बह जाने से गांवों का संपर्क शेरघाटी से कट गया है। शेरघाटी और जीटी रोड के लोगों का संपर्क खत्म हो चुका है। दोनों जगह के लोग पुलिया से जुड़े थे। 7 गांव के लोग मुख्य रास्ते से कट चुके हैं।

**गांव से बाहर निकलना हुआ मुश्किलः** पलकिया निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मैं बगल के गांव नवादा का रहने वाला हूं। पुलिया टूटने से गांव से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को अचानक बीमारी या इमरजेंसी होती है, तो शहर ले जाना बहुत कठिन होगा। पुलिया ही एकमात्र रास्ता था। अब हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा है। 73 साल बाद पुल ध्वस्त हो गया है। जितेंद्र ने कहा है कि संपर्क पथ टूट चुका है। डायवर्जन नहीं बनेगा तो कठनाईयों का सामना करना पड़ेगा। यहां पढ़ने वाले बच्चे भी स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। ना ही शिक्षक स्कूल पहुंच पा रहे हैं। यहां आने का और कोई रास्ता भी नहीं है। लगभग 10 हजार लोग पुलिया के टूटने से प्रभावित है। राजकुमार शर्मा ने बताया कि मैं पलकिया का रहने वाला हूं। पुलिया पहले से ही डैमेज हो चुका था। बारिश में पानी को पुलिया सहन नहीं कर सका। यहां 7 से आठ गांव का बारिश का पानी आता है। पुल 12 फीट लंबा था। शेरघाटी नगर परिषद क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांव बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। पानी कम होने के बाद ही कोई ऑप्शनल रास्ता बनाया जा सकता है। तब तक गांव वाले इसी परेशानी में जीने को मजबूर हैं।

**जान जोखिम में डाल कर जा रहे लोगः** रवि रंजन सिंह ने कहा कि पुलिया के सहारे ही किसान, व्यापारी और विद्यार्थी शेरघाटी आ-जा पाते थे। गांव के लोग बाढ़ से प्रभावित है। अब पुलिया टूट जाने से बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है।

# स्कूलों में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ का होगा गठन

**बिहारशरीफ।** जिले के सभी स्कूलों में "इको क्लब फॉर मिशन लाइफ" का गठन किया जाएगा। इस क्लब के माध्यम से छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने की पहल की जा रही है, ताकि वे जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता के नुकसान जैसे ज्वलंत मुद्दों पर काम कर सकें। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देना अनिवार्य है, और यह इको क्लब उसी दिशा में एक रचनात्मक प्रयास है। डीपीओ समग्र शिक्षा मो. शाहनवाज ने बताया कि इको क्लब का मुख्य उद्देश्य छात्रों में पर्यावरणीय गतिविधियों के प्रति रुचि और समझ विकसित करना है। इसके जरिए छात्र न केवल पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पहल करेंगे, बल्कि अपने अभिभावकों, पड़ोस और व्यापक समुदाय को भी पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। मास्टर प्रशिक्षकों की अहम भूमिका : इस कार्यशाला में जिला स्तरीय मुख्य प्रशिक्षकों के रूप में प्रशांत प्रियदर्शी यूमवि. डुमरी, राजगीर, मनीष कुमार कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय, सोहसराय और डॉ. अभिनव कुमार यूमवि. जुआफर बाजार, सिलाव शामिल रहेंगे। इको क्लब के तहत विद्यार्थियों के माध्यम से समुदाय को पर्यावरण और जैव विविधता के प्रति जागरूक किया जाएगा। स्वच्छता कार्यक्रम, प्रार्थना सभा में स्वच्छता जांच, खेल व शारीरिक गतिविधियों का आयोजन, योग, नाटक, वाद-विवाद, संगीत कला, निबंध लेखन, पत्र लेखन, पोस्टर निर्माण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इको क्लब का लक्ष्य छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना, उनके जीवन कौशल को विकसित करना और आत्मविश्वास तथा आत्मसम्मान को बढ़ावा देना है। यह मंच छात्रों को तनाव, भय और शर्म जैसी नकारात्मक भावनाओं से उबरने का भी अवसर देगा।इन सभी गतिविधियों की रिपोर्टिंग https://ecoclubs.edu cation.gov.in पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

# जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड की कार्यशाला में दी गई असली-नकली स्टील की पहचान की जानकारी

**बिहारशरीफ।** गुणवत्तापूर्ण स्टील उत्पादों के लिए प्रसिद्ध जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड की ओर से बुधवार को शहर के एक होटल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन कृषि केयर स्टील हाउस एवं विकास स्टेनलेस लिमिटेड के सहयोग से किया गया, जिसमें नालंदा सहित आसपास के जिलों से आए लगभग 250 खुदरा विक्रेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि खुदरा विक्रेता जिंदल स्टेनलेस के असली और नकली उत्पादों की पहचान कर सकें और ग्राहकों को ब्रांड के नाम पर घटिया सामान न बेचा जाए। इस अवसर पर जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के अधिकारी कृष्ण गर्ग ने कहा कि लोग एक-दूसरे को देखकर दुकान और सामान का चयन करते हैं लेकिन गुणवत्ता को नजरअंदाज कर देते हैं। जब सामान खराब होता है, तभी उन्हें समझ में आता है कि वह गलत कंपनी का उत्पाद था। इसलिए खुदरा विक्रेताओं को चाहिए कि वे ग्राहकों को सामान के साथ उसकी पूरी जानकारी भी दें। अगर गलत उत्पाद दिया जाएगा, तो ग्राहक दूर हो जाएंगे और व्यापार में नुकसान होगा। सही रख रखाव जरूरीः उन्होंने कहा कि स्टील का सामान खराब नहीं होता, लेकिन उसके रख-रखाव की विधि सही होनी चाहिए। वहीं विकास स्टेनलेस लिमिटेड के प्रबंधक अंशुमान आर्या ने स्टील उत्पादों के प्रोसेसिंग पर चर्चा करते हुए बताया कि स्टील बनाने में उपयोग होने वाले सभी केमिकल की जांच के बाद ही प्रोडक्ट तैयार किया जाता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि स्टील पर कभी भी एसिड का प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे उसका स्वरूप खराब हो सकता है। उन्होंने बताया कि कंपनी के उत्पाद देशभर के बड़े-बड़े कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स में उपयोग किए जाते हैं। कार्यशाला के दौरान जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने देशभर में अपनी उपस्थिति को विस्तार देने एवं क्षेत्र में अपनी स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया और उन्हें सुरक्षित रखने की तकनीक भी बताई।

# अल्पसंख्यक छात्रों के लिए बीपीएससी की मुफ्त कोचिंग

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) परीक्षा की मुफ्त गैर-आवासीय ऑनलाइन कोचिंग के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 19 जुलाई 2025 तक बढ़ा दिया है। इसके साथ ही छात्रों की सुविधा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। यह कोचिंग कार्यक्रम बौद्ध, सिख, पारसी, ईसाई, मुस्लिम व जैन समुदाय के उन छात्रों के लिए है, जो बीपीएससी की 71वीं प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों को सही मार्गदर्शन प्रदान करके प्रशासनिक सेवाओं के लिए तैयार करना है।

**ऑनलाइन आवेदन की नई व्यवस्थाः** पहले जहां केवल ऑफलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध थी। वहीं अब छात्र घर बैठे ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए बिहार राज्य हज समिति



की वेबसाइट https://www.biharstatehajcommittee.org/reg_update_new.php पर जाकर आवेदन करना होगा। आवेदकों को अपने बीपीएससी आवेदन फॉर्म की डाउनलोड की हुई कॉपी भी अपलोड करनी होगी। इस कोचिंग के लिए आवेदन करने वाले छात्रों की एक शर्त यह है कि उन्होंने 71वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए पहले से आवेदन किया हो। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी संदीप भारती के अनुसार, आवेदन की तिथि में एक सप्ताह की बढ़ोतरी हुई है। इसके कारण परीक्षा की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। इससे पहले परीक्षा का परिणाम 18 जुलाई को और नामांकन 20-21 जुलाई को होना निर्धारित था, लेकिन अब इसमें बदलाव होगा।

**सफल होने वाले कैंडिडेट को मिलेगी प्राथमिकताः** चयन प्रक्रिया में उन अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो पूर्व में संघ लोक सेवा आयोग, बीपीएससी या अन्य राज्यों की लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा या साक्षात्कार में सफल हो चुके हैं। प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम पूरी तरह से बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के स्तर का ही होगा। पहल बिहार सरकार की उस नीति का हिस्सा है, जो अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को प्रशासनिक सेवाओं में भागीदारी के लिए प्रेरित करती है। गुणवत्तापूर्ण कोचिंग की बढ़ती लागत को देखते हुए यह निःशुल्क कार्यक्रम उन छात्रों के लिए एक वरदान साबित हो सकता है, जो आर्थिक तंगी के कारण महंगी कोचिंग का खर्च नहीं उठा सकते।

**ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को मिलेगा फायदाः** ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था से छात्रों को अपने घर से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी, जो वर्तमान डिजिटल युग की आवश्यकता के अनुकूल है। यह व्यवस्था विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए अधिक उपयोगी साबित होगी, जहां गुणवत्तापूर्ण कोचिंग की सुविधा सीमित है। इच्छुक छात्र 19 जुलाई तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं और इस अवसर का फायदा उठाकर अपने प्रशासनिक सेवा के सपने को साकार करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ा सकते हैं।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



# विकसित भारत के लिए विकसित बिहार





## ₹ 7200 करोड़ से अधिक की

रेल, सड़क, मत्स्य, ग्रामीण विकास और सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी विकास परियोजनाओं

## का शिलान्यास, उद्घाटन एवं राष्ट्र को समर्पण

- ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा • मछली पालकों की आय में वृद्धि • क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी
- दरभंगा–नरकटियागंज रेलखंड के दोहरीकरण से सेक्शनल क्षमता में वृद्धि जिससे उत्तर बिहार का देश के अन्य हिस्सों से होगा बेहतर संपर्क
- 12,000 लाभार्थियों का घर का सपना हुआ साकार • डीएवाई–एनआरएलएम के तहत 61,500 स्वयं सहायता समूहों को ₹400 करोड़ की सामुदायिक पूँजी का वितरण
- पीएमएवाई–जी के तहत 40,000 लाभार्थियों को किश्तें • सॉफ्टवेयर आईटी पार्कों से तकनीकी स्टार्ट–अप इकोसिस्टम को बढ़ावा

तथा

## 4 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों

- बापूधाम मोतिहारी से दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल)
- राजेन्द्र नगर टर्मिनल (पटना) से नई दिल्ली
- मालदा टाउन से भागलपुर होते हुए लखनऊ (गोमती नगर)
- दरभंगा से लखनऊ (गोमती नगर)

## का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

- बेहतर इंटीरियर डिजाइन • एयर स्प्रिंग सस्पेंशन से यात्रा बनेगी आरामदायक • मोबाइल चार्जिंग पॉइंट और बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप से सुसज्जित • सीसीटीवी और कवच जैसी उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ • कम समय में तेज और ऊर्जा–कुशल यात्रा • किफायती कीमत पर पूरी तरह से नॉन–एसी कोच

# नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के द्वारा

शुक्रवार, 18 जुलाई 2025 | प्रातः 11:00 बजे | मोतिहारी, बिहार

## गरिमामयी उपस्थिति

**आरिफ मोहम्मद खान**
राज्यपाल, बिहार

**नीतीश कुमार**
मुख्यमंत्री, बिहार

**नितिन जयराम गडकरी**
केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

**जीतन राम मांझी**
केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री

**राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह**
केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री

**गिरिराज सिंह**
केंद्रीय कपड़ा मंत्री

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**चिराग पासवान**
केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री

**राम नाथ ठाकुर**
केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री

**नित्यानंद राय**
केंद्रीय गृह राज्य मंत्री

**सतीश चंद्र दुबे**
केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री

**राज भूषण चौधरी**
केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री

**सम्राट चौधरी**
उपमुख्यमंत्री, बिहार

**विजय कुमार सिन्हा**
उपमुख्यमंत्री, बिहार

DD NEWS डीडी न्यूज़ पर सीधा प्रसारण देखें

भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in

हमें फॉलो करें: /RailMinIndia

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# डीएम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुलिया का किया निरिक्षण

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान रजौली अनुमंडल अंतर्गत धमनी गांव में बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए पुल का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पुल टूट जाने के कारण दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने मौके पर ही ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि पुल निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए तथा वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था भी तत्काल सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।साथ ही विभाग को वहाँ के जल प्रवाह के अनुरूप और लंबे स्पैन के पुल का प्रस्ताव भेजने हेतु कहा गया। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में अकबरपुर प्रखंड के सभागार में बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (Special Intensive Revision-SIR) से संबंधित बैठक की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी बीएलओ से एन्यूमरेशन फॉर्म से संबंधित फीडबैक प्राप्त किया और कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बीएलओ अपने क्षेत्र में प्रत्येक घर जाकर मतदाता सूची में दर्ज नामों का भौतिक सत्यापन करेंगे, ताकि एक त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा सके। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि एन्यूमरेशन फॉर्म को शीघ्रता से पोर्टल पर शत-प्रतिशत अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिक से अधिक फॉर्म की प्रविष्टि वेबसाइट पर कर कार्य को समयबद्ध तरीके से निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि एन्यूमरेशन फॉर्म की प्रविष्टि के बाद सभी मतदाताओं से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार उनके कागजात लेना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी नवादा मो. अबु परवेज हैदर हैदरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पंचायत उप चुनाव में निर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण 24 जुलाई को

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

कौआकोल प्रखंड में हाल ही में संपन्न पंचायत उपचुनाव के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 24 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार भवन में संपन्न होगा। इसकी जानकारी बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पंचायत उपचुनाव के तहत कौआकोल प्रखंड के चार पंचायतों में विभिन्न पदों के लिए चुनाव कराए गए थे। इनमें दरावां पंचायत में पंचायत समिति सदस्य, कौआकोल पंचायत के वार्ड संख्या-03, छबैल पंचायत के वार्ड संख्या-02 और नावाडीह पंचायत के वार्ड संख्या-08 में क्रमशः वार्ड सदस्य और ग्राम कचहरी के पंच पदों के लिए चुनाव हुए। इन चारों पदों में से सिर्फ दरावां पंचायत समिति सदस्य के लिए मतदान कराया गया, जबकि शेष तीनों पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। दरावां पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 9 जुलाई को मतदान कराया गया और 11 जुलाई को मतगणना के बाद रूपा सिंह विजयी घोषित की गईं। बीडीओ ने आगे बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण 24 जुलाई को सुनिश्चित किया गया है। यह आयोजन स्थानीय प्रशासन की उपस्थिति में किया जाएगा, जिसमें संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी अपेक्षित है।

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj / e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**E- Tender Notice**

**e-NIT No. - 282 /PR/ JUSNL/ 2025-26**

E- Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Painting of different equipment i.e. junction boxes, marshalling boxes, C.T. Bottoms, isolator mechanism boxes, breaker junction boxes etc. alongwith different switchyard structures under Transmission Sub-Division, Garhwa Road. |
| Period of Work | 90 days. |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs. 5,900.00/- Rupees Five Thousand Nine Hundred only (to be paid through online mode only). |
| Earnest Money Deposit | Rs. 38,600.00/- Rupees Thirty Eight Thousand and Six Hundred only. (to be paid through online mode only). |
| Availability of Tender Documents on e-tender website | From 21.07.2025 at 02:00 PM to 11.08.2025 upto 3:00 PM. |
| Start Date and time of upload of BID | 21.07.2025 at 02:00 PM. |
| End date and time of upload of BID | 11.08.2025 upto 03:00 PM. |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 12.08.2025 at 04:00 PM. |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on. |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand. |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 7488012827 for any enquiry.
2. **The bids will be received through electronic tendering mode only.**
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 357542 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26).D

**पलामू समाहरणालय**
प्रपत्र **VI** 'क'
**झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या :– 690**R** भू0अ0, पलामू, दिनांक :– 14.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–चौखण्डी, थाना सं0–368, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण हेतु अपेक्षित है।

### जिले के हर विद्यालय में स्काउट एंड गाइड दल गठित होगा : डीईओ

**मुंगेर।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड मुंगेर की ओर से बुधवार को नए जिला शिक्षा पदाधिकारी कुणाल गौरव को सम्मानित किया गया। भारत स्काउट व गाइड के जिला मुख्य आयुक्त नंद किशोर कुंवर व जिला संगठन के रामविलास कुमार ने डीईओ को जिले के सभी विद्यालयों में चल रहे स्काउट एंड गाइड की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य भारत स्काउट के द्वारा मध्य, उच्च व उच्च माध्यमिक विद्यालयों और प्राइवेट विद्यालयों में स्काउट एंड गाइड का दल पंजीयन, दल नवीकरण एवं दल गठन करने का आदेश प्राप्त हुआ है। बावजूद कई विद्यालयों में दल पंजीयन, दल नवीकरण एवं दल गठन करने की प्रक्रिया नहीं किया जा रहा है। बाद में डीईओ ने आश्वासन दिया कि प्रत्येक विद्यालयों में स्काउट एंड गाइड का 2 दल अनिवार्य रूप से गठन होगा और प्रत्येक विद्यालयों के एक शिक्षक स्काउट मास्टर और एक शिक्षिका गाइड कैप्टन के द्वारा स्काउट एंड गाइड की गतिविधि को सुरक्षित शनिवार के दिन कराने का निर्देश दिया।

### राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना को लेकर विमर्श

**मुंगेर।** राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना को लेकर बुधवार को मुंगेर विश्वविद्यालय में वर्चुअल बैठक हुई। बैठक का आयोजन विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारी श्याम कुमार ने किया। अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार ने की। बैठक में कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय तथा विभिन्न महाविद्यालयों के प्रभारी प्राचार्य और एटीपीओ (अप्रेंटिशशिप ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर) शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य योजना के सफल संचालन को लेकर रणनीति बनाना था। वर्ष 2020 से 2025 तक स्नातक पास छात्र-छात्राओं का पंजीयन कर उन्हें मेगा जॉब फेयर में भेजने की तैयारी की जा रही है।

### जीरोमाइल से सबौर रोड; डेढ़ किमी तक गोल-गोल, गोल-गोल गड्ढे

**भागलपुर।** जीरोमाइल से आगे सबौर की तरफ बढ़ेंगे तो गोल-गोल, गोल-गोल छोटे-बड़े सैकड़ों गड्ढे देखने को मिलेंगे। पहले भी ये गड्ढे यहां से गुजरने वाले वाहनों को परेशान करते थे, लेकिन दिखते कम थे। अब जब बारिश हुई है तो गड्ढों ने अपनी संख्या बता दी है। भास्कर ने अपने कैमरे से सड़क के महज 90 मीटर की तस्वीर कैद की। तस्वीर में हमने गड्ढों की गिनती कि तो इसकी संख्या करीब 289 थी। ऐसा लग रहा है मानो विकास पर ढेर सारे धब्बे लगे हों! यह स्थिति करीब डेढ़ किलोमीटर तक में है। इंजीनियरिंग कॉलेज से सबौर हनुमान मंदिर तक सड़क का निर्माण कुछ जगहों को छोड़कर पूरा कर दिया गया है। गड्ढे वाली सड़क से दिक्कत यह है कि अभी बारिश में जब वाहन गुजरते हैं तो पानी के छींटें लोगों के शरीर और कपड़े पर पड़ रहे हैं। वाहन दुर्घटनाग्रस्त न हो, इसलिए अधिकांश वाहनों की रफ्तार भी कम रहती है। खासकर इस मार्ग से वाहनों से गुजरने वाले बच्चों को दो-ढाई घंटे देर से स्कूल या वापसी में घर पहुंचना पड़ रहा। रानी तालाब के पास एक स्कूल में दोपहर 2.05 में छुट्टी होती है, लेकिन बच्चे शाम 4.30 तक घर पहुंच रहे। सबौर रोड में जहां जाम लग रहा, वहां से सिर्फ 2 किमी दूर टोल लगता है। सड़कें ऐसी ही हैं, लेकिन टैक्स पूरा लगता है।

### रिजल्ट और सत्र सुधार छोड़, शुद्धिपत्र जारी करने में उलझा है परीक्षा विभाग

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग इन दिनों अपने मूल काम, समय पर परीक्षा संचालन और परिणाम जारी करने से ज्यादा शुद्धिपत्र (कोरिजेंडम) जारी करने में व्यस्त नजर आ रहा है। सत्र पहले ही तीन से चार महीने पिछड़ चुका है। इसके उलट विभाग बार-बार गलती कर रहा है, फिर उन्हीं गलतियों को सुधारने के लिए एक के बाद एक नोटिस जारी कर रहा है। हालिया मामला स्नातक पार्ट-2 ऑनर्स परीक्षा 2025 बैकलॉग परीक्षा से जुड़ा है। 14 जुलाई को परीक्षा विभाग ने इसका संशोधित कार्यक्रम जारी किया, लेकिन उसमें भी गंभीर लापरवाही उजागर हो गई। 21 और 22 जुलाई को प्रस्तावित ग्रुप ए और ग्रुप बी की परीक्षा को बदलकर 30 और 31 जुलाई किया गया। परंतु नए कार्यक्रम में 30 जुलाई को ग्रुप ए का पेपर-3 और ग्रुप बी का पेपर-4 रखा गया, जबकि 31 जुलाई को भी दोनों ग्रुप का पेपर-3 ही दर्शाया गया है। आश्चर्यजनक रूप से ग्रुप ए का दोनों दिन पेपर-3 की ही परीक्षा होगी। यह एक गंभीर त्रुटि है। यह पहली बार नहीं है जब परीक्षा विभाग ने इस तरह की लापरवाही की हो। इससे पहले पार्ट-1 में ऑनर्स केमिस्ट्री का 1सी पेपर ही छोड़ दिया गया था, जिसे बाद में अलग से नोटिस जारी कर जोड़ा गया।

# सुल्तानगंज में नमामि गंगे घाट से अतिक्रमण हटाया

## डीएम के निर्देश पर सीओ ने कार्रवाई की, 10 से अधिक दुकानों को तोड़ा

निज संवाददाता। भागलपुर



कारोबारी बोले- लाखों का नुकसान

सुल्तानगंज में गुरुवार को नमामि गंगे घाट के आसपास लगे करीब 10 से अधिक दुकानों को हटा दिया गया है। प्रशासन के मुताबिक, इन दुकानों को घाट की जमीन पर अतिक्रमण कर लगाया गया था, जिससे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। श्रावणी मेले के सातवें दिन जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए नमामि गंगे घाट पर जेसीबी की मदद से अवैध दुकानों को हटा दिया। गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी खुद दल-बल के साथ घाट पहुंचे और अतिक्रमित दुकानों को हटाने का निर्देश सीओ रवि कुमार को दिया। आदेश मिलते ही सीओ रवि कुमार और थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने पुलिस बल के साथ घाट पर मौजूद सभी अवैध दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

**दुकानदार बोले- बिना बताए हमें हटाया, लाखों का नुकसान हुआः** अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान एक दर्जन दुकानदारों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। दुकानदार शंभू कुमार शाह ने आरोप लगाया कि उन्हें प्रशासन की ओर से पिछले सात दिनों में किसी प्रकार की कोई हिदायत नहीं दी गई। एक हफ्ते तक बिना किसी दिक्कत के मैं दुकान चला रहा था। उन्होंने कहा कि आज अचानक जेसीबी से लेकर प्रशासन की टीम पहुंची और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। दुकानें हटाना तानाशाही वाली रवैया है।

**प्रशासन की टीम ने कहा- श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ये जरूरी थाः** हालांकि, प्रशासन का कहना है कि घाट की पवित्रता बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिक्रमण हटाना जरूरी था। जानकारी के मुताबिक, अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन की टीम पूरी तैयारी के साथ पहुंची थी। स्थानीय थाना की पुलिस टीम भी साथ थी। सीओ रवि कुमार ने बताया कि डीएम के निर्देश पर घाट क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त किया गया है, ताकि कांवरियों को निर्बाध सुविधा जैसे- स्नान, पूजा आदि करने का मौका मिल सके।

# दो बच्चियों के विवाद में बचाने गए बुजुर्ग की हत्या

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में दो बच्चियों के विवाद में एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान स्नोखर थाना क्षेत्र के धुआवे गांव के रहने वाले 70 साल के गोरेलाल शर्मा के रूप में हुई है। बुजुर्ग की मौत के बाद उसके परिजन ने पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मायागंज अस्पताल भेज दिया।

स्नोखर थाना के धुंआवे गांव के रहने वाले परिजनों ने बताया कि दो दिन पहले दो बच्चियों के बीच स्कूल में विवाद हुआ था। इस विवाद के बाद एक बच्ची की मां बुधवार की शाम अपनी बेटी की पिटाई कर रही थी। इसी दौरान गोरेलाल वहां पहुंचा और उसकी मां से बच्ची को छुड़ाने लगा। जानकारी के मुताबिक, इसी के बाद बच्ची के परिजन ने गोरेलाल की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई में गोरेलाल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसके परिजन ने बुजुर्ग को प्राइवेट क्लिनिक में एडमिट कराया, जहां गुरुवार को इलाज के दौरान बजुर्ग की मौत हो गई। गोरेलाल पांच बेटियों और एक बेटे का पिता था।

♦ एक बच्ची की मां उसकी पिटाई कर रही थी, छुड़ाने गए बुजुर्ग की ही करने लगे पिटाई

**आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जः** मृतक गोरेलाल शर्मा की पत्नी कुंती देवी ने पति की मौत के बाद पड़ोसी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं, मामले को लेकर स्नोखर थानाध्यक्ष रन्तेज भारती ने बताया कि दोनों पक्ष में विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटी थी, जिसमे वृद्ध को पेट में जायदा चोटें आई थी, जिसके बाद उसे अस्पताल में एडमिट कराया गया था। आज सुबह इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। फिलहाल, मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## पाइप चोरी करते रंगे हाथ धराया पंप संचालक सह दफादार, किया पुलिस के हवाले

निज संवाददाता। भागलपुर



जिले में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर बाजार स्थित जलापूर्ति टंकी परिसर में गुरुवार को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का पाइप चोरी करते विभाग के पंप संचालक सह दफादार ओम प्रकाश को ग्रामीणों ने रंगे हाथ धर दबोचा।

दफादार एक टेंपो पर विभागीय पाइप लादकर बेचने की फिराक में था। तभी ग्रामीणों को शक हुआ और उन्होंने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। ग्रामीणों ने मौके से टेंपो चालक और चोरी में शामिल दो अन्य युवक को भी पकड़ लिया। इसके बाद तीनों को जगदीशपुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया।

दफ़दार के साथ पकड़े गए युवकों की पहचान रजौन थाना क्षेत्र के टेकनी निवासी लड्डू पासवान तथा अलीगंज भागलपुर निवासी उमेश शाह के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही विभाग के जूनियर इंजीनियर मोहम्मद फिरदौस भी मौके पर पहुंचे और थाना में लिखित आवेदन देकर तीनों आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

बताया जा रहा है कि विभागीय अधिकारियों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है और संबंधित दफादार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी जल टंकी परिसर से पाइप चोरी की शिकायतें मिल रही थी, लेकिन अब तक विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया था। गौरतलब है कि पकड़ा गया पंप संचालक महज चार दिन पहले ही यहां स्थानांतरित होकर आया था। घटना के बाद स्थानीय लोगों में विभागीय कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश देखा गया।

# पटना सिटी से निकली 54 फीट की कांवड़, 500 श्रद्धालु शामिल, नाचते-गाते सफर कर रहे तय

निज संवाददाता। भागलपुर





54 केजी चांदी लेकर भक्त पहुंचे अजगैबीनाथ धाम

भागलपुर में श्रावणी मेले के अवसर पर बाबा बैधनाथ की जय-जयकार करते हुए भक्त जा रहे हैं। पटना सिटी से विशाल शिव धारी कांवड़िया संघ के 500 से अधिक श्रद्धालुओं का जत्था 54 फीट की आकर्षक कांवड़ लेकर अजगैबीनाथ धाम से देवघर के लिए रवाना हुआ। भक्तों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ नाचते-गाते, ढोल-नगाड़ों की गूंज और बोल बम के नारों के साथ माहौल को भक्तिमय कर दिया है। कांवड़ की सबसे खास बात इसकी लंबाई और उसमें इस्तेमाल की गई चांदी है। कांवड़ 54 फीट लंबी है और इसमें कुल 54 किलो चांदी का उपयोग किया गया है। चांदी से ही बाबा बैधनाथ मंदिर और महागौरी मंदिर की खूबसूरत कलाकृति भी तैयार की गई है, जिसने देखने वालों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

संघ के सदस्यों का कहना है कि बैधनाथ धाम में दोनों मंदिरों के बीच की दूरी 54 फीट है, इसीलिए कांवड़ भी 54 फीट लंबी बनाई गई है।

**2008 से हर साल ले जा रहे हैं कांवड़ः** विशाल शिवधारी संघ के सदस्य विनीत ने बताया कि साल 2008 से वे हर साल इस परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। उनका मकसद है कि शिवभक्ति के इस उत्सव को न केवल भव्य बनाया जाए, बल्कि श्रद्धालुओं को एकजुट कर बाबा की आराधना की जाए। संघ के एक सदस्य ने बताया कि, "हम हर साल इसी श्रद्धा और उमंग से निकलते हैं। यह सिर्फ यात्रा नहीं, बाबा के प्रति हमारी आस्था और सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन है।" श्रद्धालुओं का कहना है कि वे 54 घंटे में देवघर स्थित बाबा बैधनाथ धाम पहुंच जाते हैं। यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु नियम और अनुशासन का पालन करते हैं। भोजन, विश्राम और भजन-कीर्तन की पूरी व्यवस्था संघ की ओर से की जाती है। अजगैबीनाथ धाम से यात्रा की शुरुआत हुई है। जहां श्रद्धालुओं ने पहले गंगाजल भरा और फिर सामूहिक रूप से जयकारे लगाते हुए कांवड़ उठाया। गंगाजल लेकर नंगे पांव, केसरिया वस्त्रों में, सिर पर रुद्राक्ष की माला और भस्म लगाए श्रद्धालुओं की टोली पूरे रास्ते में शिवभक्ति का रंग घोल रही है।

# गंगा का कटाव बढ़ा, एक कट्ठा जमीन नदी में समाई, बांस के पेड़ और मिट्टी भरकर ग्रामीण खुद रोक रहे पानी

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के टपुआ गांव में गंगा नदी का कटाव लगातार बढ़ रहा है। बुधवार रात गांव की करीब एक कट्ठा उपजाऊ भूमि कटकर गंगा में समा गई, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालात यह हैं कि अब कटाव से गांव की बस्ती को भी खतरा है। गांव के लोगों ने बुधवार को स्वयं ही रस्सी, बांस और अन्य सामग्री से कटाव रोकने की कोशिश की। लेकिन गंगा की तेज धारा के आगे ये उपाय बेअसर साबित हुए। ग्रामीण प्रकाश यादव ने बताया कि जब समय था तब सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। अब खानापूर्ति की जा रही है, पर हालात बिगड़ते जा रहे हैं। कटाव से हम परेशान है। जमीन कट जाता है तो खाने के लिए नहीं मिलता है। सरकार से हम मांग करते है कि स्थिति को ठीक किया जाए। कटाव का काम हो। ग्रामीणों का आरोप है कि कटावग्रस्त क्षेत्र में न तो कोई स्थायी और न ही अस्थायी सुरक्षा काम किया गया। इसका नतीजा है कि कटाव ने तेजी पकड़ ली है। फसलें बर्बाद हो गई हैं और पशुओं के लिए चारा व लोगों के लिए शुद्ध पानी की भारी किल्लत हो गई है। ग्रामीण का कहना है कि प्रशासन ने कोई काम नहीं किया है।

**मुआवजे और राहत कार्य की मांगः** ग्रामीणों ने मांग की है कि कटावरोधी काम तुरंत शुरू किया जाए और जिन किसानों की जमीन गंगा में समा गई है। उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। लोगों का कहना है कि अब तक न तो कोई अधिकारी मौके पर आया है और न ही कोई राहत काम शुरू हुआ है। इससे लोगों की आजीविका पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। अंचलाधिकारी मनोहर कुमार ने बताया कि जांच के लिए गए हुए थे, कटाव को रोकने के लिए बालू भरकर बोरिया दिया जा रहा है।


**टेलवा बाजार पर दो जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव**

यात्रियों के और भी सुविधार्थ, 03157/03158 **मधुपुर – बनारस – मधुपुर और** 05597/05598 **जयनगर–आसनसोल–जयनगर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनें** नीचे उल्लिखित समयसूची के अनुसार तत्काल प्रभाव से **टेलवा बाजार स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव** प्रदान करेंगी: –

| ट्रेन नं. और नाम | टेलवा बाजार पर समयसूची | |
|---|---|---|
| | आ. | प्र. |
| 03157 मधुपुर–बनारस श्रावणी मेला स्पेशल | 13.00 | 13.01 |
| 03158 बनारस–मधुपुर श्रावणी मेला स्पेशल | 12.36 | 12.37 |
| 05597 जयनगर–आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल | 08.24 | 08.25 |
| 05598 आसनसोल–जयनगर श्रावणी मेला स्पेशल | 14.55 | 14.56 |

सभी अन्य निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे


## बदहाल सड़क पर धान की बुआई कर ग्रामीणों ने जताया विरोध



निज संवाददाता। भागलपुर

जिले के रसलपुर खडहरा से झारखंड सीमा तक जाने वाली 12 किलोमीटर मुख्य सड़क मार्ग बीते पांच साल से बदहाल है। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने सड़क पर ही धान बुआई कर अपना विरोध जताया।

यह बिहार से झारखंड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। जिस पर रोजाना सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन चलते हैं। लेकिन पांच वर्षों से यह ग्रामीण सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुका है। जिससे आए दिन छोटी बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कभी-कभी तो गाड़ी सीधे गड्ढे में पलट जाती है और लोगों के हाथ पैर टूट जाता है। कभी कभी तो लोगों की जान भी चली जाती है।

क्षेत्र के सांसद और विधायक की कार्य शैली से नाराज होकर गुरुवार को अमडंडा गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सड़क पर ही धान की रोपाई कर नेताओं के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि चुनाव के समय नेता बड़ी-बड़ी बातें और वादे करते हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र की समस्याओं से मुंह मोड़ लेते हैं।

ग्रामीण भरत पासवान, अनिल तांती, उमर फारूक, पंकज कुशवाह, सिन्टू यादव, खखरी देवी, सुनिता देवी, राजीव कुशवाहा, राज अंकित कुशवाहा आदि ने कहा कि इस जर्जर सड़क के कारण सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। बच्चे रोजाना जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। अभी बरसात के दिनों में हालात और भी खराब हो गया है।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। **ई–निविदा सं.: 103_2025–26, दिनांक 15.07.2025, कार्य का विवरणः** एईएन/बर्द्धमान के क्षेत्राधिकार में एलएचएस नं.: 2 एवं 10 में पम्प रूम का प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्य तथा वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा की शाखा के अधीन विभिन्न कार्यालय यूनिटों में शौचालय सुविधाओं के साथ नए लेडीज ड्रेस चेंजिंग रूम का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य:** रु. 2,26,18,517.16, **बयाना राशि:** रु. 2,63,100/– **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य। **समापन अवधि:** 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 06.08.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-198/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**अमृत भारत एक्सप्रेस**

**मालदा टाउन एवं गोमती नगर के बीच**

**भागलपुर से उद्घाटनी यात्रा**

मालदा टाउन एवं गोमती नगर (लखनऊ) स्टेशनों के बीच एक नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारम्भ किया जाएगा। उद्घाटनी स्पेशल ट्रेन भागलपुर से **03435 भागलपुर-गोमती नगर** उद्घाटनी स्पेशल (वन वे) के रूप में चलेगी, यह ट्रेन **भागलपुर से दिनांक 18.07.2025 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 11.45 बजे** यात्रा आरम्भ करेगी एवं नीचे उल्लेखित समय-सारणी एवं ठहराव के अनुसार चलेगीः

| स्टेशन का नाम | 03435 भागलपुर-गोमती नगर उद्घाटनी स्पेशल (वन वे) | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| **भागलपुर** | - | **11.45** |
| सुल्तानगंज | 12.20 | 12.25 |
| जमालपुर | 13.05 | 13.10 |
| अभयपुर | 13.40 | 13.45 |
| किऊल | 14.30 | 14.35 |
| शेखपुरा | 15.10 | 15.15 |
| वारिसली गंज | 15.40 | 15.45 |
| नवादा | 16.15 | 16.20 |
| तिलैया | 16.45 | 16.50 |
| मानपुर | 18.05 | 18.10 |
| गया जंक्शन | 18.35 | 18.40 |
| डेहरी ऑन सोन | 19.50 | 19.55 |
| सासाराम | 20.10 | 20.15 |
| भभुआ रोड | 20.55 | 21.00 |
| पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन | 22.10 | 22.20 |
| वाराणसी | 23.35 | 23.40 |
| जौनपुर | 00.50 | 00.55 |
| शाहगंज | 01.25 | 01.30 |
| अयोध्या धाम जंक्शन | 04.00 | 04.05 |
| अयोध्या कैंट. | 04.30 | 04.35 |
| **गोमती नगर** | **08.30** | - |

**गठनः** साधारण कोच सह सामान यान के साथ दिव्यांगजन कोच-02, शयनयान श्रेणी-08, साधारण द्वितीय श्रेणी-11, रसोई यान-01 = 22 कोच।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



उपलब्धि » जीएफसी 3 स्टार एवं गंगा टाउन में 4 नंबर पर पहुंचा पटना, स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन हेतु पटना नगर निगम को दिल्ली के विज्ञान भवन में प्राप्त हुआ सम्मान

# स्वच्छता में पटना देशभर के 21 शहरों में शामिल

- पटना 10 लाख आबादी वाले 44 शहरों में 21 वें स्थान पर है।
- जीएफसी 3 स्टार से सम्मानित किया गया।
- गंगा टाउन शहरों में पटना को चौथा रैंक प्राप्त हुआ।

विशेष संवाददाता | पटना




कभी स्वच्छता की दौड़ में पीछे माना जाने वाला शहर आज देशभर के हजारों शहरों के बीच अपनी एक स्वच्छ पहचान के साथ एक अलग छवि प्रस्तुत कर रहा है। पटना नगर निगम को स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन हेतु दिल्ली के विज्ञान भवन में सम्मान प्राप्त हुआ। गौरतलब है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में थीम 3 R ( Reuse, Reduce and Recycl) पर कार्य किया गया है। नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि पटना ने स्वच्छता के क्षेत्र में बीते वर्षों में असाधारण प्रगति की है और यह सम्मान कर्मियों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

### बेकार पड़ी गाड़ियां पुनः इस्तेमाल

पटना नगर निगम द्वारा 3R ( Reuse, Reduce and Recycl) पर कार्य करता है। आमजनों को सुविधा देने वाला पिंक टॉयलेट, लू कैफे एवं निगम नीर एवं मेवहॉल एम्बुलेंस की गाड़ियां पटना नगर निगम की वेस्ट गाड़ियों से तैयार कर सफल पूर्वक इस्तेमाल किया जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत सिटीजन फीडबैक कैटेगरी में पटना चौथा स्थान मिला। यह स्थान केवल सरकारी प्रयासों का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें शहरवासियों की जागरूकता और भागीदारी ने अहम भूमिका निभाई है। नागरिकों को स्वच्छता अभियान से जुड़ने के लिए फीडबैक जुटाने के लिए विशेष अभियान चलाए गए।

### जनजागरूकता से बदली छवि

पटना नगर निगम द्वारा मोबाइल ऐप, सोशल मीडिया पोस्ट, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैलियां, और स्कूलों-कॉलेजों में प्रतियोगिताएं आयोजित कर आम लोगों को इस मुहिम से जोड़ा गया। नगर निगम की टीम ने घर-घर जाकर लोगों से फीडबैक फॉर्म भरवाए, जिससे न केवल सर्वेक्षण में भागीदारी बढ़ी बल्कि स्वच्छता के प्रति नागरिकों की सक्रियता और समझ भी गहरी हुई। यह प्रयास पटना के समग्र प्रदर्शन में एक मजबूत आधार साबित हुआ।

### पटना नगर निगम द्वारा 650 समाप्ति

पटना नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर उन्हें स्वच्छ स्थल के रूप में विकसित किया गया। इन स्थलों पर सफाई कर्मियों के साथ मिलकर पिकनिक आयोजित की गई, ताकि न केवल स्वच्छता का संदेश दिया जा सके, बल्कि कर्मियों का मनोबल भी बढ़ाया जाए।

### डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन

पटना नगर निगम ने बीते कुछ वर्षों में सफाई व्यवस्था को प्रभावी और टिकाऊ बनाने के लिए डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, सूखे और गीले कचरे का पृथक्करण (वेस्ट सेगरेगेशन), कंपोस्टिंग यूनिट्स की स्थापना, और वॉशरूम मैनेजमेंट सिस्टम को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण पहल शामिल है। जन जागरूकता - सड़क पर कचरा फेंकने 'सड़क शत्रु': इसके साथ ही शहर में 'नो लिटरिंग जोन', 'स्वच्छता एप्लिकेशन', और 'स्वच्छ गार्डन' जैसी योजनाएं लागू की गई, जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना है। सड़क पर कचरा फेंकने वालों को 'सड़क शत्रु' के रूप में चिह्नित किया गया और उन्हें न केवल जागरूक किया गया बल्कि सार्वजनिक रूप से शहर को स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई गई। इन सख्त लेकिन संवेदनशील प्रयासों ने स्वच्छता को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्थापित किया।

### आधुनिक तकनीक की प्रयोग कर स्मार्ट निगरानी प्रणाली

पटना नगर निगम ने सफाई व्यवस्था और जल निकासी जैसे कार्यों की निगरानी को अधिक प्रभावी और त्वरित बनाने के लिए सभी 75 वार्डों में हाईटेक वॉकी-टॉकी उपकरणों का उपयोग शुरू किया है. ऐसा करने वाला पटना नगर निगम देश के गिने-चुने नगर निकायों में शामिल हो गया है, जिसने संचार और निगरानी को स्मार्ट तरीके से संगठित किया है।

### स्मार्ट इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर

बरसात के मौसम में जल निकासी व्यवस्था की निगरानी के लिए सभी संप हाउस को स्मार्ट इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर से जोड़ा गया है, जिससे रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव हो सकी है। सम्मान समारोह कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, माननीय महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी कुमारी सशक्त स्थाई समिति के सदस्यगण, नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर, अपर नगर आयुक्त आशिष कुमार, उप नगर आयुक्त रामाशीष तिवारी, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ नीतु कुमारी नवगीत एवं सफ़ाई कर्मचारी सुलेखा एवं मानती और नगर निगम की टीम उपस्थित रही।

स्वच्छता का राष्ट्रीय सम्मान, हर पटनावासी का सम्मान

## सब मिलकर आदतें सुधारें तो और बड़ी बनेगी पहचान : नीतू नवगीत



राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में पटना नगर निगम को मिले सम्मान से हर्षित पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने सभी पटनावासियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता सर्वेक्षण में भागीदारी के लिए तथा बिहार में सबसे बेहतर स्वच्छता के लिए पटना नगर को मिला सम्मान पटना के हर व्यक्ति का सम्मान है। स्वच्छता के क्षेत्र में सभी ने मिलकर काम किया है जिससे पटना की रैंकिंग में सुधार आया है। फिर भी हमें बहुत काम करना बाकी है। हम सबको संयुक्त रूप से अपनी आदतों में सुधार लाना होगा। घर पर ही गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग करना होगा ताकि उनका आसानी से डिस्पोजल हो सके। इसी तरह इधर-उधर थूकने और मलमूत्र त्यागने की आदत बंद करनी होगी। समेकित प्रयासों से ही शहर स्वच्छ और सुंदर होगा।

## गया जी में जून 2027 तक तैयार होगा धर्मशाला

**गया, एजेंसी।** गया जी में जून 2027 तक बनकर तैयार होगा धर्मशाला डीएम ने बुधवार को धर्मशाला और रोप-वे का किया निरीक्षण चार एकड़ से अधिक में बन रहे धर्मशाला में 1080 लोगों के ठहरने की होगी व्यवस्था - निरीक्षण गया, प्रधान संवाददाता गया जी में चांद चौरा के पास बन रहा भव्य धर्मशाला जून 2027 तक बनकर पूरी तरह तैयार हो जाएगा। बुधवार डीएम शशांक शुभंकर ने यहां चल रहे कार्यों का जायजा लिया।

यह धर्मशाला 4.38 एकड़ में 1080 श्रद्धालुओं को ठहरने की क्षमता वाला है। इसके अलावा यहां 230 छोटे और 18 बड़े वाहन पार्क किए जा सकेंगे। डीएम ने बताया कि यहां श्रद्धालुओं के लिए भोजन कक्ष, लिफ्ट आदि की सुविधाएं रहेंगी। कर्मचारी और चालकों के ठहरने के लिए भी कमरे बनाए जा रहे हैं। डीएम ने काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है जिससे समय से इसे पूरा किया जा सके। रोप वे निर्माण का किया निरीक्षण डीएम ने ब्रह्मयोनि पहाड़ के पास बन रहे रोप-वे का निरीक्षण किया। यहां पर्वत पर पहुंचने के लिए 424 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं।

इस पर्वत श्रृंखला में तीन पर्वत शिखर है। मध्य पर्वत शिखर बौद्ध सर्किट से संबंधित है। पर्यटक यहां सुविधा से पहुंच सके, इसके लिए पर्यटन विभाग यहां रोपवे का निर्माण करवा रहे हैं। बताया गया कि लोवर टर्मिनल पॉइंट में 18 कॉलम में से 16 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। दो कॉलम का कार्य बचा है।

## गंगा में डूबने से आपदा मित्र की हुई मौत के बाद परिजनों को मिला चेक

**भागलपुर, एजेंसी।** नमामि गंगा घाट पर शनिवार को गंगा में डूबने से शाहाबाद निवासी आपदा मित्र अभय राज की मौत के बाद बुधवार को एसडीएम विकास कुमार, बीडीओ संजीव कुमार,नप सभापति राजकुमार गुड्डू इत्यादि ने मृतक की मां किरण देवी को चार लाख रुपये का चेक दिया।

बीडीओ ने मुख्यमंत्री परिवारिक लाभ योजना के तहत मिलने वाली 20,000 रुपये दिए जाने का आश्वासन दिया। मौके पर आरओ, सहित पार्षद एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नवादा में महादलित युवती से गैंगरेप, 4 आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ से इलाज करा कर लौटी थी, ई-रिक्शा ड्राइवर ने दोस्तों के साथ मिलकर की दरिंदगी

**नवादा, एजेंसी।** नवादा में मंगलवार को एक महादलित युवती के साथ गैंगरेप किया गया है। जानकारी के अनुसार घटना तब हुई जब वह लखनऊ से इलाज कराकर ई-रिक्शा से घर लौट रही थी। जहां अपराधियों ने उसे बहला-फुसलाकर सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलते ही, पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 18 घंटे के अंदर सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार,युवती लखनऊ में अपना इलाज करवा रही थी।

वहां से लौटने के बाद वह गयाजी में अपने रिश्तेदार के घर रुकी थी। अगले दिन सुबह उसके परिवार वालों ने उसे नवादा जाने वाली बस में बैठा दिया। सुबह करीब 8:30 बजे वह नवादा के



सद्भावना चौक पर पहुंची। वहां से उसने घर जाने के लिए एक ई-रिक्शा लिया। ई-रिक्शा चालक ने रास्ते में अपने दो और साथियों को बुला लिया।

फिर वे सब मिलकर युवती को रसूलनगर के एक सुनसान घर में ले गए। वहां एक और आदमी पहले से मौजूद था। चारों ने मिलकर युवती के साथ दुष्कर्म किया और उसका मोबाइल छीनकर उसे वहां से भगा दिया। सभी आरोपी गिरफ्तार नवादा के सदर एसडीपीए-1 हुलास कुमार ने इस घटना के बारे में कहा कि एक युवती को झांसा देकर चार युवकों ने नवादा में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

पकड़े गए लोगों में मुमताज मंसूरी, मोहम्मद समीर, मोहम्मद अरमान और मोहम्मद साबिर शामिल हैं। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपी नवादा के नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। बताया कि सभी साक्ष्यों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। आरोपियों को स्पीड ट्रायल के तहत सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। फिलहाल युवती पुलिस की सुरक्षा में है और सभी आरोपी जेल भेज दिए गए हैं।

कटिहार में कहा-9वीं पास बेटे को राजा बनाना चाहते हैं लालू यादव

## मंदिर-जाति के लिए नहीं, शिक्षा-रोजगार पर करें मतदान: प्रशांत किशोर

कटिहार, एजेंसी। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कटिहार के प्राणपुर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने अब तक मंदिर और जाति के लिए वोट दिया, लेकिन बच्चों के भविष्य के लिए नहीं।प्रशांत किशोर ने कहा कि मंदिर के लिए वोट दिया तो वो बन गया। जाति के नाम पर वोट दिया तो नीतीश कुमार ने जाति गणना करवा दी। लेकिन बच्चों के लिए वोट नहीं दिया, इसलिए वे गुजरात की फैक्ट्रियों में मजदूरी कर रहे हैं।

उन्होंने तीन सालों में हजारों गांवों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि आज भी कई बच्चों के पास पहनने के लिए कपड़े और चप्पल नहीं हैं। लालू यादव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वे अपने 9वीं पास बेटे को राजा बनाना चाहते हैं। जबकि आम लोगों के डिग्रीधारी बच्चे बेरोजगार हैं। सीमांचल के विकास पर सवाल



उठाते हुए उन्होंने कहा कि लोग मुफ्त अनाज और बिजली की बात कर रहे हैं। लेकिन युवाओं के पास रोजगार नहीं है। बिहार में भ्रष्टाचार व्याप्त है और बदलाव की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन पर सैकड़ों करोड़ खर्च होते हैं। लेकिन न रोजगार मिलता है, न चीनी मिल चालू होती है और न ही शिक्षा में सुधार होता है।

केस हटाने के बदले रिश्वत लेने पर रक्सौल एसडीपीओ निलंबित

## चंपारण डीआईजी ने की कार्रवाई, व्यवसायी से पैसे लेकर केस हटाने का था आरोप



**रक्सौल, मोतिहारी, एजेंसी।** बिहार सरकार ने रक्सौल के एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है। गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, उन पर भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोप सिद्ध हुए हैं। चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय ने जांच में पाया कि धीरेंद्र कुमार ने एक कपड़ा व्यवसायी टुन्ना प्रसाद के मामले में दलाल के जरिए रिश्वत ली। व्यवसायी के खिलाफ दर्ज मामले से नाम हटाने के लिए यह रिश्वत ली गई। जांच में यह भी सामने आया कि एसडीपीओ ने कई मामलों में बिना उचित जांच-पड़ताल के पर्यवेक्षण आदेश जारी किए। यह पुलिस नियमों का उल्लंघन था। इन आरोपों के बाद पहले उन्हें रक्सौल से हटाकर मुख्यालय भेज दिया गया था। नीतीश सरकार की यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख दिखाती है। पुलिस विभाग में यह संदेश गया है कि पद की परवाह किए बिना नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई होगी।

## बिहार में 125 यूनिट बिजली फ्री, चुनाव से पहले नीतीश कुमार ने दी एक और राहत

**पटना, एजेंसी।** बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। बिहार चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दे दी है। बिहार में 125 यूनिट मुफ्त बिजली का ऐलान किया गया है। सीएम नीतीश ने खुद एक्स पर इस बात की जानाकरी दी है। सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा, हमलोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन



वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी तथा शेष के लिए भी सरकार उचित सहयोग करेगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली का 125 यूनिट तक कोई खर्च नहीं लगेगा, साथ ही साथ राज्य में अगले तीन वर्षों में एक अनुमान के अनुसार 10 हजार मेगावाट तक सौर ऊर्जा उपलब्ध हो जाएगी।

**शिक्षक भर्ती परीक्षा कराने का आदेश** – आपको बता दें कि इससे पहले बुधवार को भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अहम निर्देश दिया था। सीएम नीतीश कुमार के इस निर्देश से बिहार में सरकारी टीचर बनने की आस में बैठे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली थी। सीएम नीतीश कुमार ने इसकी भी जानकारी एक्स पर दी थी। सीएम ने बताया था, 'हमने शिक्षा विभाग को कहा है कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्तियों की गणना तुरंत कर ली जाए और इस पर नियुक्ति के लिए TRE 4 की परीक्षा शीघ्र लेने की कार्रवाई की जाए। राज्य सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि नियुक्तियों में 35 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षण का लाभ बिहार की निवासी महिलाओं को ही दिया जाएगा।'

## भागलपुर में गंगा का कटाव बढ़ा:एक कट्ठा जमीन नदी में समाई

● बांस के पेड़ और मिट्टी भरकर ग्रामीण खुद रोक रहे पानी

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के टपुआ गांव में गंगा नदी का कटाव लगातार बढ़ रहा है। बुधवार रात गांव की करीब एक कट्ठा उपजाऊ भूमि कटकर गंगा में समा गई, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालात यह हैं कि अब कटाव से गांव की बस्ती को भी खतरा है। गांव के लोगों ने बुधवार को स्वयं ही रस्सी, बांस और अन्य सामग्री से कटाव रोकने की कोशिश की। लेकिन गंगा की तेज धारा के आगे ये उपाय



बेअसर साबित हुए। ग्रामीण प्रकाश यादव ने बताया कि जब समय था तब सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। अब खानापूर्ति की जा रही है, पर हालात बिगड़ते जा रहे हैं। कटाव से हम परेशान है। जमीन कट जाता है तो खाने के लिए नहीं मिलता है। सरकार से हम मांग करते है कि स्थिति को ठीक किया जाए। कटाव का काम हो। ग्रामीणों का आरोप है कि कटावग्रस्त क्षेत्र में न तो कोई स्थायी और न ही अस्थायी सुरक्षा काम किया गया। इसका नतीजा है कि कटाव ने तेजी पकड़ ली है।

फसलें बर्बाद हो गई हैं और पशुओं के लिए चारा व लोगों के लिए शुद्ध पानी की भारी किल्लत हो गई है। ग्रामीण का कहना है कि प्रशासन ने कोई काम नहीं किया है। मुआवजे और राहत कार्य की मांग ग्रामीणों ने मांग की है कि कटावरोधी काम तुरंत शुरू किया जाए और जिन किसानों की जमीन गंगा में समा गई है।

उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। लोगों का कहना है कि अब तक न तो कोई अधिकारी मौके पर आया है और न ही कोई राहत काम शुरू हुआ है। इससे लोगों की आजीविका पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। अंचलाधिकारी मनोहर कुमार ने बताया कि जांच के लिए गए हुए थे, कटाव को रोकने के लिए बालू भरकर बोरिया दिया जा रहा है।

मोतिहारी में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

## खेलते समय गहरे पानी में गिरे, सीओ ने मुआवजे का दिया आश्वासन

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में केसरिया थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में बुधवार की शाम पानी भरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे घर के पास तालाब के किनारे खेल रहे थे। खेलते समय वे फिसलकर गहरे पानी में चले गए। इससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। मृतक बच्चों की पहचान रघुनाथपुर पंचायत के वार्ड नंबर 8 निवासी राकेश राय के बेटे आलोक कुमार( 5 ) और बेटी अन्या कुमारी( 4) के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, तीन भाई-बहनों में ये दोनों सबसे छोटे थे। घटना की सूचना पर केसरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शवों को तालाब से निकाला गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव के सभी सार्वजनिक तालाबों की घेराबंदी की मांग की है।

उनका कहना है कि इससे भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं होंगी। जांच में जुटी पुलिस थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित परिवार को मिलेगा मुआवजा अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकारी नियम के अनुसार मृतक बच्चों के परिवार को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## श्री विद्या त्रिकोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ में दी गई 8 करोड़ आहुतियां

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** शहर के कन्हौली स्थित खादी भंडार सभागार में स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के संरक्षण में श्री विद्या त्रिकोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ शुरू हो गया। महायज्ञ में बुधवार तक महिलाओं और श्रद्धालुओं ने करीब आठ करोड़ आहुतियां दी। बिहार के विकास, देश की प्रगति, विश्व शांति और लोक कल्याण के उद्देश्य से आयोजित महायज्ञ में प्रतिदिन 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। महायज्ञ में बुधवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान शामिल हुए। उन्होंने बिहार और भारत की तरक्की के लिए मां ललिता से कामना की।

कहा कि पूरे देश में स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी और युवा चेतना के संयोजक रोहित कुमार सिंह सनातन धर्म के विस्तार का प्रयास कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि ललिता मां जागृत देवी हैं, इनका अनुसरण सबको करना चाहिए। सनातन धर्म हमारी शक्ति है। कहा की सिंदूर महायज्ञ में सामाजिक न्याय का भाव देखकर अच्छा लगता है। मौके पर स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा कि सनातन धर्म के खिलाफ बोलने का अधिकार किसी को नहीं है। कहा कि मां ललिता का महायज्ञ देश के हर जिले में होगा। कहा कि भारत माता को विश्व शक्ति के रूप में स्थापित करना ही जीवन का लक्ष्य होना चाहिए।

राज्यपाल समेंत कई मंत्री व गणमान्य लोग हुए शामिल महायज्ञ में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के अलावा केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी निषाद, पर्यटन मंत्री राजू सिंह, पंचायती राज मंत्री केदार गुप्ता, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा, कुलपति डॉ. दिनेशचन्द्र राय, बिहार राज्य व्यवसायिक आयोग के सदस्य रोहित चंद्रा, प्रकाश रंजन शाही, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बेबी कुमारी, भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, देवांशु किशोर, पूर्व विधान पार्षद डॉ. गीता कुमारी, विजय सिंह, चुन्नू, रंगीश ठाकुर, प्रो. ममता रानी, प्रो. मधु सिंह, राशि खत्री, मनीष चौधरी आदि थे।

राजपुर-मुरहन-शिवायडीह सड़क की ढलाई हुई जर्जर

## वर्ष 2021 ईस्वी में 4 करोड़ के अधिक लागत से सड़क का हुआ था निर्माण

**भागलपुर, एजेंसी।** प्रखंड क्षेत्र के राजपुर-मुरहन-शिवायडीह सड़क की ढलाई पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। दो किलोमीटर तक पीसीसी ढलाई में बीचों-बीच लंबी-लंबी दरार आ गई है और कहीं सड़क टूट भी गई है। इसके अलावा अलकतरा पीचिंग पर गडडा बनकर पूरी तरह उबड़-खाबड़ सड़क बन गई है। जिसके कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है।

वहीं आए दिन दुर्घटना भी हो रही है। प्रखंड के दक्षिणी क्षेत्र लैलख, परघड़ी और बैजलपुर पंचायत के लगभग एक दर्जन गांव के लोगों को जाने आने के लिए एकमात्र इसी सड़क मार्ग का साधन है। इसके अलावा पांच प्रखंड क्षेत्र कहलगांव, सन्हौला, गोराडीह और बांका जिला के रजौन और धोरैया प्रखंड के कुछ हिस्सों के लोग इसी मार्ग से आवागमण कर प्रखंड और शहर की ओर आते जाते हैं।हालांकि कुछ लोग झारखंड गोड्डा जाने के लिए इसी सड़क मार्ग से होकर आना-जाना करते हैं।

दिन में तो लोग किसी तरह लोग सड़क पर आवागमन कर लेते हैं लेकिन रात्रि के समय इस सड़क पर खतरों से भरा सफर होता है। सबौर प्रखंड के पैक्स अध्यक्ष नितुन सिंह, बैजलपुर पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर प्रसाद, लैलख के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार और सामाजिक कार्यकर्ता सुजीत कुमार झा ने बताया कि यह सड़क पर चार वर्ष पूर्व 4 करोड़ से अधिक लागत की राशि से पीसीसी ढलाई के अलावा अलकतरा का कार्य किया गया था। तब से लेकर अब तक किसी प्रकार का इस पर मेंटेनेंस कार्य नहीं किया गया है। हर साल बाढ़ का पानी सड़क पर एक फीट तक हो जाता है। पानी हटने के बाद सड़क की स्थिति बदतर हो गई है।

इसको लेकर कई बार प्रखंड से लेकर जिला स्तर पर शिकायत भी कई की गई। लेकिन अब तक सड़क की मरम्मत और निर्माण कार्य नहीं किया गया। इस संबंध में सबौर बीडीओ प्रभात रंजन ने कहा कि जर्जर सड़क की समस्या को लेकर जानकारी मिलने के बाद जिला स्तर पर समस्या बताई गई है।

## प्रखंडों में पौधरोपण कार्य में लाएं तेजी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक संजय कुमार ने बुधवार को जिले के सभी मनरेगा बीपीओ के साथ ऑनलाइन बैठक की। इसमें उन्होंने सभी बीपीओ को पौधरोपण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। निदेशक ने कहा कि पिछले दो दिनों में जिले में पर्याप्त मानसूनी बारिश हो चुकी है। यह समय पौधरोपण शुरू के लिए अनुकूल है। इसलिए एक साथ सभी प्रखंडों में पौधरोपण शुरू होना चाहिए। हर हाल में जिले के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करे। इसके किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पंचायत रोजगार सेवकों को स्पष्ट दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सही तरीके से मस्टर रोल भरें। वहीं, समय सीमा के भीतर निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं करनेवाले पीआरएस और बीपीओ के विरुद्ध विभागीय नियमानुसर कार्रवाई की चेतावनी दी। गौरतलब है कि पिछले साल आठ लाख से अधिक पौधे लगाए गये थे। इसमें से करीब 78 प्रतिशत को सुरक्षित बचा लिया गया था। इससे उत्साहित होकर मुख्यालय ने इस साल 8.96 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सहायक आचार्य परीक्षानॉर्मलाइजेशन के विरुद्ध याचिका पर हाईकोर्ट ने प्रार्थियों का मांगा विवरण

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट में सहायक आचार्य परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन फार्मूला लागू किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। जस्टिस दीपक रोशन की अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि याचिका में कुल 103 प्रार्थियों में से केवल दो का ही पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया गया है। इस पर अदालत ने सभी याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे 17 जुलाई तक अपना पूरा विवरण दाखिल करें। यह याचिका गिरिधर राउत, रश्मि कुमारी समेत 101 अन्य की ओर से दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से यह दलील दी गई कि जेएसएससी द्वारा सहायक आचार्य परीक्षा में लागू किया गया नॉर्मलाइजेशन फार्मूला गलत है और यह नियमों के विरुद्ध है। इसलिए परिणाम को रद्द कर पुन: जारी किया जाए। वहीं आयोग की ओर से अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याचिका में अधिकतर प्रार्थियों का विवरण ही नहीं दिया गया है, इसलिए सुनवाई योग्य नहीं है। कहा कि नॉर्मलाइजेशन फार्मूला की जानकारी पहले से ही विज्ञापन में दी गई थी और सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया है। ऐसे में प्रक्रिया पर रोक लगाना अदालत की अवमानना के दायरे में आएगा।

### स्कूल की छत बना बच्चों के लिए खेल का मैदान, डीएसई ने कहा- दोषी पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**खूंटी, एजेंसी।** जिला मुख्यालय से आठ किमी दूर खूंटी ब्लॉक के घाघरा गांव के एक प्राथमिक विद्यालय में बिना सुरक्षा के एक छत से दूसरे छत पर बच्चे कूदते नजर आए। साफ देखा जा सकता है कि छोटे-छोटे बच्चे किस तरह स्कूल की छत पर खेल रहे हैं। स्कूल की हालत ऐसी है कि छत पर जाने के लिए सीढ़ी तक नहीं है। स्कूल की दीवार पर लगे एक बांस की सीढ़ी के जरिए बच्चे छत पर चढ़ते और उतरते हैं। इसके साथ ही स्कूल की छत से सटे एक कटहल के पेड़ पर भी बच्चे चढ़कर कटहल तोड़ते नजर आए। ऐसे में बच्चों के साथ अगर कोई अनहोनी हो जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होगा, एक बड़ा सवाल है। स्कूल में 35 से अधिक बच्चे नामांकित हैं, जबकि रोजाना लगभग 25 से अधिक बच्चे आते हैं। ग्रामीणों के अनुसार स्कूल के लिए एक शिक्षक तो हैं, लेकिन स्कूल खोलकर वे चले जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार शिक्षक बच्चों की हाजिरी बनाकर चले जाते हैं और बच्चे दिन भर खेलते रहते हैं। बच्चों ने पूछने पर बताया कि स्कूल में हिंदी, गणित और पर्यावरण की पढ़ाई होती है। स्कूल में मौजूद एक ग्रामीण ने बताया कि स्कूल में कभी-कभी पढ़ाई होती है। इस मामले में डीएसई अभय कुमार सील ने बताया कि पहली बार मामले को लाया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित एचएम और अधिकारी से मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल की छत पर खेलने के मामले की जांच की जाएगी और जांच के बाद दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### झारखंड में लाखों लोगों के भोजन के अधिकार से वंचित होने की आशंका

**रांची, एजेंसी।** भोजन का अधिकार अभियान ने संभावना जतायी है कि झारखंड में बड़े पैमाने पर राशन कार्ड का डिलिशन हो सकता है। इसपर गहरी चिंता जताते हुए संस्था ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर राशन कार्ड के डिलिशन पर रोक लगाने की मांग की है। संस्था की दलील है कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभ ले रहे सभी कार्डधारियों के लिए 30 जून 2025 तक ईकेवाईसी पूरा करने की अंतिम तारीख निर्धारित की थी। जन वितरण प्रणाली के आहार पोर्टल के आंकड़ों के आधार पर 14 जुलाई तक राष्ट्रीय और राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 74.6 लाख लोगों का द्व्यङ्घ्ष्ट नहीं हुआ है। इसमें 8.24 लाख राशन कार्ड में एक भी सदस्य का ईकेवायसी नहीं है। ऐसे में लाखों गरीब राशन कार्ड धारियों को तकनीकी और व्यवस्थागत समस्याओं के कारण राशन के हक से वंचित किया जा सकता है। यह जानकारी भोजन का अधिकार अभियान के संयोजक अशर्फी नंद प्रसाद की ओर से दी गयी है। भोजना का अधिकार अभियान संस्था का कहना है कि झारखंड में साल 2017 और 2018 में राशन की कमी से 17 लोगों की मौत हो गई थी। लिहाजा, इतने बड़े पैमाने पर कार्डधारियों का डिलिशन बड़ी संख्या में गरीबों को भूख और कुपोषण की ओर धकेल सकता है। अभियान का मानना है कि इसका असर खासतौर पर वृद्ध, दिव्यांग, प्रवासी मजदूर, बच्चों और दूरदराज के इलाकों में रहने वालों पर पड़ेगा।

**नामकुम ग्रिड सब स्टेशन के परिचालक ने सुनाई आपबीती**

# अचानक चड्डी-बनियान पहनकर घुसे दो दर्जन लोग और लूट ली 16 लाख की सामग्री



**रांची।, एजेंसी।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के नामकुम ग्रिड सब स्टेशन में हुए लूटपाट की घटना से पूरा शहर हिल गया है। पहली बार किसी सबस्टेशन में 16 लाख रुपये की समाग्री लूट ली गई है। जिससे राज्य में मौजूद सब स्टेशन के कर्मी दहशत में है। जानकारी के अनुसार घटना को चड्डी-बनियान गैंग द्वारा अंजाम दिया गया है। यह बातें खुद नामकुम के ग्रिड सब स्टेशन के परिचालक अयोध्या प्रसाद ने कहीं। उन्होंने रात में मंगलवार की रात हुई लूटपाट की घटना की आपबीती के बारे में खुलकर बताया।

उन्होंने कहा कि मैं कुछ महीनों में रिटायर होने वाला हूं, लेकिन आज तक पूरे सर्विस में इस प्रकार की घटना कभी नहीं हुई थी, अचानक दो दर्जन से अधिक लोग चड्डी-बनियान पहनकर हथियार के साथ सब स्टेशन में पहुंचे और पूरा सब स्टेशन हाईजैक कर लिया।सब स्टेशन में मौजूद सभी कर्मियों को बंधक बना लिया। यह सब ग्रिड सब स्टेशन के टूटे हुए दीवार के कारण हो सका है। अगर दीवार नहीं टूटी होती तो यह घटना नहीं होता।

महीनों से ग्रिड सब स्टेशन की दीवार टूटी हुई है, दीवार की मरम्मत के लिए कई बार पत्र लिखने के बाद भी अबतक दीवार नहीं बन पाया है। उन्होंने कहा कि ग्रिड सब स्टेशन में होमगार्ड की जवान है, लेकिन उन्हें लाठी तक नहीं दी गई है। सीसीटीवी कैमरा महीनों से खराब है। पूरी व्यवस्था चौपट है।

नामकुम ग्रिड सब स्टेशन में हुई लूटपाट की घटना से सब स्टेशन में बंधक बनें कर्मी दहशत में है। कोई कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। हर कोई भगवान का शुक्रगुजार होने की बात कह रहा है। कर्मियों ने बताया कि यह पूरी घटना को सोची-समझी साजिश के तहत अंमाज दिया गया है।

बड़े पैमाने पर भारी-भरकम समाग्री लुटेरे लेकर गए है और उसे खपाना काफी मुश्किल है। चोरी किए गए समाग्री में कॉपर, टर्मिनल कनेक्टर, बुसिंग कनेक्टर, डिफरेंट टाइप टर्मिनल कनेक्टर, कॉपर केबल आदि कई महत्वपूर्ण समाग्री शामिल है।

कर्मियों ने बताया कि पूरी घटना की जांच पुलिस कर रही है, लेकिन विभाग के अधिकारी अबतक कोई ठोस कदम लेने को तैयार नहीं है। सब मौन धारण किए हुए है।नामकुम के ग्रिड सब स्टेशन में लूटपाट की घटना के अंजाम देने वाले दो दर्जन से अधिक अपराधी घटना को अंजाम देने के दौरान स्थानीय भाषा, भोजपुरी और हिंदी भाषा में एक दूसरे से बात कर रहें थे। ग्रिड सब स्टेशन के कर्मियों ने बताया कि नामकुम ग्रिड को हाईजैक कर लिया गया, लेकिन इस दौरान अगर कोई बड़ी चूक होती तो, पूरे शहर की बिजली व्यवस्था चरमरा जाती।ग्रिड सब स्टेशन नामकुम से राजधानी के आधे हिस्से में बिजली पहुंचती है। जिस दौरान लूटपाट हुई उस दौरान पूरे शहर की लोड पीक आवर में थी, ट्रांसमिशन की 33केवी लाइन से निकलने वाले 140 से 150 मेगवाट बिजली आपूर्ति बाधित होती। वहीं, बुधवार के दिनभर ग्रिड सब स्टेशन में बिजली विभाग के कई अधिकारी पहुंचे और घटना का जायजा लिया।

# टंडवा में हिरण के बच्चे को कुत्तों ने घेरा

## जंगल से भटककर गांव में आया हिरण, ग्रामीणों ने बचाई जान, सुरक्षित छोड़ा गया

**चतरा, एजेंसी।** चतरा जिले के टंडवा वन क्षेत्र के खैरका गांव में ग्रामीणों की जागरूकता और वन विभाग की मुस्तैदी से एक हिरण के बच्चे की जान बच गई। जंगल से भटककर गांव में आए हिरण के इस मासूम बच्चे को कुत्तों के झुंड ने घेर लिया था। लेकिन समय रहते ग्रामीणों के एक्टिव रहने की वजह से उसकी जान बच गई।

जानकारी के अनुसार, सीमावर्ती जंगल से भटककर एक नन्हा हिरण खैरका गांव में आ गया। गांव में प्रवेश करते ही उसे कुत्तों के झुंड ने घेर लिया और हमला कर दिया। मासूम जानवर अपनी जान बचाने की कोशिश कर ही रहा था कि ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी।

### ग्रामीणों की तत्परता ने बचाई जान

गांव वालों ने बिना समय गंवाए तुरंत हस्तक्षेप किया और कुत्तों से हिरण के बच्चे को बचाकर उसे सुरक्षित किया। इसके बाद उन्होंने फौरन वन विभाग को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों की इस संवेदनशीलता ने एक नन्हे वन्यजीव की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम में वनपाल सुनील उरांव, वनरक्षी महेश कुमार, मनोज कुमार और इंद्रदेव आर्य शामिल थे। वनकर्मियों ने हिरण के बच्चे की प्राथमिक जांच की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसे कोई गंभीर चोट तो नहीं आई है। सौभाग्य से उसे केवल मामूली खरोंचें आई थीं और वह पूरी तरह स्वस्थ पाया गया।

### जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया हिरण का बच्चा

स्वास्थ्य जांच के बाद वन विभाग की टीम ने हिरण के बच्चे को जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। टीम ने ग्रामीणों की भूमिका की सराहना की और वन्यजीवों के संरक्षण में ऐसे सहयोग को जरूरी बताया। इसे लेकर वनरक्षी टंडवा वनक्षेत्र महेश कुमार ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों की जागरूकता और सहयोग सराहनीय है। ऐसी भागीदारी से ही वन्यजीवों का संरक्षण संभव है।

# जोनल आईजी ने बरवाडीह एसडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण, नक्सलियों की संपत्ति जांच के दिए निर्देश



**पलामू, एजेंसी।** जोनल आईजी सुनील भास्कर ने मंगलवार को लातेहार के बरवाडीह के एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। दरअसल बरवाडीह झारखंड के अति नक्सल प्रभावित पुलिस अनुमंडल में से एक माना जाता है। बरवाडीह पुलिस अनुमंडल से ही बूढ़ा पहाड़ समेत कई इलाकों में नक्सल अभियान की मॉनिटरिंग की जाती है। बरवाडीह पुलिस अनुमंडल के अंतर्गत भी पलामू टाइगर रिजर्व का इलाका भी आता है।

पलामू के जोनल आईजी सुनील भास्कर मंगलवार को बरवाडीह एसडीपीओ कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी से आईजी ने कई बिंदुओं पर जानकारी मांगी। आईजी ने नक्सल विरोधी अभियान की जानकारी ली और उसकी समीक्षा भी की। टॉप नक्सल कमांडरों को टारगेट कर अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है साथ ही साथ आत्मसमर्पण के लिए परिजनों से बातचीत करने का भी निर्देश दिया गया।

आईजी ने टॉप नक्सल कमांडरों के संपत्ति जांच के भी निर्देश दिए। जोनल आईजी सुनील भास्कर ने सभी पुलिस अधिकारियों को आम जनता के साथ संवाद स्थापित कर सिविक एक्शन कार्यक्रम चलाने को कहा। पुलिस एवं आम लोगों के बीच बेहतर समन्वय एवं समाधान को लेकर पहल करने को कहा गया है। थानों में तैनात सभी पुलिस पदाधिकारी खुफिया सूचनाओं को इकट्ठा करेंगे और इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों के साथ साझा करेंगे। आईजी ने लंबित वारंट और मुकदमों को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया है।

# राजमहल कोल परियोजना की सड़कें बनीं जानलेवा



**गोड्डा, एजेंसी।** गोड्डा में ईसीएल की राजमहल कोल परियोजना अंतर्गत ललमटिया क्षेत्र की सड़कें इन दिनों बुरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। परियोजना क्षेत्र के भीतर और आसपास की सड़कें अब खतरनाक बन गई हैं, जिससे आवागमन एक बड़ी चुनौती बन गया है।

परियोजना के मेन रोड से लेकर ग्रामीण इलाकों को जोड़ने वाली सड़कों की हालत इतनी खराब है कि आम लोगों के साथ-साथ मरीजों और गर्भवती महिलाओं को भी अस्पताल पहुंचने में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बांसडीहा से भेरंडा के बीच लगभग दो किलोमीटर सड़क इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि एंबुलेंस तक यहां नहीं चल पा रही है।

यह सड़क न केवल स्थानीय लोगों के लिए अहम है, बल्कि गोड्डा को साहिबगंज और पाकुड़ जैसे जिलों से जोड़ता है। इसके बावजूद ईसीएल की उदासीनता साफ नजर आती है। इन सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी ईसीएल की है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। खनन क्षेत्र के पास की सड़कें, जैसे गंगा सागर मार्ग, जो एरिया ऑफिस को जोड़ती है, पूरी तरह टूट चुकी हैं। गड्ढों में पानी जमा रहता है, जिससे न केवल दोपहिया वाहन चालकों को दिक्कत होती है, बल्कि छोटी गाड़ियां भी फंस जाती हैं। ललमटिया से सीमड़ा और फिर सीमड़ा से मोहनपुर तक की सड़कें भी बदहाल हैं। इन मार्गो पर कोयला ढोने वाले भारी वाहनों से गिरने वाली मिट्टी और कोयले की धूल से सड़कें और भी फिसलन भरी हो गई हैं। आए दिन बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं।

एम्बुलेंस चालक नवीन कुमार बताते हैं कि भेरंडा मार्ग से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं। मरीजों को समय पर अस्पताल ले जाना मुश्किल हो जाता है, खासकर डिलीवरी केस में स्थिति गंभीर हो जाती है। कई बार गाड़ियां फंस जाती हैं और मदद के लिए इंतजार करना पड़ता है।

ईसीएल के कई कर्मचारी भी इस स्थिति से परेशान हैं। कर्मचारी संपत का कहना है कि एरिया ऑफिस जाने वाली सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाता है और रास्ता और खतरनाक हो जाता है। स्थानीय लोग अब खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। जिन्होंने परियोजना के लिए अपनी जमीन दी थी, वे अब मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित हैं।

ईसीएल के एरिया इंजीनियर शिवम गौरव ने बताया कि क्षेत्र की सड़कों को लेकर जितना लोगो को परेशानी हो रही है। उतना चिंतित हम भी है। जल्द ही सड़कों का काम करवाया जाएगा।

# महिला समिति, बोकारो की सदस्याओं के द्वारा 'सावन मिलन' समारोह का आयोजन

निज संवाददाता | बोकारो



महिला समिति, बोकारो की सदस्याओं के द्वारा बोकारो क्लब में "सावन मिलन" समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समिति की मेंबर्स हरे परिधान में सजी धजी नज़र आईं। आयोजन का शुभारंभ अध्यक्ष अनिता तिवारी के आगमन से हुआ। सभी सदस्याओ ने तन्मयता से अतिथियों का स्वागत किया। सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार के नेतृत्व में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई जिसमें सावन के उपलक्ष्य में कविताएं,गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर 'सावन क्वीन' का भी सर्वसहमति से चुनाव हुआ तथा सुंदर मेंहदी, आकर्षक केश विन्यास वाली सदस्याओं को भी पुरस्कृत किया गया। विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल तथा आयोजनों से कार्यक्रम सुसज्जित रहा। सावन का झूला सजाया गया, नई सदस्याओं का स्वागत किया गया, सावन के गीत गाए गए तथा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। इस भव्य समारोह का आयोजन सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी की कुशल देखरेख में संपन्न हुआ। महिला समिति के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आपसी सौहार्द् व प्रेम को बढ़ाना तथा साथ ही महिलाओं में समाज सेवा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना एवं उन्हें इस नेक कार्य के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्षागण मोनिका रंगानी, इति रथ, देवजानी मिश्रा, अल्का मनवटी, अंजू सिंह,कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया, उप कोषाध्यक्ष अंजली तिवारी, सुरभि प्रभारी अनिशा झा,विद्यालय प्रभारी नीतू सुनीत व आशा राज, सिलाई व सैनिटरी प्रभारी प्रीति राजेश, समिता मोहंती,कल्पना वर्मा, यामिनी तथा नव चयनित सदस्या रूपांशी श्रीवास्तव ने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया। सावन महोत्सव 2025 में "सावन क्वीन" श्रद्धा, फर्स्ट रनर्स अप अन्नपूर्णा कुमार, सेकंड रनर्स अप संध्या राज, को चुना गया एवं मेंहदी के लिए चंदना को प्रथम पुरस्कार तथा रूपाली को द्वितीय तथा केश विन्यास के लिए सुष्मिता मार्डी और सावन स्पेशल पुरस्कार के लिए आशी सिंह को अध्यक्ष, महिला समिति अनिता तिवारी के द्वारा सम्मानित किया गया।

# मनोकामना पूरी होने पर हाथ के बल चलकर पहुंचा बाबा धाम



**देवघर, एजेंसी।** बाबा अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करते हैं। सच्चे मन और समर्पण भरी आस्था से मांगी मुराद पूरा कर ही देते हैं। मुजफ्फरपुर के मिथिलेश कुमार को अपने आराध्य पर अटूट विश्वास है। घर में मिथिलेश सहित कुल चार भाई को संतान के रूप में पुत्र तो है लेकिन पुत्री नहीं। मिथिलेश ने बाबा से अपने छोटे भाई के लिए एक पुत्री का वरदान मांगा।बाबा उनके भाई की झोली पुत्री रत्न से भर देंगे तो वह अपनी भतीजी (भाई की बेटी) के साथ लकड़ी से बनाई छोटी-सी डोलीनुमा गाड़ी को खुद से खींचकर लाएंगे।

बाबा से यह भी कहा कि मन्नत पूरी होते ही दोनों हाथों के बल जमीन पर चलते हुए गाड़ी खींचेंगे और माता गंगा का जल अर्पित करेंगे। बाबा ने सुन ली और घर में बेटी की किलकारी गूंजी।

अब समय आ गया बाबा से किया वादा पूरा करने का लेकिन आ गई एक अड़चन। भाई ने अगले साल सावन में बेटी को लेकर कांवर यात्रा पर जाने की बात कही पर मिथिलेश मानने वाला कहां था, उसने भतीजी के स्थान पर उसकी तस्वीर उस गाड़ी में लगा दी।

अपने भतीजे को गाड़ी में बैठाकर हाथों से गाड़ी खींचते हुए बाबा धाम पहुंच गए। मिथिलेश ने कहा कि बेटी नहीं होगी तो बहु कहां से लाएंगे, बाबा की भक्ति के साथ उसने पूरे देश में एक बड़ा संदेश भी दे डाला।

# 15 दिन में आएगा 8200 शिक्षकों का रिजल्ट, एक शिक्षक वाले स्कूलों में होगी पोस्टिंग

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में सरकारी स्कूलों को जल्दी ही 8200 शिक्षक मिलेंगे। इनमें पहली से पांचवीं तक के 5600 और छठी से आठवीं तक के 2600 विज्ञान शिक्षक होंगे। इनका रिजल्ट 15 दिन के अंदर जारी हो जाएगा। ज्यादातर प्राथमिक शिक्षकों की पोस्टिंग एक शिक्षक वाले स्कूलों में की जाएगी। वहां बच्चों की संख्या के अनुसार एक या दो शिक्षक भेजे जाएंगे। इनकी पोस्टिंग जिला स्तर पर होगी।

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने शिक्षा एवं साक्षरता सचिव उमाशंकर सिंह को यह जानकारी दी। जेएसएससी के मुताबिक 2600 विज्ञान शिक्षकों का रिजल्ट अगले सप्ताह और 5600 प्राथमिक शिक्षकों का रिजल्ट इसके 10 दिन के भीतर जारी होगा। रिजल्ट जारी होने के एक माह के भीतर सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन और पदस्थापन की कार्रवाई करनी होगी। किस जिले में कितने शिक्षकों की नियुक्ति होगी, जेएसएससी यह जानकारी भी शिक्षा विभाग को देगा।

नियुक्ति परीक्षा में लेटलतीफी झारखंड की नियति बन गई है। घोषणाएं होती हैं, परीक्षा भी ली जाती है, लेकिन किसी न किसी कारण से रिजल्ट अटक जाता है। राज्य में दो संस्थाएं जेपीएससी और जेएसएसस मुख्य रूप से नियुक्ति परीक्षाएं आयोजित करती हैं। लेकिन दोनों एजेंसियों का यही हाल है। अभी भी तीन नियुक्ति परीक्षाएं ऐसी हैं, जिनकी परीक्षा करीब एक साल पहले हो चुकी है। लेकिन अब तक फाइनल रिजल्ट घोषित नहीं हुआ। जबकि इसमें कोई विवाद भी नहीं है। यही नहीं, कुछ परीक्षाओं का इंटरव्यू हो चुका है तो कुछ में सफल अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन तक हो चुका है। लेकिन अभ्यर्थी अब तक रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। परीक्षा कैलेंडर का अनुपालन न किए जाने के कारण ऐसे हालात बन रहे हैं। अगर ये रिजल्ट जारी हो जाए तो झारखंड को 830 अधिकारी मिल जाए। अभ्यर्थी रिजल्ट पर टकटकी लगाए हुए हैं, लेकिन कब जारी होगा, बताने वाला कोई नहीं।



### जेएसएससी : 444 पदों पर लेडी सुपरवाइजर नियुक्ति परीक्षा

444 पदों पर नियुक्ति के लिए सितंबर 2024 में परीक्षा हुई थी। शॉर्ट लिस्टेड अभ्यर्थियों की पहली सूची 27 मई 2025 को जारी की गई, जिसमें 521 अभ्यर्थी थे। इनका डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 4 जून 2025 को किया गया। फिर अनुपस्थित अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 11 जून को हुआ। दूसरी सूची 7 जून 2025 को जारी हुई। 14 जून तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन हुआ, पर रिजल्ट अटका है।

### जेपीएससी : 11वीं से 13वीं सिविल सेवा नियुक्ति परीक्षा

दो साल पहले 342 पदों के लिए आवेदन मांगे गए थे। प्रारंभिक परीक्षा 22 अप्रैल 2024 को हुई, जिसमें 7011 अभ्यर्थी सफल हुए। मुख्य परीक्षा 22 से 24 जून 2024 तक ली गई। इसमें 864 अभ्यर्थी सफल हुए। 10 जून से 23 जून 2025 तक इनका डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन हुआ। इंटरव्यू भी 10 जून से शुरू हुआ था, जो पूरा कर लिया गया है। लेकिन फाइनल रिजल्ट अब तक नहीं आया है।

### जेपीएससी : एसडीपीओ के 44 पदों के लिए परीक्षा

झारखंड में विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) के 44 पदों पर नियुक्ति के लिए दो साल पहले जेपीएससी ने वैकेंसी जारी की थी। इसकी प्रारंभिक परीक्षा 10 जून 2024 को आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम 15 जुलाई 2024 को घोषित कर दिया गया है। इसके बाद मुख्य परीक्षा 2 से 4 अगस्त 2024 तक राज्य में विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की गई। लेकिन अभी तक इसका रिजल्ट घोषित नहीं किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ओडिशा में तीन तेंदुओं की खाल बरामद, सात लोग गिरफ्तार

**मयूरभंज, एजेंसी।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में वन्यजीवों के अंगों का व्यापार करने के आरोप में तीन तेंदुओं की खाल जब्त की गई और इस संबंध में एक सरकारी शिक्षक समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। सिमिलिपाल बाघ अभयारण्य (एसटीआर) के उप निदेशक सम्राट गौड़ा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर एसटीआर के अधिकारियों ने उदाला थाना क्षेत्र के कुटलिंग गांव और बादसाही थाना क्षेत्र के चंदनचतुरी गांव में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि पांच साल के तेंदुओं की दो खाल और एक साल के तेंदुए की खाल जब्त की गई। हालांकि, अभी यह पता नहीं चल पाया है कि तीनों तेंदुओं को कहां मारा गया। गौड़ा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सात लोगों के एसटीआर क्षेत्र और छत्तीसगढ़ के जंगलों के शिकारियों से संबंध हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए सात लोगों में सरकारी प्राथमिक विद्यालय का शिक्षक मनोरंजन टिपिरिया भी शामिल है।

### भाजपा विधायक ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के गुणों की तुलना राम और कृष्ण से की



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक परिणय फुके ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का चरित्र भगवान राम जैसा और बुद्धि भगवान कृष्ण जैसी है। फुके ने विधान परिषद में कहा कि फडणवीस ने महाराष्ट्र को विकास की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और इसे शीर्ष राज्य बनाया है। उन्होंने कहा, ''हम उनके भजन गाते हैं क्योंकि वह हमारे लिए भगवान के समान हैं। मुझे नहीं पता कि देवेंद्र फडणवीस भगवान हैं या नहीं, लेकिन वह एक ईश्वरीय व्यक्ति हैं।'' फुके ने कहा, ''उनका (फडणवीस का) भगवान श्री राम जैसा चरित्र, कृष्ण जैसी बुद्धि, महादेव जैसी सहनशीलता एवं विष को पचाने की क्षमता, सूर्य जैसा तेज और चंद्रमा जैसा शांत स्वभाव है।'' उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता फडणवीस की प्रशंसा करते हैं और उनका आभार व्यक्त करते हैं।

### ओम बिरला ने कोटा बाढ़ पीड़ितों के परिजन से मुलाकात की, जलभराव रोकने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए

**कोटा, एजेंसी।** कोटा-बूंदी से सांसद ओम बिरला ने कोटा जिले के वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का बुधवार को दौरा किया और उन लोगों के परिवारों से मुलाकात की जो पिछले कुछ दिनों में या तो बहने या अन्य कारणों से मारे गए। लोकसभा अध्यक्ष ने आवासीय क्षेत्रों में वर्षा जल के प्रवेश को रोकने के लिए किए जा रहे विकास कार्यों और वृक्षारोपण का भी जायजा लिया। बिरला सबसे पहले रणपुर क्षेत्र गए, जहां भारी बारिश से व्यापक नुकसान हुआ है। उन्होंने उस स्थान का दौरा किया जहां सोमवार को 27 वर्षीय एक महिला अपने एक रिश्तेदार के साथ स्कूटर पर नाले को पार करते समय उसमें बह गई थी।

### मादक पदार्थ सौदे में असफल होने पर तस्कर का अपहरण करने वाले सात आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने मादक पदार्थ के तस्कर और उसके सहयोगी का अपहरण किए जाने समेत जबरन वसूली के लिए हमला करने के मामले में अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील से कथित रूप से जुड़े एक 'अंतरराष्ट्रीय गिरोह' के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूरत निवासी साजिद इलेक्ट्रिकवाला नाम के मादक पदार्थों के तस्कर को करीब एक महीने तक आरोपियों ने बंधक बनाकर रखा था और अपराध शाखा द्वारा उसे बचा लिया गया। शब्बीर 10 जुलाई को भागने में सफल रहा और उसने मुंबई के ओशिवारा थाने में संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सरवर खान, मेहताब, संतोष वाघमारे, सतीश कडू, यूनुस थेवरपल्ली, तौसीफ सैंडी और राहुल सावंत के रूप में हुई है।

# हम करेंगे नेतृत्व और मैं बनूंगा मुख्यमंत्री: पलानीस्वामी

**चेन्नई, एजेंसी।**
ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एआईएडीएमके) प्रमुख एडप्पादी के पलानीस्वामी ने बुधवार को यहां कहा कि तमिलनाडु में पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अटूट है और भाजपा समेत इसके घटक दलों के बीच फूट डालने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन के संबंध में उनका निर्णय अंतिम होगा।

विधानसभा में विपक्ष के नेता ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के 'उंगलुदन स्टालिन' संपर्क कार्यक्रम की भी आलोचना की और इसे एक नाटक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका उद्देश्य 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले तमिलनाडु के लोगों को गुमराह करना है। पलानीस्वामी ने पूछा कि इस सरकार के बचे हुए आठ महीनों में लोग अपने मुद्दों के क्या ही समाधान की उम्मीद कर सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अगले साल राज्य में राजग के चुनाव जीतने पर गठबंधन सरकार बनाने संबंधी कथित टिप्पणी के बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए, पलानीस्वामी ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता ने केवल इतना कहा कि गठबंधन सत्ता में आएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, उनका कहना है कि हमारा गठबंधन सरकार बनाएगा। मैंने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि इस गठबंधन का नेतृत्व कौन कर रहा है? तो यह मेरा फैसला है, है ना? कौन मुख्यमंत्री बनेगा, कौन सरकार बनाएगा - हम दोनों (शाह और मैं) यह स्पष्ट कर चुके हैं। यह स्पष्ट कर दिया गया है कि अन्नाद्रमुक राज्य में राजग का नेतृत्व करेगा और अगर गठबंधन विजयी होता है तो वह मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा, गठबंधन में फूट डालने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। यह एक अटूट गठबंधन है।



पलानीस्वामी ने दावा किया कि द्रमुक को यह उम्मीद नहीं थी कि अन्नाद्रमुक गठबंधन करेगा और इसलिए वह डर के कारण विपक्षी गठजोड़ की आलोचना कर रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि द्रमुक ने अतीत में भाजपा के साथ गठबंधन किया था और सवाल किया कि क्या द्रविड़ पार्टी का तब ऐसा करना स्वीकार्य था, लेकिन अब अन्नाद्रमुक ने जब भाजपा के साथ गठबंधन किया है तो वह भाजपा को सांप्रदायिक बता रही है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया है कि ईपीएस ने शाह से कह दिया है कि जीत की स्थिति में न्यूनतम स्तर पर पावर शेयरिंग पर विचार किया जा सकता है। दरअसल, शाह ने साफतौर पर कहा था, हम चुनाव एडप्पाडी जी के नेतृत्व में लड़ेंगे। साथ ही उन्होंने गठबंधन सरकार का जिक्र किया था। कहा जा रहा है कि इसके चलते एआईएडीएमके नेताओं में हलचल तेज हुई थी। कहा जा रहा है कि ईपीएस की तरफ से इस बात पर जोर दिया जाना भाजपा और एआईएडीएमके के बीच एक समझ स्थापित होने के संकेत दे रहा है, जिसके तहत यह साफ हो चुका है कि चुनाव से पहले गठबंधन सरकार की बात को बढ़ाना देना नुकसान करा सकता है। इसकी वजह कोर द्रविड़ मतदाताओं के विरोध का डर माना जा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, ईपीएस की टिप्पणियों को जनता की धारणा बदलने की ठोस कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। अखबार को एक सूत्र ने बताया कि गठबंधन काफी प्रगति कर रहा है।

# ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी के माध्यम से आधार वेरिफिकेशन अनिवार्य

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
रेलवे प्रशासन ने देश भर में तत्काल प्रणाली के तहत ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी के माध्यम से आधार वेरिफिकेशन को आधिकारिक तौर पर अनिवार्य कर दिया है। एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक उचित सिंघल ने घोषणा की कि 15 जुलाई से ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार ओटीपी के जरिए वेरिफिकेशन जरूरी हो गया है।

सिंघल ने इस बात जोर दिया कि ये संशोधन यात्रियों के लिए तत्काल टिकटों तक निष्पक्ष और पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित करने, उनके हितों की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए किए गए हैं कि वास्तविक उपयोगकर्ता इस प्रणाली का लाभ उठा सकें।

उन्होंने कहा, यात्री मोबाइल ओटीपी के माध्यम से सत्यापन के बिना तत्काल टिकट प्राप्त नहीं कर पाएंगे। नई प्रणाली के तहत तत्काल टिकट आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट, मोबाइल ऐप या भारतीय रेलवे के पीआरएस काउंटरों के माध्यम से बुकिंग के लिए उपलब्ध होंगे। अधिकारी का कहना है कि रेलवे आरक्षण प्रणाली द्वारा ओटीपी के बाद ही अधिकृत एजेंटों के माध्यम से टिकट बुकिंग के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। यह ओटीपी बुकिंग के समय उपयोगकर्ता द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। सिंघल ने बताया, तत्काल आरक्षण टिकट लेने वालों को अब टिकट बुक करते समय अपने आधार नंबर से जुड़ा सिम कार्ड वाला मोबाइल साथ रखना होगा।



रेलवे ने यह भी कहा कि बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान बड़ी संख्या में बुकिंग की अनुमति नहीं होगी। सिंघल ने कहा, रेल आरक्षण की शुरुआती अवधि के दौरान बड़ी संख्या में बुकिंग को रोकने के लिए, भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकट एजेंटों को बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं होगी। यह प्रतिबंध एसी श्रेणियों के लिए सुबह 10 बजे से 10:30 बजे तक और गैर-एसी श्रेणियों के लिए सुबह 11 बजे से 11:30 बजे तक लागू रहेगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे इन बदलावों पर ध्यान दें और असुविधा से बचने के लिए सुनिश्चित करें कि उनकी प्रोफाइल उनके आधार नंबर से जुड़ी हो।

# महाराष्ट्र के नक्सल प्रभावित गांव में आजादी के बाद पहली बार चली बस

**गढ़चिरौली, एजेंसी।**
कभी नक्सलियों का गढ़ रहे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के एक सुदूर गांव में आजादी के बाद अब पहली बार सरकारी बस सेवा शुरू हुई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बुधवार को जब पहली बस मरकनार गांव पहुंची तो स्थानीय लोगों ने राष्ट्रध्वज लहराकर उसका स्वागत किया। पुलिस ने बयान जारी कर बताया कि इस सेवा से मरकनार और आसपास के गांवों के छात्रों समेत लगभग 1,200 निवासियों को लाभ होगा। पुलिस की ओर से दावा किया गया है कि गढ़चिरौली पुलिस के प्रयासों के बाद आजादी के बाद पहली बार सुदूर मरकनार गांव से अहेरी तक बस सेवा शुरू की गई है। आदिवासी आबादी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए जाना जाने वाला गढ़चिरौली जिला खराब कनेक्टिविटी की समस्या से जूझ रहा था। मरकनार गांव गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ उपखंड में अबूझमाड़ की तलहटी में स्थित है, जो नक्सलियों का गढ़ था। बुधवार को ग्रामीणों ने पहली बार अपने इलाके में बस सेवा देखी।



गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल की पहल पर शुरू की गई राज्य परिवहन सेवा का स्वागत करने के लिए ग्रामीण तिरंगा लेकर एकत्रित हुए। इस सेवा से मरकनार, मुरुंभुशी, फुलनार, कोपरशी, पोयारकोठी और गुंडुरवाही जैसे गांवों के 1,200 से ज्यादा निवासियों, खासकर मरीजों, छात्रों और अन्य यात्रियों को लाभ होगा। गढ़चिरौली पुलिस ने दूरदराज के इलाकों में परिवहन को आसान बनाने के लिए कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू की हैं। कहा गया है कि एक जनवरी 2025 को गट्टा-गरदेवड़ा-वांगेतुरी मार्ग पर और 27 अप्रैल को कटेझर से गढ़चिरौली के लिए बस सेवा शुरू की गई। पिछले पांच वर्षों में, गढ़चिरौली पुलिस के संरक्षण में जिले में 420.95 किलोमीटर लंबी 20 सड़कें और 60 पुल बनाए गए हैं। बता दें कि होम मिनिस्टर अमित शाह ने 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने का टारगेट रखा है।

# राधिका यादव से बेस्ट फ्रेंड ने भी 6 महीने से नहीं की थी बात, किसी सबूत से इनकार

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
राधिका यादव हत्याकांड की जांच लगातार जारी है, लेकिन पुलिस के सामने अभी भी कई सवालों के जवाब नहीं हैं। इस मामले में पुलिस ने मृतका की दोस्त हिमांशिका से फोन पर पूछताछ की है। पूछताछ के दौरान कई जानकारी मिली है। हिमांशिका ने पुलिस को बताया कि राधिका और हिमांशिका के बीच आखिरी बार जनवरी महीने में फोन पर बात हुई थी। इस हिसाब से दोनों के बीच 6 महीने से संपर्क नहीं था।



बातचीत की यह लंबी अवधि का अंतराल जांचकर्ताओं के लिए कई सवाल खड़े कर रहा है। बता दें कि राधिका की पिता के द्वारा हत्या करने के बाद हिमांशिका ने सोशल मीडिया पर आकर दो वीडियो में उसकी आपबीती के बारे में जिक्र किया था,उसके बाद पुलिस ने हिमांशिका से संपर्क कर जानकारी हासिल करने के साथ-साथ मामले से जुड़े डिजिटल साक्ष्य मांगे थे, लेकिन हिमांशिका ने पुलिस को इस बारे में मना कर दिया था। पुलिस इस हत्याकांड से जुड़े हर छोटे-बड़े पहलू को खंगाल रही है। इसी कड़ी में राधिका की करीबी दोस्त हिमांशिका से पूछताछ की गई। पुलिस ने हिमांशिका से स्पष्ट रूप से पूछा कि क्या उनके पास राधिका की हत्या से संबंधित कोई भी साक्ष्य या जानकारी है, जो जांच में मददगार साबित हो सके। हालांकि, हिमांशिका ने पुलिस के सामने साफ इनकार कर दिया कि उनके पास ऐसा कोई भी सबूत मौजूद है। राधिका हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में अब पुलिस की सबसे बड़ी उम्मीद फोरेंसिक लैब से आने वाली रिपोर्ट पर टिकी है। पुलिस को राधिका यादव और उनके पिता दीपक यादव के फोन डाटा की विस्तृत फोरेंसिक रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार है।

## आप इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं, लोकसभा चुनाव तक ही था अलायंस: संजय सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने बुधवार को एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद से ही इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है। बता दें कि साल 2024 का लोकसभा चुनाव आप और कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत लड़ा था। हालांकि, बाद में हरियाणा और दिल्ली विधानसभा चुनावों में दोनों ने अलग-अलग दो-दो हाथ किया था। कहा कि हमने साफ कर दिया है कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था। जहां तक संसद का सवाल है तो हम हमेशा सरकार की सभी गलत नीतियों का विरोध करते रहे हैं। हम संसद के मानसून सत्र के दौरान दिल्ली में झुग्गियों को तोड़े जाने का मुद्दा उठाएंगे। हमने आधिकारिक तौर पर कहा है कि आम आदमी पार्टी आज से भारत गठबंधन के साथ नहीं है। हमारा गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए था। इसके साथ ही आप सांसद ने आगे कहा कि संसद के मानसून सत्र में उनका रुख पहले की तरह कायम रहेगा। वह इस सत्र में दिल्ली में झुग्गियों के कथित विध्वंस का मुद्दा उठाएंगे। बता दें कि हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में झुग्गियों के कथित विध्वंस को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर निशाना साधा था।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश से मौसम हुआ सुहावना, अच्छी श्रेणी में पहुंची एयर क्वालिटी

**नोएडा, एजेंसी।**
दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में हो रही बारिश के चलते तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इस बीच, बारिश की वजह से दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक भी अच्छी श्रेणी में पहुंच गया है। एक्यूआई में आई गिरावट के चलते लोगों को राहत की सांस मिल रही है। दिल्ली-एनसीआर में जुलाई के तीसरे सप्ताह में लगातार हो रही रुक-रुक कर बारिश ने न सिर्फ मौसम को सुहावना बना दिया है, बल्कि वायु गुणवत्ता सूचकांक को भी बेहतर बना दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 जुलाई से लेकर अगले कुछ दिनों तक दिल्ली-एनसीआर में हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के साथ बारिश जारी रहेगी। हालांकि, मौसम विभाग की ओर से कोई चेतावनी या अलर्ट जारी नहीं किया गया है। दिल्ली में एक्यूआई ज्यादातर स्थानों पर 'अच्छी' श्रेणी में है। 17 जुलाई को सुबह दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता अच्छी श्रेणी में दर्ज की गई। डीयू (डीटीयू) में सबसे अच्छा एक्यूआई 37 रिकॉर्ड किया गया, जबकि बुराड़ी क्रॉसिंग में 48 रहा। इसके अलावा, चांदनी चौक (68), लोदी रोड (56), अलिपुर (61), नरेला (74), और नेहरू नगर (65) जैसे क्षेत्रों में भी एक्यूआई 'अच्छा' रहा। हालांकि, मुंडका में एक्यूआई 133 और आनंद विहार में 78 दर्ज किया गया, जो मध्यम से संतोषजनक श्रेणी में आता है। वहीं, नोएडा के सेक्टर-62 और सेक्टर-1 में एक्यूआई 65 और 64 रहा, जो अच्छी श्रेणी में आता है, लेकिन सेक्टर-125 का एक्यूआई 141 रिकॉर्ड हुआ, जो मध्यम स्तर पर है। गाजियाबाद के लोहानी (101) और संजय नगर (109) में एक्यूआई थोड़ा बढ़ा हुआ पाया गया, जबकि वसुंधरा (66) और इंदिरापुरम (70) में एक्यूआई संतोषजनक रहा। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की वेबसाइट के अनुसार, 17 से 22 जुलाई तक राजधानी दिल्ली में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होती रहेगी।



## उपराज्यपाल ने जय भीम कोचिंग योजना में जांच के आदेश दिए, आप ने बताया प्रतिशोध की राजनीति

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को कहा कि उपराज्यपाल (एलजी) वी.के. सक्सेना ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के कार्यकाल के दौरान 'जय भीम प्रतिभा विकास योजना' में कथित भ्रष्टाचार की जांच कराने के आदेश दिए हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ÷वर्ष 2020-21 में चलाई गई ÷जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना÷ में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं।''अरविंद केजरीवाल सरकार ने इसके 145 करोड़ रुपये से ज्यादा के बिल मंजूर कर दिए। इस योजना के तहत संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निजी कोचिंग संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग प्रदान की जाती है।

# भतीजे को टिकट देकर कोई एहसान नहीं किया: उमा भारती

**भोपाल, एजेंसी।**
बीजेपी की सीनियर नेता और मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने हाल ही में एक ट्वीट के जरिए पार्टी पर निशाना साधा है। अपने भतीजे राहुल लोधी को टिकट देने को लेकर उन्होंने साफ कहा कि यह कोई एहसान नहीं था, बल्कि पार्टी की मजबूरी थी। अपने भावुक ट्वीट में उन्होंने अपने परिवार की राजनीतिक यात्रा और बलिदानों को भी उजागर किया, जो चर्चा का विषय बन गया है।

उमा भारती ने 16 जुलाई को कई ट्वीट किए। उन्होंने कहा, ÷मेरे भाई-भतीजों को मेरी छवि की चिंता ने उनकी योग्यता के अनुसार तरक्की से रोका। राहुल को टिकट देना पार्टी के लिए जरूरी था, क्योंकि बुंदेलखंड में बीजेपी को नुकसान हो सकता था।÷ उमा ने खुलासा किया कि उनकी वजह से परिवार पर झूठे आरोप जैसे लूट और डकैती लगे, लेकिन कोर्ट ने हमेशा उन्हें निर्दोष साबित किया। साथ ही, उन्होंने यह भी जिक्र किया कि अगर उन्हें चुनाव नहीं लड़ाया जाता, तो उनके भाई या भतीजे पहले ही सांसद या विधायक बन सकते थे। राहुल लोधी की 2018 में खरगापुर से विधायक निर्वाचन को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 2022 में रद्द कर दिया था, जिसमें नामांकन पत्रों में गड़बड़ी पाई गई थी। यह घटना उनके बयान को और गहराई देती है।

उमा भारती ने कहा, ग्राम डूंडा, जिला टीकमगढ़ के लोधीवंश के जिस परिवार में जन्मी वहां मेरे संन्यस्त जीवन के पूर्व के चार भाई और एक बहन थी जिसमें से दो बड़े भाइयों का एवं एक मात्र बहन का निधन हो चुका है, मैं सबसे छोटी थी इसलिए बहुत लाड़ प्यार से पली। फिर 6 वर्ष की आयु से सामाजिक जीवन में आकर प्रवचन शुरू हो गए, देश-विदेश में मेरे प्रवचन सुनने वालों ने मुझे बाल गोपाल ही कहा।



उन्होंने कहा, मेरे परिवार ने मेरी राजनीति के कारण बहुत कष्ट उठाया है। शायद ही मध्य प्रदेश भाजपा के बड़े पदों पर बैठे नेताओं के परिवार ने इतने कष्ट उठाए हों, सरकार चाहे कांग्रेस की रही हो या भाजपा की मेरी वजह से उनकी खूब प्रताड़ना हुई। लूट, डकैती जैसे झूठे आरोप लगे और कोर्ट में हमेशा वह पूरी तरह से निर्दोष साबित हुए। मेरे भाइयों की संताने मेरी छवि की चिंता के कारण स्वयं जितनी योग्यता रखते थे उतनी तरक्की नहीं कर पाए। मेरे एक भाई के बेटे राहुल को टिकट देना परिवार पर कोई एहसान नहीं था पार्टी की मजबूरी थी।

बीजेपी नेता ने कहा, बुंदेलखंड में भाजपा को इससे नुकसान हो सकता था मेरा परिवार तो जनसंघ के समय से भाजपा में है राहुल और सिद्धार्थ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में बाल स्वयंसेवक थे तब मैं राजनीति से कोसों दूर थी। मेरा परिवार जन संघ से जुड़ा था। भाजपा अगर मुझे चुनाव न लड़ाती तो मेरे परिवार के भाई या भतीजे सांसद या विधायक बहुत पहले बन गए होते। टीकमगढ़ जिले में सामंती शोषण के आतंक की जड़ें भाजपा के राज्य में भी उखड़ नहीं पाई थी। उन्होंने कहा, राहुल ने अपनी पत्नी उमिता सिंह को जिला पंचायत का अध्यक्ष बनाकर पूरे बुंदेलखंड के सामंती आतंक के गढ़ को चुनौती दे दी। अब दोनों पति-पत्नी शान और स्वाभिमान के साथ राजनीति करते हैं। मेरे चारों भाई ऐसे ही रहे, मेरे पिता और दादा भी ऐसे ही थे। ऐसे परिवार में जन्म लेने से प्राप्त संस्कारों से ही राजनीति में कई मुकाम मैंने हासिल किए। उन्होंने आगे कहा, राजनीति में आते ही अटल जी, आडवाणी जी, राजमाता जी और संघ के वरिष्ठतम स्वयंसेवकों की छत्रछाया मिली जो मेरे से 30, 40 साल तक बड़े थे। मेरी लोकप्रियता से उन्हें गर्व होता था फिर भी मुझे अपना बालक जैसा मानते थे मुझे उन वरिष्ठों की छत्रछाया में संगठन एवं सत्ता में उच्च पद प्राप्त हुए।

**बीजेपी के भीतर टिकट विवाद:** उमा का यह बयान तब आया है जब पार्टी के भीतर टिकट आवंटन को लेकर असंतोष की खबरें सामने आ रही हैं। हाल ही में हरियाणा में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को टिकट बंटवारे में ज्यादा राय नहीं देने देने की बात सामने आई थी, जिससे बगावत की स्थिति पैदा हुई।

## गुरुग्राम के मानेसर स्थित दो स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम पुलिस ने मानेसर स्थित आम्रपाली बिल्डिंग में दो स्पा सेंटरों में कथित तौर पर चल रहे एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मंगलवार देर शाम की गई छापेमारी में एक महिला स्पा मालकिन समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मानेसर थाने में अनैतिक तस्करी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि आईएमटी मानेसर के सेक्टर-2 स्थित आम्रपाली इमारत में ऑस्कर और गोल्डन ग्रेविटी के नाम से दो स्पा हैं, जिसमें कुछ महिलाएं स्पा की आड़ में सेक्स रैकेट संचालित कर रही हैं। इसके बाद मंगलवार को पुलिस टीम ने छापेमारी की। थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार ने बताया, ''हमने अपने जवानों को एक फर्जी ग्राहक बनाकर दोनों स्पा सेंटर में भेजा। उन्होंने संचालकों से मुलाकात की और रेट तय करके महिलाओं की मांग की, जिस पर संचालक मान गए। उसने एक स्पा सेंटर में एक जोड़े को आपत्तिजनक स्थिति में भी पाया। उससे संकेत मिलने पर हमने स्पा पर छापा मारा और एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# विचार-मंथन

संपादकीय

## व्यवस्था पर सवाल

ओडिशा के बालासोर में कॉलेज फैकल्टी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली छात्रा की मौत पूरे सिस्टम की हार है। सरकारी स्तर पर अभी जिस तरह की सक्रियता दिख रही है, अगर वह पहले दिखती, तो शायद इस तरह की नौबत नहीं आती। इस मसले पर राजनीति भी शुरू हो चुकी है, लेकिन जरूरत है ऐसी संवेदनशील प्रणाली की, जहां किसी छात्रा को लाचार होकर ऐसा आत्मघाती कदम न उठाना पड़े। बीएड स्टूडेंट ने अपने हेड ऑफ डिपार्टमेंट की शिकायत प्रिंसिपल से की थी। अब यह तथ्य सामने है कि खुद को आग लगाने से कुछ दिनों पहले भी उसने एक्स (पहले ट्विटर) पर सार्वजनिक रूप से अपनी शिकायत रखते हुए चेताया था कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो वह जान दे देगी। कॉलेज की इंटरनल कंप्लेंट कमिटी से लेकर प्रिंसिपल तक, वह जहां तक पहुंच सकती थी, गई, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि प्रिंसिपल ने पीड़िता पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया, क्योंकि उन्हें कॉलेज की 'इमेज' खराब होने की चिंता थी। इस मामले में एक बड़ी भूमिका इस कथित 'इमेज' की है, जिसे बचाने के चक्कर में अक्सर अपराध को छिपाया जाता है। लेकिन क्या किसी शैक्षणिक संस्थान की छवि एक छात्रा के जीवन से बढ़कर हो सकती है और क्या अपराध की शिकायत पर कार्रवाई करने से इमेज दागदार होती है? ओडिशा का नाम पिछले कुछ महीनों में इस तरह की घटनाओं में लगातार आया है। इस साल फरवरी में भुवनेश्वर के कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नॉलजी में बीटेक थर्ड ईयर की एक नेपाली स्टूडेंट ने खुदकुशी कर ली थी। वहां भी पीड़िता ने एक छात्र पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और उस केस में भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने लापरवाही बरती, जिससे मामला भारत-नेपाल के बीच कूटनीतिक स्तर तक पहुंच गया था। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने मार्च में विधानसभा में बताया था कि 2020 से फरवरी 2025 के दौरान पूरे राज्य के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में 72 स्टूडेंट्स खुदकुशी कर चुके हैं। इनमें से ज्यादातर के पीछे वजह थी - मेंटल प्रेशर, उत्पीड़न, पढ़ाई का दबाव, घरेलू परेशानियां, डिप्रेशन वगैरह। यूजीसी की गाइडलाइंस के मुताबिक, हर शैक्षणिक संस्थान में सेक्सुअल हैरेसमेंट की जांच के लिए कमिटी होनी चाहिए। हालांकि यह सबसे शुरुआती जरूरत है। कमिटी तो हो, लेकिन साथ में संवेदनशीलता भी चाहिए।

# क्या 'रील लाइफ' अब 'रियल लाइफ' को निगल रही है?

(अजय बोकिल)

देश में 'ऑनर किलिंग' ईर्ष्या और रील बनाने तथा उसे देखने के पागलपन का यह नया और डरावना एंगल है। जहां रील बनाने के लिए लोग अपनी जानें तक गंवा रहे हैं, वहीं रील बनाने से नाराज लोग रीलबाजों की जान लेने में कोताही नहीं कर रहे हैं। रील बनाने के लती ( जिन्हें आजकल डिजीटल क्रिएटर कहा जाता है) लोग अपना 'हीरा' जनम बर्बाद करने में भी संकोच नहीं कर रहे हैं। दरअसल यह 21 वीं सदी का नया समाज है, जहां 'रील लाइफ', 'रियल लाइफ' पर हावी होती दिख रही है। 'रील लाइफ', रियल लाइफ के मूल्यों को निगलती जा रही है और हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन इस रीलबाजी से हासिल क्या हो रहा है, सिवाय एक नई और अतृप्त लत के? ये रील संस्कृति समाज के बदलते मानस का परिचायक तो है, लेकिन क्या ये मानव समाज को सही दिशा में भी ले जा रही है? 'रील' और 'रियल' लाइफ के बीच केवल एक अक्षर का भर नहीं बल्कि संस्कारों और जिंदगी की तल्ख सच्चाइयों का एक लंबा फासला है, जिसे रीलबाज या तो समझना नहीं चाहते या फिर उससे भागकर खयाली दुनिया में जीने को ही 'जिंदगी' मान बैठे हैं। दुनिया भर में आज हर मिनट इतनी रीलें और शॉर्ट वीडियो अपलोड हो रहे हैं और हर दम करोड़ों लोग उन्हें देख रहे हैं तो प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर लोग अपने दैनंदिन जीवन के अनुशासन और कर्तव्यों को किस कोने में धकेल रहे हैं? रील बनाने और देखने की जितनी उपयोगिता है, क्या उससे ज्यादा वक्त की बर्बादी नहीं है? क्या इससे एक अश्लील, उन्मुक्त और उद्दंड समाज आकार नहीं ले रहा है? रील की लत सामाजिक रिश्तों को भी कैसे तार-तार कर रही है, उसका ताजा उदाहरण हरियाणा के गुरूग्राम का है, जहां एक पिता दीपक यादव ने अपने लायसेंसी पिस्टल से रील बनाने की शौकीन अपनी बेटी राधिका की बेधड़क हत्या कर दी। राधिका रील बना बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर

**बहरहाल इस 'रील वर्ल्ड' की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में रोजाना 2 अरब लोग इन रीलों के माध्यम से संवाद करते हैं। हालांकि हर प्लेटफार्म की प्रतिदिन रील व शॉर्ट फिल्म अपलोड करने की सीमा है।**

अपलोड किया करती थी। शुरूआती जानकारी में सामने आया कि बाप को बेटी द्वारा रीलें बनाना नापसंद था। क्योंकि इसके लिए वह सामाजिक मर्यादा और परिवार की गरिमा को भी ताक पर रख रही थी। कहा यह भी जा रहा है कि टेनिस प्लेयर बेटी द्वारा अकादमी खोलकर की जाने वाली कमाई से बाप के पुरूषवादी अहम को ठेस पहुंचती थी। बाप स्वयं क्या काम करता है, इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है। इसके अलावा इस वीभत्स घटना का एक और एंगल बेटी का एक मुस्लिम युवक से दोस्ताना और उसके साथ रील बनाना यादव परिवार को नागवार गुजरना था। अपनी सगी होनहार बेटी को गोलियों से छलनी करते वक्त बाप के हाथ अगर नहीं कांपे तो इसका अर्थ यही है कि रीलबाजी का जुनून अब सामाजिक मर्यादाओंको लांघ गया है। इस मामले में मृतका राधिका की मां की भूमिका भी संदिग्ध है। शायद उसे भी बेटी की मौत से ज्यादा परिवार की प्रतिष्ठा की चिंता थी। हाल में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं और ये मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। मसलन बिहार के सुपौल में एक महिला निर्मला देवी की रील बनाने की लत से परेशान उसके पति और सास-ससुर ने मिलकर उसकी हत्या कर शव गड्ढे में गाड़ ि?दया। बिहार के बेगूसराय में सोशल मीडिया रील्स बनाने से मना करने से खफा होकर पत्नी रानी कुमारी ने अपने पति महेश्वर राय को मायके वालों के साथ मिलकर मार डाला। बिहार के ही रोहतास जिले के विक्रमगंज में एक पति टीपू साहू ने नवविवाहिता पत्नी ममता देवी की इंस्टाग्राम पर रील पोस्ट करने की आदत से ?आजिज आकर उसे मौत के घाट उतार दिया। कानपुर जिले के भीतरगांव में एक पत्नी रीना साहू ने रील बनाने से रोकने पर अपने पति धीरेन्द्र पासी की प्रेमी भतीजे रवि के साथ मिलकर हत्या कर दी। दूसरी तरफ आगरा में एक पति ने न केवल अपनी पत्नी की हत्या की बल्कि लाश के साथ तीन दिन पर कमरे में ही रहा। दोनो ने लवमैरिज की थी, लेकिन पति शक्तिसिंह को पत्नी पार्वती द्वारा रील बनाना नापसंद था। हरियाणा के भिवानी में यूट्यूबर पत्नी रवीना ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति प्रवीण की हत्या की थी। दोनो के बीच हरियाणवी शार्ट फिल्में और रील बनाने और पोस्ट करने पर झगड़ा हुआ था। दोनों का एक बेटा भी है। रवीना का प्रेमी सुरेश भी यूट्यूबर है। रवीना के इंस्टाग्राम 35 हजार के करीब फालोअर्स बताए जाते हैं। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार के धीरज रात्रे ने पत्नी ज्योति द्वारा रील बनाने से खफा होकर उसका हथौड़ी और कैंची मारकर कत्ल कर दिया। ज्यादातर मामलो में विवाद की वजह केवल रील बनाना ही नहीं है बल्कि उसके पीछे उन्मुक्त आचरण भी है। आखिर इस रील बनाने और उन्हें देखते रहने के जुनून के पीछे मनोविज्ञान क्या है? विशेषज्ञों का मानना है कि बहुत कम प्रयासों, संसाधनों, न्यूनतम निवेश और समय सीमा में व्यापक लोकप्रियता हासिल करने की अदम्य आकांक्षा इसके पीछे बड़ा कारण है। आज लोग किसी भी कीमत पर बस 'फेमस' होना चाहते हैं। जिसमें निजता और सार्वजनिकता मिलकर नाचने लगे हैं। बदनामी और शोहरत के बीच फासला शून्य हो चुका है। नैतिक दूरियां बेमानी हो चुकी हैं। क्रूरता और ममता मानो एक ही फ्रेम में हैं। भाषा में शालीनता और अशालीनता की सीमाएं मिट गई हैं। चर्चित होना ही इसका महत्तम हासिल है। और इस 'फेम'के लिए आदमी कुछ भी करेगा। गोया जिंदगी कुल जमा 'लाइक्स' और 'व्यूज' काउंट में समाहित हो गई है। और इसे पाने के लिए लोग खाई में गिरने, समंदर में डूबने, आकाश से कूदने और सरेआम अंतरंग सम्बन्ध बनाने के लिए बेहिचक तैयार हैं। चाहे उन्हें इसके लिए कोई भी कीमत चुकानी पड़े, जो जान गंवाने से लेकर पारिवारिक रिश्तों के कत्ल तक कुछ भी हो सकती है। इन सबका अंतिम परिणाम क्या होगा, यह सोचने की फुरसत किसी को न तो है और न ही वैसा सोचकर अपने जुनून इंच भर भी कम होने देना चाहते हैं। जिस प्रकार रील बनाने वालों के लिए 'फेमस होना'ही मूल प्रेरक तत्व है तो इसे सतत देखने वालों के लिए 'वर्च्युअल लाइफ' में जीने का खयाली जुनून ही परमसुख है। लिहाजा रीलबाज ऐसी-ऐसी हरकतें कर रहे हैं कि जो सभ्यता के मान्य पैमानो के हिसाब से पागलपन ही कही जाएंगीं। उनमें रील बनाकर तुरंत पोस्ट करने की बेताबी है। पोस्टेड रील पर अपेक्षित व्यूज का न मिलना उन्हें? डिप्रेशन में झोंक सकता है। इस रीलबाजी का आर्थिक पहलू भी है। सोशल मीडिया कंपनियां इस प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के लिए इन रील्स और शॉर्ट फिल्म निर्माताओं को व्यूज के आधार पर पैसा भी देती हैं। देश में इंस्टाग्राम के अलावा फेसबुक, यू ट्यूब, टिक टॉक आदि पापुलर प्लेटफार्म हैं। जो इंस्टाग्राम पर रील कहलाती है, वही यूट्यूब पर शॉर्ट फिल्म कहलाती है। हालांकि पैसा देने के रेट और नियम सबके अलग-अलग हैं। भारत में रीलबाजी के लिए इंस्टाग्राम सबसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म है।

## यौन उत्पीड़न –प्रशासन और शासन की लापरवाही

किसी भी आपराधिक घटना में न्याय मिलने में जरूरत से ज्यादा विलंब या न्याय मिलते नहीं दिखना, पीड़ित व उसके परिवार की पीड़ा को कई गुना बढ़ा देता है। कई बार तो पीड़ित व्यक्ति इतना आहत हो जाता है कि उसके जीने की इच्छा तक दम तोड़ देती है। ओड़ीशा में बालासोर के एक कालेज की छात्रा के साथ भी संभवत- यही हुआ। इस छात्रा ने अपने एक शिक्षक के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता आत्मदाह जैसा चरम कदम उठाने पर मजबूर हो गई और अब उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सवाल है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है? कालेज प्रशासन ने इस मामले में तत्काल गंभीरता और संवेदनशीलता क्यों नहीं दिखाई? पीड़िता को ऐसा क्यों महसूस हुआ कि उसे न्याय नहीं मिल पाएगा? गौरतलब है कि पीड़ित छात्रा ने संबंधित कालेज की आंतरिक अनुपालन समिति में यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। खबरों के मुताबिक, न सिर्फ उस पर तत्काल जांच जैसी कोई कार्रवाई नहीं हुई, बल्कि मामले को दबाने के लिए दबाव भी बनाया गया। इससे आहत होकर पीड़िता ने खुद को आग लगा ली। अब वह अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है। इस घटना के बाद कालेज के प्राचार्य और विभागाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया है और मामले में मुख्य आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही सरकार ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति भी गठित की है। सवाल है कि अगर कालेज प्रशासन की ओर से ऐसी सक्रियता पहले दिखाई गई होती, तो क्या छात्रा को खुद को आग लगाने की हद तक पहुंचने से रोका नहीं जा सकता था? अक्सर देखा गया है कि जब कोई घटना तूल पकड़ लेती है, तो उसके बाद ही शासन और प्रशासनिक अमला हरकत में आकर चुस्ती दिखाने लगता है। जबकि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की उम्मीद की जाती है।

# समानता रिपोर्ट में बेहतरी की ओर भारत

(उमेश चतुर्वेदी)

विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। इस सूचकांक के अनुसार, भारत 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में है। इसे संयोग कहें या कुछ और, जिस समय भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दिनों जोड़े गए शब्दों 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को लेकर बहस हो रही है, ठीक उसी वक्त आई विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है। विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। इस सूचकांक के अनुसार, भारत 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में है। मानकों के अनुसार, इस श्रेणी के लिए स्कोर 25 से 30 के बीच होता है। यह 'कम असमानता' वाले समूह के मानक से कुछ ही ज्यादा है। इस श्रेणी में स्लोवाक गणराज्य शामिल है। स्लोवाक का गिनी इंडेक्स 24.1 है। इसी तरह दूसरे स्थान पर रहे सोवियत संघ के पूर्व हिस्से और मौजूदा स्लोवेनिया देश का सूचकांक 24.3 है। इसके बाद 24.4 अंकों के साथ बेलारूस है। इन तीनों के बाद भारत का नंबर है। गौरतलब है कि विश्व बैंक ने दुनिया के 167 देशों का गिनी इंडेक्स जारी किया है। इनमें भारत की स्थिति बहुत बेहतर है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ़ 30 देश 'सामान्य से कम' असमानता वाली श्रेणी में आए हैं। जिनमें अत्यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, फ़िनलैंड, बेल्जियम और पोलैंड शामिल हैं। इसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसा धनी देश भी शामिल है। इस सूचकांक के लिहाज से भारत का प्रदर्शन विगत के डेढ़ दशक की तुलना में बहुत बेहतर है। साल 2011 में भारत का गिनी सूचकांक 28.8 था। साल 2022 में यह 25.5 पर पहुंच गया। गिनी सूचकांक के जरिए यह समझने की कोशिश की जाती है कि देश विशेष के घरों या व्यक्तियों के बीच आय, संपत्ति और उसके उपभोग के वितरण में कितनी समानता है। इसे शून्य से लेकर 100 के सूचकांक के स्तर पर मापा जाता है। इस सूचकांक के अनुसार, जिस देश का स्कोर शून्य है, उसका मतलब है कि उस देश में पूरी तरह समानता है यानी आय का वितरण पूरे नागरिकों में समान है। इस सूची में 100 स्कोर का अर्थ है कि एक ही व्यक्ति के पास पूरी आय और संपत्ति है और वही सबसे ज्यादा उपभोग करता है, जबकि दूसरों के पास कुछ भी नहीं है। इसका मतलब यह होता है कि उस देश विशेष में पूरी तरह असमानता व्याप्त है। मोटे तौर पर समझ सकते हैं कि जिस देश का गिनी इंडेक्स जितना ज्यादा होगा, उस देश में उतनी ही असमानता होगी। विश्व बैंक का मानना है कि गिनी इंडेक्स में भारत की मजबूत स्थिति की वजह उसके गरीबी हटाओ उपाय हैं। जिनके जरिए ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में गरीबी को कम करने में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, बीते दशक में 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की गई है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और आपका मन प्रसन्न रेहगा। साथ ही, भौतिक सुखों में भी वृद्धि होने की संभावना है। शाम के वक्त चंद्रमा के मीन राशि में प्रवेश करने से आपको किसी अच्छे कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है। आपके अच्छे कर्मों और खर्चों से समाज में प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। और जीवनसाथी का भी पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

### वृष
आज किसी तीर्थ स्थल की यात्रा करने से आपके मन को सुकून प्राप्त होगा और कानूनी मामलों में भी सफलता प्राप्त होगी। साथ ही, कहीं स्थान परिवर्तन की योजना भी सफल हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आप कुछ कामकाज में उलझ सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। वहीं, कार्यालय में भी आपको अनुकूल वातावरण देखने को मिलेगा।

### मिथुन
आज कार्यक्षेत्र में किसी रचनात्मक और बड़े काम को पूरा करने में आपका ज्यादा समय बीत सकता है। आपको जो काम करना अधिक प्रिय है वैसा ही काम भी आपको प्राप्त होगा। इससे आप सुकून महसूस करेंगे और शांति से हर कार्य पूरा करेंगे। व्यापार को लेकर आपके मन में नई योजनाएं आ सकती हैं।

### तुला
आज कामकाज में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। लेकिन आपको धर्म से जुड़े कार्यों के लिए भी थोड़ा समय निकालना जरूरी होगा। ऐसा करने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर कुछ वरिष्ठ अधिकारी आपके जरूरी कार्यों में रुकावटें डालने की कोशिश कर सकते हैं। शाम के समय आप कुछ मंगलमय कार्यों में अपना समय व्यतीत कर सकते हैं।

### वृश्चिक
दिन आज शुभ रहने वाला है। आर्थिक मामले में भी समय बेहद मजबूत है और आपको दिनभर लाभ के कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। ऐसे में आपको कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों में लगे रहना होगा। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता बनी रहेगी। नौकरी या व्यापार में कुछ नई योजना या कार्य शुरू हो सकते हैं, जिनसे भविष्य में लाभ होगा। इससे काम नए सिरे से शुरू होगा।

### धनु
आज आपका दिन सुखद व्यतीत होगा। लाभ कमाने के कई नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। लेकिन आपको जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचना होगा, अन्यथा कोई बड़ी गलती हो सकती है। ऐसे में कोई भी फैसला सोच-विचार करके लेना ही बेहतर होगा। अपने स्वास्थ्य पर भी आज खास ध्यान दें। मौसम बदलने के चलते सर्दी, जुकाम या बुखार हो सकता है। ऐसे में खानपान का भी ख्याल रखें।

### कर्क
आज काफी रचनात्मक रहने वाला है। आप कार्यक्षेत्र में जो भी काम पूरी मेहनत से करेंगे उसका फल तुरंत प्राप्त होगा। अगर कुछ जरूरी कार्य अधूरे पड़े थे तो वह भी पूर्ण हो सकते हैं और इस बारे में जरूरी चर्चाएं होना भी संभव है। ऑफिस में आपको अपने मन के मुताबिक माहौल देखने को मिलेगा और साथी का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। रात में आप किसी शादी में जा सकते हैं।

### सिंह
बातचीत करने के तरीके और व्यवहार पर आज ध्यान देना होगा। संयम और सावधानी बरतने से ही लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में किसी भी प्रकार के वाद-विवाद से दूर रहें। अन्यथा किसी से बहस ज्यादा बड़ी हो सकती है। घर में किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। व्यापार के मामले में भाग्य पर भरोसा करना होगा और आत्मविश्वास भी जरूरी होगा।

### कन्या
आज कार्यक्षेत्र में कामकाज से जुड़े कोई विवाद चल रहे थे तो वे अब सुलझ सकते हैं। व्यापार को लेकर किसी नए प्रोजेक्ट पर भी नया काम शुरू हो सकता है। धन-संपत्ति के मामले में परिवार और आसपास के कुछ लोग बाधाएं पैदा करने की कोशिश कर सकते हैं।

### मकर
आज आपको सावधान और सतर्क रहना होगा। अगर आप बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठा लेते हैं, तो इससे बड़ा लाभ प्राप्त हो सकता है। आपको रोजमर्रा के कामों से अलग कुछ नए कार्यों पर भी ध्यान देना होगा। इससे लाभ मिलने की संभावना है। किसी अपने खास व्यक्ति के लिए आपको पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। व्यापार के मामले में कोई नया मौका प्राप्त हो सकता है।

### कुंभ
आज व्यापार के मामले में पार्टनरशिप में काम करने से लाभ प्राप्त हो सकता है। कार्यस्थल पर आपको काम पूरे करने के लिए नियमों और समय का ख्याल रखना होगा। आपको कई काम एक साथ भी करने पड़ सकते हैं। ऐसे में धैर्य और संयम की जरूरत होगी। आज आपको रोजमर्रा के घरेलू कामों को पूरा करने का भी मौका मिल सकता है। साथ ही, पारिवारिक जीवन में अपनी संतान के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है।

### मीन
आज व्यापार में जोखिम उठाने से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। अगर आप कुछ परेशानियों का सामना कर रहे हैं तो धैर्य और मधुर वाणी से आप उन्हें आसानी से दूर कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप अपनी बुद्धि का प्रयोग करने से सब कुछ प्राप्त कर सकते हैं। आज किसी जरूरतमंद या मुसीबत में फंसे व्यक्ति की सहायता करने से लाभ मिलेगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5795

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 4 | | 6 | |
| 3 | | | | 6 | 8 | 2 | | |
| 4 | 6 | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 3 | 4 | | 5 | | 7 | 2 | |
| | 9 | | 2 | | | | | |
| 6 | | | | 8 | | | 7 | 9 |
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 8 |
| | 7 | | 9 | | | | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5794

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 9 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

## वर्ग पहेली 5795

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | ■ | 14 |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | 18 | 19 | |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | |
| ■ | 23 | | | 24 | | ■ | ■ |
| 25 | | | ■ | 26 | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1947 को इन्होनें भारत के उपप्रधानमंत्री का कार्यभार संभाला था (8)
7. महिला ईसाई पादरी (2)
8. गले की नली, कंठ, आहार नली (3)
9. हिंदी साहित्य का एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द दो या अधिक बार आता है और इसका प्रत्येक बार भिन्न अर्थ होता है (3)
11. कर्नाटक का यह जिला स्वर्ण खानों के लिए प्रसिद्ध है (3)
12. जूते का निचना हिस्सा (2)
13. चंद्रमा, मंयक (2)
15. जो जल्दी न मिल सके, दुर्लभ (3)
17. नफीरी (4)
20. एक बार सांस लेने का समय, खींच, कश (2)
22. राजी करना, प्रसन्न करना, समझाना-बुझाना (3)
23. यह भारत की पहली सवाक् (बोलती) फिल्म थी (1931)(3)
26. कुपित दृष्टि के प्रभाव में आना, भेंट उपहार, सौगात (4)

**ऊपर से नीचे**
1. उत्तराधिकारी पत्र, बिल (6)
2. अपुष्ट समाचार, उड़ती हुई खबर (3)
3. प्रतीति, अहसास, बोध (2)
4. अग्र, आदिम, अव्वल नंबर (3)
5. दर्जी, वेशकार, सूचिक (3)
6. भाग्य को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
10. यह मलेशिया देश का पुराना नाम है (3)
11. प्रयत्न, चेष्टा (3)
14. परिवर्तन करना, मुकरना, उपांतरण करना (4)
18. मर्मज्ञ (4)
19. विविध, अनेक प्रकार के, मातामह (2)
21. मेर यार मेरी (2)
23. अग्नि (2)
24. हाव-भाव, नाजोअदा, प्रतिज्ञा, गौरव (2)

### वर्ग पहेली 5794 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नी | ल | म | सं | जी | व | रे | ड्डी |
| ति | ल | क | ■ | ना | ■ | ज | ■ |
| ■ | क | बे | ल | ■ | बे | गा | ना |
| आ | ■ | ल | ह | जा | ■ | री | वा |
| ला | भ | ■ | र | ज | र | ■ | कि |
| प | र | दा | दा | ■ | खि | ला | क |
| ■ | पा | ■ | र | ■ | या | म | ■ |
| र | ई | स | ■ | भू | ■ | ■ | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## मैंने यह ऋषभ पंत से सीखा है, दीप्ति शर्मा ने एक हाथ से लगाए छक्के का श्रेय पंत को दिया



**साउथेम्प्टन (यूके), एजेंसी।** भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड महिला टीम के खिलाफ पहले वनडे में अपनी शानदार पारी पर बात की, जहां वह जेमिमा के साथ साझेदारी बनाने की कोशिश कर रही थीं और ऐसे ही मौके का इंतजार कर रही थीं। दीप्ति शर्मा के शानदार अर्धशतक और ऑलराउंडर स्नेह राणा के शानदार स्पेल ने गुरुवार को साउथेम्प्टन में तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में इंग्लैंड पर चार विकेट से जीत हासिल करने में भारत की अहम भूमिका निभाई। भारतीय महिला टीम ने अब अपने पिछले 12 वनडे में से 11 जीते हैं, और यह सिलसिला दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज से शुरू हुआ था।

दीप्ति शर्मा ने मैच के बाद कहा, मैं ऐसे ही मौके का इंतजार कर रही थी। मैं जेमिमा के साथ साझेदारी बनाना चाहती थी, लगातार 5-6 रन प्रति ओवर बनाना चाहती थी। (उनके स्वीप शॉट्स पर) मैंने शुरुआती दिनों में इस पर काफी काम किया है, और इस तरह की पिच पर इससे मदद मिलती है। (एक हाथ से छक्का लगाने पर) मैं ये शॉट अभ्यास में खेलती हूं, मैंने ये ऋषभ पंत से सीखा है।

### विराट कोहली ही जिम्मेदार!

## कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु भगदड़ केस में सौंपी रिपोर्ट, गंभीर लापरवाहियों का जिक्र



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु में आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार ने हाईकोर्ट में विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है. इस रिपोर्ट में कई गंभीर लापरवाहियों का जिक्र किया गया है और खास बात यह है कि इस पूरी घटना में टीम के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली का नाम भी सामने आया है. बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार ने हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट सौंपी है. बेंगलरु में 4 जून को विक्ट्री परेड से पहले यह भगदड़ हुई थी. जो रिपोर्ट सरकार ने हाइकोर्ट में सौंपी है, उसमें कई तरह की गंभीर लापरवाहियों का जिक्र है. गौर करने वाली बात यह है कि इस पूरी घटना में विराट कोहली का नाम भी सामने आया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि विराट कोहली ने वीडियो में फैन्स से फ्री में विक्ट्री परेड में आने की अपील की.

### संन्यास लेने जा रहे आंद्रे रसेल!

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में घरेलू मैदान पर खेलेंगे आखिरी मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले हैं। रसेल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में चुना गया है। वह इस सीरीज में अपने घरेलू मैदान पर आखिरी मैच खेलेंगे। रिपोर्ट के अनुसार आंद्रे रसेल अपना फेयरवेल मैच घरेलू मैदान जमैका के सबीना पार्क में खेलेंगे। सीरीज के शुरुआती दो मैच यहीं 20 और 22 जुलाई को खेले जाएंगे। रसेल 2019 से इंटरनेशनल क्रिकेट में केवल टी20 खेले हैं और वर्तमान में 84 मैच खेल चुके हैं। रसेल ने अगले टी20 विश्व कप से सात महीने पहले संन्यास का ऐलान किया है। फरवरी 2026 में भारत और श्रीलंका में टी20 विश्व कप होगा। निकोलस पूरन के बाद रसेल दो महीने से भी कम समय में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले वेस्टइंडीज के दूसरे हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी होंगे।



# प्रज्ञानंद ने कार्लसन को हराया

### फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में संयुक्त बढ़त बनाई




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने लास वेगास में फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर में दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन पर शानदार जीत दर्ज की। 19 वर्षीय प्रज्ञानंद ने पांच बार के विश्व चैंपियन को मात्र 39 चालों में मात दी।

नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर कार्लसन, जो हाल ही में भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश से लगातार हार चुके हैं, उन्हें एक और हार का सामना करना पड़ा। कार्लसन को 19 साल के आर प्रज्ञानंद ने टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के चौथे राउंड में हरा दिया। इस टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय और हर चाल पर 10 सेकंड अतिरिक्त मिलते हैं। प्रज्ञानंद अब आठ खिलाड़ियों वाले ग्रुप व्हाइट में 4.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं। प्रज्ञानंद ने टूर्नामेंट की शुरुआत नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ काले मोहरों से ड्रॉ खेलकर की। इसके बाद उन्होंने असाउबायेवा को हराया। तीसरे राउंड में उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए कीमर को हराया और फिर चौथे राउंड में कार्लसन को चौंका दिया। हालांकि, कार्लसन पेरिस और कार्लजूए में फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीत चुके हैं। वह पूरे टूर में शीर्ष पर थे, लेकिन उन्हें अब लास वेगास में खिताबी दौड़ से बाहर होना पड़ा है। राउंड-रॉबिन चरण में उतार-चढ़ाव भरे दिन के बाद कार्लसन अपने ग्रुप में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहे और प्लेऑफ में लेवोन अरोनियन से हारकर बाहर हो गए।

अब वह निचले ब्रैकेट में पहुंच गए हैं, जहां तीसरे से ऊपर नहीं आ सकते। कार्लसन ने दो जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर उनकी परफॉर्मेंस गिर गई। प्रज्ञानंद और वेस्ली सो से हार और दो ड्रॉ के बाद, उन्हें अंतिम दौर में जीत की जरूरत थी, ताकि टाईब्रेकर हो सके। उन्होंने बिबिसारा अस्सौबायेवा को हराया, लेकिन फिर दोनों प्लेऑफ गेम अरोनियन से हार गए। इसके चलते वह टॉप ब्रैकेट में नहीं जा सके। इसी ग्रुप में, प्रज्ञानंदा, नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और जावोखिर सिंडारोव ने 4.5/7 अंक हासिल करके तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अरोनियन ने 4 अंक हासिल किए और कार्लसन को पछाड़ दिया। ब्लैक ग्रुप में हिकारू नाकामुरा ने शानदार प्रदर्शन किया और 7 में से 6 अंक लेकर टॉप पर रहे।

हांस नीमन, जिन्होंने शुरुआत में 5 में से 4.5 अंक हासिल किए थे, उन्होंने भी अगले दौर में जगह बना ली। उनके साथ फैबियानो कारूआना और अर्जुन एरिगैसी भी आगे बढ़े। कारूआना ने अपने शुरुआती छह मुकाबले ड्रॉ खेले थे, लेकिन आखिरी राउंड में नीमन को हराकर जरूरी जीत दर्ज की। लास वेगास के विंन होटल में फ्रीस्टाइल शतरंज की यूएस में पहली बार हो रही शुरुआत के साथ अब 16 खिलाड़ी नॉकआउट स्टेज में पहुंच चुके हैं। इनमें से आधे खिलाड़ी, जैसे कार्लसन और कीमर, निचले ब्रैकेट से आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे, जबकि बाकी खिलाड़ी सीधे खिताब की दौड़ में बने रहेंगे। गुरुवार को क्वार्टरफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

इनमें हारने वाले खिलाड़ी ऊपरी ब्रैकेट से निकलकर निचले ब्रैकेट में चले जाएंगे, जबकि जीतने वाले खिलाड़ी 2 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि के लिए मुकाबला जारी रखेंगे।

### जापान ओपन बेडमिंटनः

## सिंधू के बाद लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग भी हारे, जापान ओपन से हुए बाहर



**टोक्यो, एजेंसी।** 23 वर्षीय लक्ष्य ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके। भारतीय खिलाड़ियों का जापान ओपन में निराशाजनक प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दूसरे दौर में हारकर इस सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को पुरुष एकल में जापान के कोडाई नाराओका के हाथों 19-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला करीब एक घंटे तक चला। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके। इससे पहले पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 44 मिनट तक चले मुकाबले में 22-24, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत से पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता वेई केंग और वांग चांग ने भारतीय जोड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-2 कर लिया। सात्विक और चिराग ने धीमी शुरुआत की लेकिन जल्द ही लय हासिल करके पहले गेम में 18-14 से बढ़त बना ली।

भारतीय जोड़ी हालांकि अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई और चीन की जोड़ी ने वापसी करते हुए पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भारतीय टीम आक्रमण और रक्षा दोनों में लड़खड़ा गई और उसे वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा।

## ला लीगा के शुरुआती मैच से बाहर

### बेलिंगहैम ने करवाई कंधे की सर्जरी

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** रियल मैड्रिड के मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम ने अपने कंधे की सफल सर्जरी करवाई है। ऐसे में अब बेलिंगहैम को कम से कम छह हफ्तों के लिए मैदान से दूर रहना होगा। वह ला लीगा के शुरुआती मुकाबले नहीं खेल सकेंगे। बेलिंगहैम को नवंबर 2023 से कंधे में तकलीफ थी। ला लीगा मैच के दौरान उनका कंधा खिसक गया था। तभी से बेलिंगहैम अपनी जर्सी के नीचे सपोर्ट ब्रेस पहनकर खेलते रहे। बेलिंगहैम ने क्लब वर्ल्ड कप के बाद ही सर्जरी कराने का फैसला किया था, ताकि रियल मैड्रिड के लिए उस टूर्नामेंट में खेल सकें। हालांकि, उनकी टीम सेमीफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन से हारकर बाहर हो गई थी।




रियल मैड्रिड ने अपने बयान में कहा, बार-बार होने वाले खिसकाव की समस्या के इलाज के लिए जूड बेलिंगहैम के कंधे की सर्जरी हुई। यह ऑपरेशन डॉक्टर मैनुएल लेयेस और एंड्र्यू वालेस ने रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज की निगरानी में किया।

## ऋषभ पंत को तकनीकी खामियों को दूर करने की जरूरत है: जैक रसेल



**लंदन, एजेंसी।** लंदन के एक पॉश इलाके में पेंटिंग बनाने में व्यस्त इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज जैक रसेल का मानना है कि भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपने खेल से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं लेकिन उन्हें विकेटकीपिंग की कुछ तकनीकी खामियों को दूर करने की जरूरत है। रसेल को क्रिकेट जगत की खबरों पर नजर रखना पसंद है। अगर वह मैदान पर नहीं होते तो वह लाइव स्कोर देखते हैं। वह रोज पेंटिंग करते है, फिर भी उन्होंने भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के लिए लॉर्ड्स जाने का समय निकाला।

खुद एक विकेटकीपर होने के नाते उनके पास जैमी स्मिथ और पंत जैसे खिलाड़ियों के लिए एक सलाह भी है। उन्होंने कहा, 'कई अच्छे विकेटकीपर रहे हैं। मैं कहूंगा कि मेरे समय में एलन नॉट और बॉब टेलर मेरे दो नायक थे। रसेल ने कहा, 'लेकिन मुझे सैयद किरमानी को देखना पसंद था। जब मैं छोटा था, तब मैं उन्हें बहुत देखता था। मुझे लगता था कि वह एक अच्छे विकेटकीपर हैं।

मौजूदा विकेटकीपरों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'पंत की बात करूं तो आपको उन्हें खेलते हुए देखना पंसद आएगा ही। वह चाहे बल्लेबाजी कर रहे हों, या विकेटकीपिंग, आपको उन्हें देखना अच्छा लगेगा। इसलिए वह एक मनोरंजक खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'और यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि वह कार दुर्घटना के बाद भी क्रिकेट भी खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि युवा खिलाड़ी जैमी स्मिथ इंग्लैंड के सर्वकालिक महानतम बल्लेबाज और विकेटकीपर बनेंगे क्योंकि उनमें बहुत हुनर है। आप उसे गिलक्रिस्ट की श्रेणी में रख सकते हैं। पंत की विकेटकीपिंग में किसी कमी के बारे में पूछने पर रसेल ने कहा, 'वह गलतियां करेगा क्योंकि तकनीकी रूप से कुछ चीजें हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है। लेकिन वह शानदार प्रदर्शन करेगा और गलतियां भी करेगा। ज्यादातर विकेटकीपर गलतियां करते हैं। इंग्लैंड में विकेट लेना काफी मुश्किल है।

इसलिए वह यहां परफेक्ट नहीं होगा, लेकिन उसकी बल्लेबाजी बहुत मजबूत है। रसेल ने कहा, 'पर उसे विकेटकीपिंग में कुछ काम करने की जरूरत है, स्टंप तक खड़े होने में बस थोड़े-बहुत बदलाव करने होंगे। अगर वह मुझसे पूछेगा तो मैं उसे बता दूंगा। लेकिन ये छोटी चीजें हैं। यह 61 वर्षीय काउंटी क्रिकेट से संन्यास लेने के 20 साल से भी ज्यादा समय बाद अपनी चित्रकला के जरिए खेल से जुड़े हुए हैं। राइडर स्ट्रीट स्थित गैलरी की यात्रा किसी भी क्रिकेट प्रेमी को पुरानी यादों की सैर करा देगी। वह सोशल मीडिया पर अपनी पेंटिंग्स प्रोमोट करते हैं जिसमें उनके ज्यादातर फोलोअर्स भारतीय हैं। रसेल ने हाल में इंग्लैंड के लिए खेलने वाले पहले भारतीय रणजीतसिंहजी का चित्र बनाया।

रसेल ने कहा, 'हर साल मैं इतिहास के पन्नों से किसी का चित्र बनाने की कोशिश करता हूं। पिछले साल मैंने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डगलस जार्डिन का चित्र बनाया था। इस साल मैंने रणजीतसिंहजी को चुना। अगर आप उनके बारे में पढ़ें और उनके करियर पर नजर डालें तो वे एक 'स्ट्रोक प्लेयर थे। यह प्रदर्शनी में मेरे पसंदीदा चित्रों में से एक है। रसेल ने कहा, 'भारत और इंग्लैंड के बीच मौजूदा मैच को देखते हुए मुझे लगा कि यह सही समय है।

## बांग्लादेशी स्पिनर महेदी हसन की शानदार गेंदबाजी

### ● हरभजन सिंह का 13 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

**ढाका, एजेंसी।** स्पिनर महेदी हसन ने बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच निर्णायक टी20आई मैच में 4-1-11-4 के औसत से शुरुआत की जिससे टाइगर्स ने आर प्रेमदासा स्टेडियम में मैच और सीरीज दोनों जीतते हुए इतिहास रच दिया। एक छोर से गेंदबाजी की शुरुआत करते हुए महेदी ने हरभजन सिंह का 13 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। महेदी ने पावरप्ले में दो ओवर फेंकते हुए किफायती चार विकेट लिए जिससे उन्होंने श्रीलंका के शीर्ष 5 बल्लेबाजों में से चार को आउट कर दिया, जिससे श्रीलंकाई टीम कोलंबो में निर्णायक मैच में सिर्फ 132/7 पर सिमट गई।



महेदी ने अपने शानदार स्पेल के जरिए आर प्रेमदासा स्टेडियम में टी20आई मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेहमान गेंदबाज होने का हरभजन का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हरभजन ने 2012 के टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया था और केवल 12 रन देकर 4 विकेट लिए थे जबकि महेदी ने 4 विकेट के लिए 11 रन दिए।

किसी गेंदबाज के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड इस भारतीय स्पिनर के नाम था, लेकिन 2021 की सीरीज में वानिंदु हसरंगा ने 4-9 के उल्लेखनीय आंकड़े के साथ भारतीय के रिकॉर्ड को तहस-नहस कर दिया।

### टिम रॉबिंसन की करियर की सबसे बड़ी पारी

## न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 21 रन से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिम्बाब्वे में चल रही टी20 ट्राई-सीरीज 2025 के दूसरे मुकाबले में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साउथ अफ्रीका को 21 रन से हराया. इस जीत के नायक रहे युवा बल्लेबाज टिम रॉबिंसन, जिन्होंने संकट की घड़ी में 75 रन की नाबाद और मैच जिताऊ पारी खेली. एक समय न्यूजीलैंड की टीम महज 70 रन पर अपने 5 विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन रॉबिंसन की संयमित और आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच की तस्वीर ही बदल दी.

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाए. शुरुआत बेहद खराब रही, जब सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट (22) और डेवोन कॉनवे (9) जल्दी आउट हो गए. इसके बाद डेरिल मिचेल (5), जेम्स नीशम (0) और मिचेल हे (2) भी कुछ खास नहीं कर सके.

टीम संकट में थी, लेकिन टिम रॉबिंसन ने एक छोर संभाले रखा और 57 गेंदों में 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 75 रन बनाए. यह उनके अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. उनकी इस पारी में न सिर्फ क्लास थी बल्कि ज़रूरत के अनुसार आक्रामकता भी थी.



**बेवन जैकब्स के साथ मजबूत साझेदारी**

रॉबिंसन को अंत तक बेवन जैकब्स का साथ मिला, जिन्होंने 44 रन की नाबाद पारी खेली. दोनों ने मिलकर छठे विकेट के लिए 103 रन की अविजित साझेदारी की, जिसने न्यूजीलैंड को सम्मानजनक नहीं बल्कि मैच जिताऊ स्कोर तक पहुंचा दिया.

# हॉकी: प्रो लीग का प्रदर्शन एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले अच्छा सबक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीजेश ने बुधवार की रात को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए। हमने कड़ी चुनौती दी लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है जब परिणाम आपके पक्ष में नहीं आते हैं।

पूर्व भारतीय कप्तान और गोलकीपर पी आर श्रीजेश का मानना है कि हाल ही में समाप्त हुई एफआईएच प्रो लीग अगले साल होने वाले एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम के लिए अच्छा सबक है। भारत को प्रो लीग के यूरोपीय चरण में संघर्ष करना पड़ा और वह नौ टीमों में से आठवें स्थान पर रहा। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत की कांस्य पदक विजेता टीमों का हिस्सा रहे श्रीजेश का मानना है कि खिलाड़ियों ने बहुत खराब प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम टीम के पक्ष में नहीं रहे। श्रीजेश ने बुधवार की रात को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए। हमने कड़ी चुनौती दी लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है जब परिणाम आपके पक्ष में नहीं आते हैं। हमारी तैयारी अच्छी थी, लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम हमारे लिए अच्छे नहीं रहे लेकिन कोचों के पास एशिया कप के लिए टीम तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है और



निश्चित रूप से अगले साल एशियाई खेल और विश्व कप भी है। श्रीजेश ने कहा, मुझे लगता है कि इस प्रो लीग ने हमें विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए कड़ा सबक सिखाया है।

एशियाई खेलों का आयोजन 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक जापान के आइची-नागोया में किया जाएगा। विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित किया जाएगा। पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद संन्यास लेने के बाद श्रीजेश अब भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के कोच हैं और वह इसका आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरी दिनचर्या पहले जैसी ही है। जब आप सुबह जल्दी उठते हैं तो खिलाड़ियों को तैयार करने के बारे में सोचते हैं। यह सुनिश्चित करते हैं कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं और बाकी दिन अगले सत्र की तैयारी करते हैं। अंतर सिर्फ इतना है कि पहले शारीरिक हिस्से पर अधिक जोर देना पड़ता था लेकिन अब दिमाग पर ज्यादा जोर देना पड़ता है लेकिन मैं इसका पूरा आनंद ले रहा हूं। भारत इस वर्ष 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में एफआईएच जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा और श्रीजेश अपने खिलाड़ियों को तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, उनके (खिलाड़ियों) लिए सबसे बड़ी चुनौती जूनियर विश्व कप है क्योंकि चार देशों के टूर्नामेंट और इस तरह की अन्य प्रतियोगिताएं उन पर जूनियर विश्व कप जितना दबाव नहीं डालतीं।

मेरा काम उन्हें इन टूर्नामेंट के लिए अच्छी तरह से तैयार करना है। जूनियर विश्व कप में भारत को पूल बी में पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं, लेकिन श्रीजेश किसी एक विशेष टीम पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### छेड़छाड़ और मारपीट मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह पुलिस ने छेड़छाड़ और मारपीट के फरार अभियुक्त को बुधवार की रात उसके घर से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मो. इरशाद ने बताया कि गोह थाना कांड संख्या 143/25 के प्राथमिक अभियुक्त सोहलपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामाधार शर्मा के पुत्र वेंकटेश शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ थाना क्षेत्र के ही एक गांव की महिला ने मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस लगातार उसकी तलाश में थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से अभियुक्त फरार चल रहा था, लेकिन गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### राजद कार्यकर्ताओं ने लिया सरकार बनाने का संकल्प

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज शहर के इमादपुर स्थित एक निजी होटल में राजद के प्रखंड अध्यक्ष विक्की सिंह यादव के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें तेजस्वी यादव के कैंपेनिंग टीम से रकीब अहमद के द्वारा सभी पंचायत अध्यक्षों को बताया गया कि बीएलओ जो फॉर्म ले रहे हैं। उसको एक टीम बनाकर गांव स्तर पर सभी गांव वासियों का मतदाता सूचि में नाम जोड़ने एवं बचाने का कार्य करें। कार्यकर्ताओं को राजद की सरकार बनने के बाद मिलने वाली योजनाओं को बताया गया। और सरकार बनाने के लिए संकल्प लिया गया। इस मौके पर राजद के कैंपेनर रकीब अहमद, उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, पिंटू कुमार, छात्र राजद प्रखंड अध्यक्ष सोनू कुमार, धर्मदेव यादव, पंचायत समिति सुनील शर्मा, राजू यादव, कुंदन कुमार के साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रानी छात्र हमसे की छात्रा बनी प्रमुख

**औरंगाबाद (एसवीवी.)।** छात्र हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेकुलर) की एक बैठक गुरुवार को यहां संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता छात्र हमसे के जिलाध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने की जबकि संचालन जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सूरज कुमार राय ने किया। बैठक में छात्र हमसे का विस्तार करते हुए रानी सिंह को छात्रा प्रमुख की जिम्मेवारी दी गई।

### फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चस्पाया कोर्ट द्वारा जारी इश्तेहार

**औरंगाबाद (एसवीवी.)।** जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करते हुए बड़ेम थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। फरार अभियुक्त राकेश लाल के खिलाफ जारी इश्तेहार को बुधवार को पुलिस द्वारा विधिवत रूप से अभियुक्त के पैतृक आवास पर चस्पा किया गया। यह कार्रवाई बड़ेम थाना पुलिस द्वारा कोर्ट के आदेशानुसार की गई, जिसमें संबंधित थाने के पदाधिकारियों की मौजूदगी में इश्तेहार को घर के मुख्यद्वार पर चिपकाया गया।

अज्ञात युवक का शव सड़क किनारे मिलने से इलाके में फैली सनसनी

# सड़क किनारे मिला अज्ञात युवक का शव वाहन दुर्घटना की जताई जा रही आशंका

» कुछ लोगों ने बताया कि मृतक पास के किसी गांव का हो सकता है, लेकिन परिजनों द्वारा पहचान नहीं हो सकी।
» स्थानीय लोग भी युवक को विक्षिप्त मानते हुए सड़क दुर्घटना को ही मौत का कारण बता रहे हैं।
» पहचान नहीं होने पर पुलिस सरकारी प्रावधानों के अनुसार अंतिम संस्कार कराएगी।

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब स्थानीय लोगों ने पटना रोड स्थित बीएड कॉलेज के समीप सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा। युवक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। शव मिलने की सूचना पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

गुरुवार सुबह कुछ लोग रोज की तरह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। जब वे बीएड कॉलेज के पास पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि सड़क किनारे एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा है। नजदीक जाकर देखने पर लोगों को समझ में आया कि उसकी मौत हो चुकी है। तत्काल लोगों ने इसकी सूचना दाउदनगर थाना को दी।सूचना मिलने पर दाउदनगर थाना प्रभारी विकास कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं प्रतीत हो रही थी। संभवतः वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि युवक की मौत किसी वाहन की चपेट में आने से हुई हो सकती है, क्योंकि उसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान हैं। हालांकि, मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। शव की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों से पूछताछ के बावजूद कोई भी मृतक को पहचान नहीं सका है। न ही उसके पास से कोई ऐसा दस्तावेज मिला जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने शव की तस्वीरें आसपास के थाना क्षेत्रों और गुमशुदा व्यक्तियों की सूची से मिलाने का प्रयास शुरू किया है।

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है, ताकि पता चल सके कि युवक वहां कैसे पहुंचा और उसके साथ क्या घटना घटी। साथ ही आस-पास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।



**72 घंटे तक थाना परिसर में रखा जाएगा शव**

दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को फिलहाल शिनाख्त के लिए थाना परिसर में 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा। इस अवधि में यदि कोई व्यक्ति मृतक की पहचान करता है और उसके परिजन सामने आते हैं, तो शव उन्हें सौंप दिया जाएगा। लेकिन यदि निर्धारित समय के भीतर कोई पहचान नहीं होती है, तो नियमानुसार प्रशासन की ओर से शव का अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम

## बीएलओ और बीएलए के बीच नियमित समन्वय जरूरी : डीएम

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के आलोक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की।

बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, संबंधित विभागों के प्रतिनिधि, साथ ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर मतदाता सूची के अद्यतन कार्य की गहराई से समीक्षा की गई और सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। बैठक में निर्देशित किया गया कि विशेष पुनरीक्षण अवधि के दौरान बीएलओ (मतदाता सूची पदाधिकारी) एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों के द्वारा गणना प्रपत्र व अन्य आवश्यक दस्तावेजों का समुचित संकलन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही, बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) की सक्रिय सहभागिता को भी अनिवार्य बताया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि बीएलओ और बीएलए के बीच नियमित समन्वय जरूरी है। इसके लिए संयुक्त बैठकें आयोजित की जाएं ताकि दोनों स्तरों के कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनी रहे। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि बीएलए के माध्यम से प्राप्त गणना प्रपत्र व दस्तावेजों को तय समयसीमा के अंदर संबंधित कार्यालय में समर्पित किया जाए। बैठक में यह भी तय किया गया कि हर मतदान केंद्र स्तर पर बीएलए की अद्यतन नामावली तैयार रखी जाए और निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए आवश्यक तैयारी अभी से प्रारंभ कर दी जाए। बैठक के अंत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप कार्य को गति दी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो और कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए।

## वज्रपात से महिला की हुई दर्दनाक मौत, पुलिस जांच में जुटी

**औरंगाबाद(एसवीवी सं.)।** जिले के बंध्या थाना क्षेत्र अंतर्गत ददर गांव में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बंध्या थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 51 वर्षीय ननकी देवी, पति अंबिका यादव, निवासी ददर गांव, किसी घरेलू कार्य से बाहर निकली थीं। दोपहर के वक्त अचानक मौसम बदल गया और तेज बारिश के साथ गरज-चमक होने लगी। इसी दौरान एकाएक वज्रपात हुआ और उसकी चपेट में आने से ननकी देवी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बंध्या थाना अध्यक्ष अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृत्यु के संबंध में बयान दर्ज किया गया।

## सिलेंडर चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया चोर, गार्ड ने की जमकर पिटाई



निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)

कार्तिक एचपी गैस एजेंसी में लगातार हो रही सिलेंडर चोरी की गुत्थी तब सुलझी जब बुधवार की रात एक चोर को एजेंसी के गार्ड ने रंगे हाथ पकड़ लिया। चोरी के प्रयास में धरे गए युवक की पहचान मटपा टोले नोनिया बिगहा गांव निवासी रंजन कुमार के रूप में हुई है। गार्ड के अनुसार, रात करीब 12 बजे जब चोर बाउंड्री फांदकर एजेंसी में घुसा तो पहले से अलर्ट गार्ड ने उसे दबोच लिया। पकड़े जाने पर चोर ने हाथापाई की कोशिश की, लेकिन गार्ड ने उसकी जमकर पिटाई कर दी और उसे कमरे में बंद कर दिया। एजेंसी संचालक मनोज कुमार सिंह को सूचना दी गई, जिसके बाद सुबह पुलिस को बुलाकर चोर को उनके हवाले कर दिया गया। एजेंसी में पिछले 10 दिनों से सिलेंडर चोरी हो रही थी, लेकिन चोर का पता नहीं चल पा रहा था। जब सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, तो एक युवक को बाउंड्री फांदते हुए देखा गया। उसी के आधार पर गार्ड ने निगरानी बढ़ा दी थी। पकड़ा गया युवक कोई नया चोर नहीं है। छह महीने पहले भी उसने कुटुंबा के बसौरा गांव से एक ऑटो की चोरी की थी, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया था और बाद में छोड़ दिया गया था।

थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि युवक को लोगों ने पीट दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। फिलहाल उसे इलाज के लिए कुटुंबा रेफरल अस्पताल भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है। घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। इस आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## 125 यूनिट बिजली फ्री के फैसले का पूर्व सांसद ने किया स्वागत

निज संवाददाता | औरंगाबाद



भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है, जिन्होंने राज्य के 1 करोड़ 67 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त करने और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि यह कदम सीधे गरीब, मध्यम वर्ग और आम जनता को वास्तविक राहत प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि अगले तीन वर्षों में बिहार सरकार उपभोक्ताओं की सहमति से उनके घरों की छतों या सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी, जिससे राज्य ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेगा। कुटीर ज्योति योजना अंतर्गत अत्यंत निर्धन परिवारों के घरों पर आवश्यक सौर संयंत्र स्थापित करने का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी, जबकि अन्य परिवारों को भी सोलर सिस्टम लगाने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। सुशील कुमार सिंह ने बताया कि राज्य में हाल ही में पेंशन राशि को 400 से बढ़ाकर 1100 किया गया है, और अब मुफ्त बिजली की सुविधा से यह डबल इंजन वाली एनडीए सरकार की सशक्त उपलब्धि सिद्ध हुई है। उन्होंने आगामी 2025 विधानसभा चुनावों में एनडीए को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का भरोसा जताया।

यह ऐतिहासिक फैसले को लेकर औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए इसे बिहार की ऊर्जा और सामाजिक उन्नति की दिशा में एक मील का पत्थर बताया है।

## डीएम-एसपी ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण, सभी मापदंडों के अनुपालन का निर्देश

- निरीक्षण में विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रही।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




गुरूवार को जिले के निर्वाचन व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने संयुक्त रूप से प्रखंड परिसर अंतर्गत अवस्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के आलोक में किया गया, जिसके अनुसार प्रत्येक तीन माह में ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण अनिवार्य है। इसी के तहत आज का यह निरीक्षण संपन्न हुआ। निरीक्षण के क्रम में अधिकारी द्वय ने यह सुनिश्चित किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों एवं प्रक्रियाओं का अक्षरशः पालन किया जाए। सुरक्षा, भंडारण व्यवस्था और तकनीकी प्रक्रिया की सूक्ष्मता से समीक्षा की गई, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही की कोई संभावना न रहे।

निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली सहित कई मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिससे इस कार्यवाही में पारदर्शिता और विश्वास की भावना बनी रही।

उपस्थित प्रमुख प्रतिनिधियों में जनता दल (यू) से प्रखंड महासचिव रितेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय जनता दल से पंकज कुमार, भारतीय जनता पार्टी से कार्यालय प्रभारी रंजीत कुशवाहा, लोक जनशक्ति पार्टी से धनपत ठाकुर, सीपीआई (एम) से कपिल कुमार सिंह, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी से अमर उजाला और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट) से सत्येंद्र सिंह शामिल रहे।

इस निरीक्षण के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया कि चुनावी प्रक्रिया की प्रत्येक इकाई की सुरक्षा और पारदर्शिता प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी राजनीतिक दलों को पूरी जानकारी और सहभागिता का अवसर दिया जाए, जिससे लोकतंत्र की नींव और मजबूत हो सके।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, पति गिरफ्तार



निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)

महिला, अंशु कुमारी, की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार अंशु की शादी इस अप्रैल महीने में राजापुर निवासी दुर्गा बिंद से हुई थी, लेकिन शादी के कुछ ही महीनों बाद दहेज को लेकर उसे लगातार परेशान किया जाता रहा। मौत के बाद शव को फांसी के फंदे पर लटका पाया गया, जिससे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश हुई। परंतु मृतका के पिता श्रवण बिंद ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी पुत्री की गला दबाकर हत्या की गई और फिर फांसी दी गई। इस घटना को लेकर गोह थाना में कांड संख्या 235/25 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसमें पति दुर्गा बिंद और उसकी भाभी को नामजद आरोपियों के रूप में शामिल किया गया है। पुलिस ने तलाशी अभियान के बाद दुर्गा बिंद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि उसकी भाभी अभी भी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। थानाध्यक्ष मो. इरशाद ने बताया कि पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। राजापुर गांव में इस दर्दनाक घटना के बाद भारी आक्रोश व्याप्त है।

## पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय की चार मेधावी छात्राओं को केनरा बैंक ने प्रदान किया तीन-तीन हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि

- छात्राओं को निर्देश दिया गया कि इस राशि का उपयोग ड्रेस, कॉपी, किताब, पेन या प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से जुड़ी वस्तुओं पर करें।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय की चार बच्चियों को केनरा बैंक के द्वारा तीन तीन हजार की राशि प्रदान की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने बताया कि केनरा बैंक के प्रबंधक नरेंद्र देव पांडे के द्वारा सीएसआर दायित्व के अंतर्गत अनुग्रह मध्य विद्यालय की चार एससी-एसटी छात्राओं क्रमशः सलोनी कुमारी, दिव्या कुमारी, खुशबू कुमारी एवं सलोनी कुमारी को विद्या ज्योति योजना के अंतर्गत तीन तीन हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु चिन्हित किया है। बैंक से वर्ग छह, सात एवं आठ की बच्चियों को मेघा के आधार पर चिन्हित करने आए एडवांस सेल्स मैनेजर केनरा बैंक विक्रम कुमार सिंह एवं कीर्ति सिन्हा ने जानकारी दी कि कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी(सीएसआर) के तहत बैंक की ओर से प्रायः कोई न कोई व्यय सामाजिक सरोकार से संबंधित कार्य के लिए किया जाता है।

इसी क्रम में जिले के ख्यातिलब्ध पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में विद्या ज्योति स्कीम के तहत एससी-एसटी वर्ग की छात्राओं को उनके पठन-पाठन कार्य में सुविधा प्रदान करने के लिए प्रोत्साहन राशि देने का प्रबंधक के स्तर से निर्णय लिया गया है। इन छात्राओं का चयन विद्यालय के प्रधानाचार्य उदय कुमार सिंह के सहयोग से किया गया है जिसमें उनके पिछले वार्षिक परीक्षा में प्राप्त सर्वाधिक अंक को रखा गया है। विद्यालय के प्राचार्य एवं शाखा प्रबंधक ने छात्राओं से कहा कि इस राशि को अपने पढ़ाई से संबंधित जैसे ड्रेस, कॉपी, किताब, पेन या प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित किताबों की खरीद में खर्च करेंगी। उन्होंने छात्राओं को खूब मन लगाकर पढ़ने की बात भी कही। प्रोत्साहन राशि का चेक मिलने के सूचना प्राप्त कर छात्राएं गदगद हो गईं। छात्राओं ने कहा कि इस राशि को पढ़ाई के मद में खर्च करेंगे। वहीं मौके पर मौजूद विद्यालय के शिक्षिका मंजु सिंह मीना सिंह, रीता सिंह आदि ने बैंक के इस कार्य के लिए आभार प्रकट किया।

नीतीश सरकार और एनडीए की तारीफ

## 125 यूनिट मुफ्त बिजली पर भाजपा नेता गोपाल शरण सिंह ने जताया हर्ष

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद।



बिहार सरकार द्वारा राज्य के आम जनता को राहत देते हुए हर माह 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने के निर्णय का भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य गोपाल शरण सिंह ने स्वागत किया है। उन्होंने इसे गरीब और मध्यम वर्ग के लिए बड़ा राहत कदम बताते हुए सरकार को बधाई दी है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गोपाल शरण सिंह ने कहा कि यह निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के अनुरूप यह योजना राज्य की जनता को आर्थिक रूप से राहत प्रदान करेगी।

गोपाल शरण सिंह ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को हर माह 125 यूनिट बिजली मुफ्त देना न केवल आर्थिक भार को कम करेगा, बल्कि ऊर्जा की सुचारू आपूर्ति में भी सहायक सिद्ध होगा। इससे खासकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, जिनकी आय सीमित होती है। उन्होंने कहा कि इस योजना से छात्रों, किसानों, छोटे दुकानदारों और आम घरों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। यह निर्णय एनडीए सरकार की संवेदनशीलता और दूरदर्शिता का परिचायक है। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि एनडीए सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह सिर्फ सत्ता की नहीं, सेवा की सरकार है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसी जनहितकारी योजनाएं लागू कर राज्य की जनता को और अधिक लाभ दिया जाएगा।

## पथ निर्माण एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर सौंपा गया आवेदन



निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

बारुण प्रखंड के ग्राम पंचायत पौथु के मुख्य मार्ग पुनपुन नदी से होकर चिरैला हाल्ट स्टेशन तक जो सड़क है उसकी स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है।उस सड़क का निर्माण कार्य के लिए ग्राम पंचायत पौथु के पूर्व मुखिया संजीव द्विवेदी ने ग्रामीण विकास कार्य मंत्री के नाम से प्रेषित एक आवेदन जदयू के वरीय नेता,महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह को सुपुर्द की है। नबीनगर विधानसभा के विभिन्न पंचायत के परिभ्रमण के क्रम में जब वे पौथु पहुंचे तो सड़क की स्थिति देखकर काफी दुखी हुए और संज्ञान लेते हुए पूर्व मुखिया एवं ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन पत्र तैयार करवा कर त्वरित कार्रवाई के माध्यम से ग्रामीण विकास कार्य के अधिकारियों से वार्ता की और सड़क के निर्माण के लिए आश्वासन दिया।

एक अन्य मांग में कोरोना काल से धनबाद गया सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव बंद किया गया था उसे पुनः चालू कराने के लिए भी उन्हें आवेदन दिया। दोनों ही मांगों को संज्ञान लेते हुए संजीव कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि उच्चाधिकारियों से वार्ता कर दोनों ही मांगों को जल्द पूरा किया जाएगा।

## आज पौथु गांव में मां वैष्णवी दुर्गा महाआरती का आयोजन

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)



बारुण प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पौथु स्थित ऐतिहासिक मां वैष्णवी दुर्गा मंदिर में इस वर्ष सावन मास की कृष्ण पक्ष अष्टमी के शुभ अवसर पर एक विशेष महाआरती का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक कार्यक्रम 18 जुलाई को होगा, जिसका आयोजन मां वैष्णवी दुर्गा महोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है।

इस आशय की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष एवं पौथु के पूर्व मुखिया संजीव द्विवेदी तथा मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि यह महाआरती योग्य आचार्यों के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि-विधान से संपन्न की जाएगी। मंदिर परिसर को सजाने-संवारने का कार्य शुरू हो चुका है और ग्रामीणों में इस आयोजन को लेकर काफी उत्साह है।

समिति ने बताया कि मां वैष्णवी दुर्गा मंदिर केवल एक पूजा स्थल ही नहीं, बल्कि शक्ति उपासना का अद्भुत और अद्वितीय केंद्र भी है। यहां पर विश्वविख्यात संत त्रिदंडी स्वामी जी महाराज कई बार आकर अपनी साधना कर चुके हैं, जिससे इस स्थल की पवित्रता और महत्व और अधिक बढ़ गया है।

## बारिश से जगह-जगह जलजमाव, किसानों में हर्ष

- बुढ़वा महादेव मंदिर, कन्या मध्य विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र में भी पानी जमा, बच्चों और महिलाओं को परेशानी।

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)



। हसपुरा प्रखंड में पिछले तीन-चार दिनों से हो रही रुक-रुक कर और कभी तेज बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर जल-जमाव की गंभीर समस्या से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हसपुरा हाई स्कूल का बड़ा खेल मैदान, ब्लॉक परिसर, बस स्टैंड, पोस्ट ऑफिस रोड, पुरानी थाना रोड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत दर्जनों जगहों पर बारिश का पानी भर जाने से तालाब जैसी स्थिति बन गई है। खासकर वे युवा, जो होमगार्ड, पुलिस या अन्य विभागीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रतिदिन सुबह-शाम मैदान में दौड़ लगाने या अभ्यास करने आते थे, उन्हें कीचड़ और पानी से जूझना पड़ रहा है। फुटबॉल खिलाड़ी और सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाले लोग भी इससे परेशान हैं।

पुरानी थाना रोड पर हाल और भी बदतर है। यहां नाली का पानी सड़क पर फैला है और गड्ढे इस कदर भरे हैं कि सड़क और गड्ढे में फर्क कर पाना मुश्किल हो गया है। बारिश के पानी और गंदे नाले का पानी मिलकर दुर्गंध और संक्रमण का खतरा पैदा कर रहे हैं। श्री भास्कर नगर स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर, कन्या मध्य विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र के आसपास भी पानी का भारी जमाव है, जिससे बच्चों और पूजन के लिए आने वाली महिलाओं को भी खासी दिक्कत हो रही है।

एस. जलजा मार्केट और चांदनी चौक से टावर तक की मुख्य सड़क भी पानी में डूबी है। नाली जाम होने और नाली की सफाई समय पर न होने से कीचड़ सड़क पर बह रहा है। दुर्गा स्थान से चांदनी चौक तक की नाली भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। स्कूल और कोचिंग जाने वाले छात्र-छात्राएं साइकिल व पैदल जाने के क्रम में बार-बार फिसलकर गिर जा रहे हैं और उनके कपड़े कीचड़ से लथपथ हो जा रहे हैं।

इधर, बारिश की वजह से जहां एक ओर शहर और गांव के लोग जलजमाव से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर किसानों के चेहरे खुशियों से खिल उठे हैं। रुक-रुक कर हो रही बारिश ने सूखते हुए बिचड़ों को जीवनदान दिया है। नंदन यादव, वीरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र सिंह, यमुना सिंह, गिरजा सिंह, राम एकबाल सिंह समेत दर्जनों किसानों का कहना है कि बारिश से खेतों में हलचल लौट आई है और अब बिहन व रोपनी का कार्य शुरू हो चुका है। यदि मौसम इसी तरह सहयोग करता रहा तो इस साल अच्छी फसल की उम्मीद है। हालांकि, आमजनों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द नालियों की सफाई और जलनिकासी की व्यवस्था करे, ताकि बच्चों, महिलाओं, मरीजों व ग्रामीणों को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।